सूर्योदय 6:33 सूर्यास्त 5:35

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.6 न्यू | 19.8 अधि |
| धर्मशाला | 12.8 न्यू | 27.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,628.16 |
| निफ्टी | 25,936.20 |

सोना 1,18,043 चांदी 1,41,896

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 29 अक्तूबर 2025 | 14 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 301, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



SATYAM COLLEGE OF NURSING
Approved by H.P. Govt., Affiliated to Atal Medical University Nerchowk Mandi, HPNRC Shimla , Recognition by Indian Nursing Council (INC) New Delhi (13030)
ADMISSION OPEN
*State & Management Quota Seats Available
B.SC. NURSING Eligibility 12th Medical (With 45%) Duration: 4 Yrs.
GNM (General Nursing & Midwifery) Duration: 3 Yrs., Eligibility: 12th Any Stream
Limited Seats Left
First Come First Serve
SATYAM INSTITUTION OF VETERINARY PHARMACISTS
Institution is Affiliated to: SARWAN KUMAR AGRICULTURE UNIVERSITY PALAMPUR
Eligibilty 10+2 with 55% Marks, Post Basic Nursing, Qualification GNM
Vill. Lanjot, P.O. Basnoor, Tehsil Shahpur,Distt. Kangra (H.P.) 176208, Contact: 98162-87750, 94597-17205, 98712-38829



SRI SAI GROUP INSTITUTES
Transforming Dreams into Reality
B.Tech (AI & ML) with IBM
Innovation Centre for Education
PATHANKOT-PUNJAB
www.srisaigroup.in
84271 84271, 9417050602


# केंद्रीय कर्मियों की बल्ले-बल्ले, 8वें वेतन आयोग को कैबिनेट की मंजूरी

## 50 लाख से अधिक कर्मचारियों और 69 लाख से ज्यादा पेंशनभोगियों को होगा फायदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से केंद्र सरकार के 50 लाख से अधिक कर्मचारियों और 69 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को फायदा होगा। आठवां वेतन आयोग अपने गठन से 18 महीने के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।

मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट में हुए फैसलों की ब्रीफिंग देते हुए अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 8वें वेतन आयोग के एक जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना है। वैष्णव ने कहा कि विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों और ज्वॉइंट कंसल्टीव मशीनरी के कर्मचारी पक्ष के साथ परामर्श के बाद संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप दिया गया है। बता दें कि फरवरी 2014 में 7वें वेतन आयोग का गठन हुआ था और एक जनवरी 2016 से उसकी सिफारिशें लागू की गई थीं। न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई को 8वें वेतन आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि आईआईएम बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन को सदस्य नियुक्त किया गया है। वैसे तो 8वें वेतन आयोग के आने के बाद सरकारी कर्मचारियों की सैलरी कितनी बढ़ेगी, इसका कोई आधिकारिक डेटा तो नहीं आया है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि सैलरी में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। (अनंत ज्ञान)




### हर 10 साल में होता है वेतन आयोग का गठन

**केंद्र** सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के वेतन में संशोधन के लिए हर 10 साल में वेतन आयोग का गठन किया जाता है। केंद्र सरकार ने जुलाई में संसद को बताया था कि 8वें वेतन आयोग के गठन पर रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और राज्यों सहित प्रमुख हितधारकों से सुझाव मांगे थे। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने तब कहा था कि वेतन आयोग की सिफारिशों को सरकार द्वारा स्वीकार जाने के बाद इसे लागू किया जाएगा।

### सस्ती मिलेगी खाद

**केंद्रीय** कैबिनेट ने फर्टिलाइजर डिपार्टमेंट के एक प्रपोजल को भी मंजूरी दी। सरकार ने रबी सीजन के लिए फॉस्फेटिक और पोटासिक फर्टिलाइजर के लिए न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी रेट तय किए हैं। इसमें बताया गया कि रबी सीजन के लिए अनुमानित बजट की जरूरत लगभग 37,952.29 करोड़ रुपए होगी। इससे किसानों को अब सस्ती कीमतों पर खाद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मौजूदा रबी सीजन के लिए नाइट्रोजन (एन) पर 43.02 रुपए प्रति किलोग्राम, फास्फोरस (पी) पर 47.96 रुपए प्रति किलोग्राम, पोटाश (के) पर 2.38 रुपए प्रति किलोग्राम और सल्फर (एस) पर 2.87 रुपए प्रति किलोग्राम की सब्सिडी दर को मंजूरी दी। सब्सिडी की दरें एक अक्तूबर से लागू होंगी।

# सीबीएसई स्कूलों के अध्यापकों का बनेगा अलग कैडर : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के ममलीग में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए ममलीग उप-तहसील को स्तरोन्नत कर तहसील बनाने की घोषणा की। इसके साथ ममलीग में लोक निर्माण विभाग का उपमंडल खोलने तथा स्कूल की छत्त के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इसके अतिरिक्त उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 50 हजार रुपए देने का भी ऐलान किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशभर में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन कर रही है और पारदर्शिता के लिए माई डीड परियोजना आरंभ की गई है, जिससे भूमि की रजिस्ट्री के लिए आम लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में देशभर में 21वें स्थान पर था, जबकि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से गुणात्मक सुधार आया और आज हिमाचल प्रदेश 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए प्रथम चरण में प्रदेश में 100 स्कूल सीबीएसई आधारित बनाए जा रहे हैं, जिनमें राज्य सरकार सभी विषयों के अध्यापक नियुक्त किए जाएंगे और अध्यापकों का अलग कैडर होगा। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए अलग ड्रेस कोड होगा। सुक्खू ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ती के साथ-साथ आधुनिक मशीनें स्थापित की जा रही हैं। वर्तमान सरकार एम्स दिल्ली की तर्ज पर प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी पर तीन हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश को कर्ज चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ रहा है। इससे पूर्व सायरी पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने मुख्यमंत्री सुक्खू का स्वागत किया।



सोलन जिले के सायरी पहुंचने पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत करते लोग।

### ममलीग उप-तहसील को तहसील बनाने की घोषणा

## न्यूज शॉर्ट्स

### प्रशांत किशोर के बिहार और बंगाल की वोटर लिस्ट में नाम

**एजेंसी, कोलकाता।** चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर का नाम बिहार और पश्चिम बंगाल दोनों की मतदाता सूची में दर्ज पाया गया है। एक निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल में उनका पता कोलकाता के 121, कालीघाट रोड पर दर्ज है, जो तृणमूल कांग्रेस मुख्यालय और भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में आता है। इसी क्षेत्र से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विधायक हैं। अधिकारी ने बताया कि किशोर का मतदान केंद्र सेंट हेलेन स्कूल, बी रानीशंकरी लेन में सूचीबद्ध है। वहीं, प्रशांत को इस मामले में इलेक्शन कमिशन ने नोटिस जारी कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### गैंगस्टर जगदीप सिंह उर्फ जग्गा अमेरिका में गिरफ्तार

**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान और पंजाब में कई मामलों में वांछित कुख्यात गैंगस्टर जगदीप सिंह उर्फ जग्गा को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर कार्रवाई की गई। जग्गा पर अपहरण, जबरन वसूली समेत कई गंभीर आरोप हैं और उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी था। वह लॉरेंस बिश्नोई का करीबी और रोहित गोदारा गिरोह से जुड़ा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### तुर्की और पूर्वी नेपाल में लगे भूकंप के झटके

**एजेंसी, इस्तांबुल/काठमांडू।** तुर्की के पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में सोमवार देर रात 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें दहशत के कारण 19 लोग घायल हो गए। कई लोग इमारतों से कूद पड़े। अधिकारियों के अनुसार, तीन खाली इमारतें और एक दुकान ढह गईं, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। लोगों ने रात खुले में बिताई। वहीं, पूर्वी नेपाल के कोशी प्रांत के संखुवासभा जिले में मंगलवार को 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिक्षा गुणवत्ता व सहयोग की दिशा में सार्थक पहल पेज 2
- केंद्र-प्रदेश सरकार ने बढ़ाया किसानों का बोझ -पेज 6
- इंदिरा मार्केट से अनधिकृत स्टोर व गोदाम करें खाली -पेज 9
- युवाओं में सेवा भावना और आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा -पेज 10
- निगम प्रशासन की चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण से अटा बाजार -पेज 12


# नियमित की जगह कार्यवाहक अधिकारियों की नियुक्तियों पर राज्यपाल ने लिया संज्ञान

## मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट, प्रशासनिक व्यवस्था पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में नियमित अधिकारियों की जगह कार्यवाहक अधिकारियों की नियुक्तियों पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गंभीर संज्ञान लिया है। उन्होंने इस मामले में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर रिपोर्ट तलब की है। बताया जा रहा है कि राज्यपाल को इस संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें प्रदेश में उच्च पदों पर कार्यवाहक अधिकारियों की तैनाती को लेकर सवाल उठाए गए हैं।



प्रदेश में पहली बार ऐसा हुआ है, जब मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और प्रधान मुख्य वन अरण्यपाल तीनों पदों पर गैर-नियमित अधिकारी कार्यरत हैं। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में भी सदस्य सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता प्रतिनियुक्ति आधार पर कार्यभार संभाल रहे हैं। सरकार ने मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और पुलिस महानिदेशक डॉक्टर अतुल वर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद क्रमशः संजय गुप्ता और अशोक तिवारी को कार्यवाहक के रूप में जिम्मेदारी दी है, जबकि वन विभाग में भी दो बार अतिरिक्त कार्यभार दिया जा चुका है।

सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दीपक सानन ने इसे प्रशासनिक दृष्टि से असामान्य बताया है। अब यह मामला राजभवन पहुंचने के बाद सरकार से जवाब मांगा गया है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल और गहराए हैं।

# महिला शिक्षक ने कांटेदार झाड़ी से की बच्चे की पिटाई, सस्पेंड

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** शिमला जिले के उपमंडल रोहड़ू की प्राथमिक पाठशाला गांवणा में महिला शिक्षक द्वारा पांचवीं कक्षा के एक छात्र की कमीज उतारकर कांटेदार झाड़ी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने महिला शिक्षक को तत्काल निलंबित कर दिया है। घटना करीब चार महीने पुरानी बताई जा रही है। पिटाई का वीडियो जुलाई में अध्यापिका ने खुद अपने मोबाइल से बनाया। वीडियो में दिखाई दे रहा कि महिला शिक्षक बिना कमीज के खड़े बच्चे की कंटीली झाड़ी से पिटाई कर रही है। साथ ही बच्चे से पैंट उतारने को भी कह रही है, लेकिन बच्चा रोते हुए माफी मांग रहा है। वीडियो में कुर्सी पर बैठा व्यक्ति छात्र का पिता बताया जा रहा है।



# जयपुर : हाईटेंशन लाइन से बस में लगी आग; 2 की मौत, 10 झुलसे

**एजेंसी, जयपुर**

जयपुर में मंगलवार को एक बस हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। बस में करंट आ गया, जिसके बाद आग लग गई। हादसे में उत्तर प्रदेश के रहने वाले 2 लोगों की मौत हो गई, 10 मजदूर झुलस गए। बस के ऊपर सिलेंडर भी थे, जिनमें से एक में विस्फोट हुआ है। मामला जयपुर शहर से 50 किलोमीटर दूर मनोहरपुर इलाके का है। जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने बताया कि 65 मजदूरों को टोडी स्थित ईंट भट्टे पर लाया जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। इसमें गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को जयपुर रेफर किया गया है। देश में बीते 14 दिनों में बस में आग की यह 5वीं घटना है। (अनंत ज्ञान)



### दिल्ली एयरपोर्ट पर भी बस में आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर मंगलवार दोपहर एयर इंडिया के विमान से कुछ मीटर दूर खड़ी एक बस में अचानक आग लग गई। यह बस एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की थी, जो कई एयरलाइंस के लिए ग्राउंड सर्विस देती है। आग लगने के समय बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था।

# हिमाचल पुलिस की बी-1 परीक्षा अब 9 नवंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग की बी-1 ऑनलाइन पदोन्नति परीक्षा अब 9 नवंबर को आयोजित की जाएगी। 26 अक्तूबर को तकनीकी गड़बड़ी और साइट क्रैश होने के कारण यह परीक्षा स्थगित करनी पड़ी थी। पुलिस मुख्यालय ने परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड को सभी तकनीकी तैयारियां पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने बताया कि परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित होगी। सुबह की शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। सभी पुलिस कार्यालयों, स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो आदि को तैयारियां पूरी करने को कहा गया है।

# देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा सर्विस सेक्टर : नीति आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीति आयोग के अनुसार, सर्विस सेक्टर देश के कुल ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में लगभग 55 प्रतिशत योगदान देकर भारत की आर्थिक वृद्धि का मुख्य आधार बन गया है। आयोग की प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. सोनिया पंत ने बताया कि नीति आयोग में नया सर्विसेज डिविजन बनाया गया है, जो इस सेक्टर के विकास पर केंद्रित है।

डिविजन ने दो रिपोर्टें तैयार की हैं, 'इंडियाज सर्विसेज सेक्टर और 'इंडियाज सर्विसेज सेक्टर। इन रिपोर्टों में आउटपुट, रोजगार और सेक्टरल डाइनैमिक्स का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्टों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, स्किल्ड ह्यूमन कैपिटल विकसित करने और इनोवेशन इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया गया है, ताकि भारत को डिजिटल, प्रोफेशनल और नॉलेज-बेस्ड सर्विसेज में वैश्विक नेतृत्व की स्थिति मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में प्रदूषण से मुक्ति को बनाए कृत्रिम बादल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल मंगलवार को हुआ। पहला टेस्ट 23 अक्तूबर को हुआ था। दिवाली के बाद से लगातार एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। राजधानी की हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब' बनी हुई है। इसके लिए कानपुर से स्पेशल विमान 'सेसना' ने उड़ान भरी थी। विमान ने खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार इलाके में 6 हजार फुट की ऊंचाई पर बादलों में दोपहर 2 बजे केमिकल छिड़का। आईआईटी कानपुर और दिल्ली सरकार ने दावा किया था कि ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है, लेकिन बारिश शाम तक भी नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)



# सुप्रीम कोर्ट बोला- डॉक्टर्स का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोविड-19 के दौरान जान गंवाने वाले प्राइवेट डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सरकारी बीमा योजना का लाभ देने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अगर न्यायपालिका डॉक्टरों का ध्यान नहीं रखेगी और उनके साथ खड़ी नहीं होगी, तो समाज हमें कभी माफ नहीं करेगा।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियां वैध दावों का भुगतान करें।

मामला प्रदीप अरोड़ा और अन्य लोगों की याचिका से जुड़ा है। इसमें बॉम्बे हाईकोर्ट के 9 मार्च 2021 के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों के डॉक्टर या स्टाफ को इंश्योरेंस का लाभ तभी मिलेगा, जब सरकार ने उनकी सेवाएं आधिकारिक रूप से मांगी हों। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल के कारीगर ऑनलाइन बेच सकेंगे अपने उत्पाद

## लघु एवं सूक्षम उद्योग मंत्रालय ने 18 श्रेणियों को ऑनलाइन ऐप से जोड़ा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

आत्मनिर्भर भारत अभियान को सुदृढ़ करने के लिए केंद्रीय लघु एवं सूक्षम उद्योग मंत्रालय ने हिमाचल के 18 श्रेणियों के कारीगरों और शिल्पकारों को ऑनलाइन ऐप से पंजीकृत किया है। इसके तहत इन श्रेणियों के उत्पादों को अब ऑनलाइन बेचा जा सकेगा।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय ने ऑनलाइन ऐप मीशो के साथ करार किया है। सरकार की यह पहल पुश्तैनी तौर पर कार्य रहे शिल्पकारों और कारीगरों के लिए वरदान साबित होगी। मंत्रालय की ओर से योजना से जुड़े लाभार्थियों के रोजगार को बढ़ाने के लिए नई पहल की है। खास बात यह है कि योजना से जुड़े लघु उद्यमी देश के किसी भी कोने में हस्तनिर्मित सामान को भेज सकेंगे। पीएम विश्वकर्मा योजना में बढ़ई, बुनकर, मूर्तिकार समेत 18 श्रेणियों के कारीगरों और शिल्पकारों के हाथ से निर्मित उत्पाद की खरीदारी अब ऑनलाइन की जा सकेगी। ई-व्यापार को बढ़ावा देने और आय में वृद्धि करने के लिए योजना के तहत पंजीकृत कारीगरों और शिल्पकारों को ऑनलाइन एप से जोड़ा जा रहा है। पीएम विश्वकर्मा योजना में बढ़ई, नाव निर्माता, अस्त्रकार, लोहार, हथोड़ा और टूल किट बनाने वाले, मरम्मतकार, मूर्तिकार आदि योजना में शामिल हैं।

प्रदेशभर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत अभी तक 19,700 लोगों का चयन किया गया है। ये स्वरोजगार शुरू करेंगे। इसके लिए विभाग ने पात्र लोगों का चयन कर लिया है। तीन स्तरीय जांच के बाद व्यक्ति को पात्रता दी गई है। स्वरोजगार की शुरुआत के लिए एक लाख रुपए तक की सहायता दी है।



शिल्पकारों द्वारा तैयार उत्पाद।

> **सूक्ष्म,** लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय की पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़े कारीगर और शिल्पकार को ऑनलाइन व्यापार से जोड़ा जा रहा है। इन्हें मीशो ऐप के माध्यम से सामान को बेचने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।
>
> **-एके गौतम, सहायक निदेशक, एमएसएमई (डीएफओ) सोलन**

**समझौता** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स ने रूसी कंपनी से किया एमओयू, उड़ान स्कीम के लिए हो सकता है गेम चेंजर

# अब भारत में बनेंगे रूस के सिविल एयरक्राफ्ट एसजे-100

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रूस केएसजे-100 सिविल कंयूटर एयरक्राफ्ट अब भारत में भी बनेंगे। इसके लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन के साथ एक एमओयू साइन किया है। ये छोटे शहरों को हवाई कनेक्टिविटी देने वाली उड़ान स्कीम के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है।

यह एमओयू 28 अक्तूबर को मॉस्को में साइन हुआ है। एचएएल के प्रभात रंजन और पीजेएससी-यूएसी के ओलेग बोगोमोलोव ने इसे साइन किया। एचएएल के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील और पीजेएससी-यूएसी के डायरेक्टर जनरल वादिम बदेका की मौजूदगी में ये हुआ। (अनंत ज्ञान)




### एसजे-100 की स्पेसिफिकेशन

**एएसजे-100** एक डबल इंजन वाला विमान है। इस विमान का इस्तेमाल मुख्य रूप से कमर्शियल उद्देश्यों के लिए किया जाता है। यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन ने ऐसे 200 से अधिक विमानों का निर्माण किया है। इन विमानों का इस्तेमाल 16 कमर्शियल एयरलाइन ऑपरेटरों द्वारा किया जाता है। एलएएल ने कहा कि एसजजे-100 भारत की उड़ान योजना के तहत छोटी दूरी की कनेक्टिविटी के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव साबित होगा। 2016 में शुरू की गई उड़ान योजना, नागरिक उड्डयन मंत्रालय का भारत में हवाई मार्ग से क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने का लक्ष्य है।

### 200 से अधिक यूनिट का हो चुका है उत्पादन

**एसजे-100** दो इंजन वाला एयरक्राफ्ट है। इस एयक्राफ्ट का बॉडी पताला होगा। मौजूदा समय में दुनियाभर में 16 कॉमर्शियल एयरलाइन इसका उपयोग कर रही हैं। अब तक 200 यूनिट एसजे-100 एयरक्राफ्ट का उत्पादन किया जा चुका है। बता दें, यह पार्टनरशिप दर्शाती है कि भारत और रूस का सिविल एविएशन सेक्टर तेजी के साथ एक दूसरे के करीब आ रहा है। इसका फायदा भारतीय कंपनियों को मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### विकलांग मोहन व अंधी पत्नी को सहारे की जरूरत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा ने अमन मनियारी जनरल स्टोर हमीरपुर के सहयोग से मोहन को बैसाखियां उपलब्ध कराई। मोहन रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन के बाद पैरों पर खड़ा नहीं हो पा रहा है। वह उत्तर प्रदेश के आगरा का मूल निवासी है और लगभग 30 वर्षों से अपनी अंधी पत्नी के साथ हमीरपुर में क्वार्टर लेकर रह रहा है। ऑपरेशन से पहले मोहन अपनी पत्नी के साथ शनिवार वाले दिन लंबलू के शनि मंदिर में जाकर घर लौटते थे। अब उनकी चलने-फिरने की क्षमता सीमित होने के कारण दैनिक जीवन और दो जून की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है। समाजसेवी संस्था पहले से ही उनकी सहायता करती आ रही है। दानी सजनों से अनुरोध है कि वे मानवता के नाते इस दंपति को समय-समय पर किचन का सामान उपलब्ध कराएं, ताकि भूख और जरूरतमंद जीवन की कठिन परिस्थितियों से उनका जीवन सुरक्षित रहे और उन्हें मृत्यु की खतरनाक स्थिति का सामना न करना पड़े।

### अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इस वर्ष 27 अक्तूबर से 2 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत मंगलवार को मट्टन सिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अजय कतना ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और संस्थान की प्रशिक्षुओं को अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने तथा भ्रष्टाचार का विरोध करने की शपथ दिलाई। अजय कतना ने बताया कि इस वर्ष के सतर्कता जागरुकता सप्ताह का विषय 'सतर्कतारू हमारी साझा जिम्मेदारी' निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त करने के लिए हर नागरिक को अपना योगदान देना चाहिए।

### क्रिकेट स्पर्धा के तीसरे दिन नादौन कॉलेज की जीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर और विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य रत्न चंद ने कार्यक्रम में शिरकत की। डॉ. विभा ठाकुर ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी ऊर्जा और दृढ़ता प्रदान करते हैं, जिससे समाज का समग्र विकास संभव होता है। इसके बाद सभी गणमान्य अतिथियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के साथ परिचय किया और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। तीसरे दिन के पहले मैच में राजकीय महाविद्यालय नादौन ने राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर को 7 रनों से हराकर जीत दर्ज की। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल, शारीरिक विभाग के आचार्य प्रो. संदीप शर्मा और प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. अरविंद, डॉ. राजीव, प्रो. शशि एवं प्रो. साहिल शर्मा उपस्थित रहे।

### बाबा बालकनाथ कॉलेज ने बिझड़ी स्कूल लिया गोद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाबा बालकनाथ महाविद्यालय चकमोह और पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी के बीच मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अंतर्गत बाबा बालक नाथ महाविद्यालय ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी को गोद लिया। इस ज्ञापन का उद्देश्य शैक्षणिक, खेल, संस्कृत पाठयोतर और सह पाठ्यचर्या संबंधी हितों में सहयोग हेतु एक सहकारी ढांचा स्थापित करना है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थी तथा स्टाफ सदस्य एक दूसरी संस्था के संसाधनों व विचारों का सांझा प्रयोग कर सकेंगे। इस समझौता ज्ञापन के बाद महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ अभिशियंत ने विद्यालय के विद्यार्थियों का भविष्य में करियर चुनने की संभावनाओं के संदर्भ में मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय की तरफ से प्राचार्य डॉ नरेश कुमार ठाकुर वह विद्यालय की तरफ से प्राचार्य देवेंद्र कुमार ने महाविद्यालय के प्रवक्ता भौतिक विज्ञान मनोहर लाल शर्मा व प्रवक्ता जीव विज्ञान डॉ विशाल शर्मा और विद्यालय की तरफ से प्रवक्ता संजय कुमार व सुमन सैंडल की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए।

### किशोरावस्था में स्वास्थ्य व स्वच्छता महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ बगेहड़ा में मंगलवार को किशोरावस्था दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थानीय सरकारी विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों को किशोरावस्था से जुड़ी स्वास्थ्य, स्वच्छता व जीवनशैली संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम की अगुवाई डॉ. सुरेंद सिंह डोगरा ने की। उनके साथ सुपरवाइजर रविंद्रा देवी, सीएचओ इंदु, एफएचडब्ल्यू रुचि राणा, आशा वर्कर सीमा व रंजना, तथा स्वास्थ्य विभाग के सदस्य सौरभ ठाकुर भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदिता शर्मा के नेतृत्व में इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने किशोरावस्था के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का उद्देश्य था, किशोरों को यह समझाना कि यह उम्र जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर है, जिसमें सही दिशा, संतुलित आहार, स्वच्छता और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक होती है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### एचपीटीयू खेल महोत्सव का शुभारंभ आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की ओर से तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस खेल महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें कबड्डी, बैडमिंटन, कैरम बोर्ड, जूडो, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस और पिकलबॉल जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन 29 अक्टूबर को भव्य रूप से किया जाएगा, जबकि 31 अक्टूबर को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय खेल महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क और शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देना है। कॉलेज प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### भोरंज खंड की पंचायतों का निरीक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस व मॉडल विलेज को जांचने के लिए भोरंज खंड की पंचायतों का निरीक्षण मंगलवार को शुरू हो गया। विकासखंड की विभिन्न पंचायतों का निरीक्षण विकास खंड बमसन की टीम कर रही है। जिसमें एसईबीपीओ रवि कुमार, कनिष्ठ अभियंता जगजीत सिंह, खंड समन्वयक सुजय कटोच व प्रधान रविंद्र ठाकुर शामिल रहे। निरीक्षण आगामी 10 दिनों तक जारी रहेगा। सोमवार को टीम ने भोरंज खंड की अमरोह, भुक्कड़ कक्कड़ और गरसाहड़ पंचायतों का निरीक्षण किया। स्वच्छ भारत मिशन के बमसन के खंड समन्वयक सुजय कटोच ने बताया कि भोरंज खंड की विभिन्न पंचायतों के लगभग 217 गांव का निरीक्षण किया जाएगा तथा इसमें स्वच्छता को परखा जाएगा।

### आनंद को सोशल मीडिया विभाग में जिम्मेदारी

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** प्रदेश भाजपा ने आनंद ठाकुर को दूसरी बार हिमाचल प्रदेश के सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा, जिससे युवा वर्ग में खुशी की लहर दौड़ गई। आनंद ठाकुर



ने कहा कि यह न केवल सम्मान का क्षण है, बल्कि संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और दृढ़ करने वाला अवसर भी है। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व-नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सांसद अनुराग ठाकुर, महामंत्री डॉ. सिकंदर, सोशल मीडिया प्रभारी चेतन बरागटा और संयोजक सुशील राठौर सहित सभी कार्यकर्ताओं-का आभार व्यक्त किया। आनंद ठाकुर ने संकल्प जताया कि वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ पार्टी को और मजबूत बनाएंगे तथा राष्ट्रवादी विचारधारा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

### स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता को प्राथमिकता दी। दिन की शुरुआत उत्साहपूर्ण प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी नारे लगाकर स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके बाद उन्होंने गायत्री मंदिर एवं मां टौणी देवी मंदिर परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया, मंदिर प्रांगण, सीढ़ियों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी रीता बरेच ने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए बताया कि ऐसे कार्य विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग और व्यक्तित्व निर्माण की भावना विकसित करते हैं।

# करियर प्वाइंट विवि के 3 प्रोफेसर विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल

## डॉ. अजय शर्मा और डॉ. नवीन ठाकुर को 2025 की सूची में मिली जगह

- डॉ. राहुल 2024 में पहले ही सूची में हो चुके हैं शामिल
- उपलब्धि विवि की शोध उत्कृष्टता और भारत की वैज्ञानिक प्रगति का प्रमाण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के तीन प्रोफेसर विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुए हैं। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर के लिए गर्व का विषय है।

विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. अजय शर्मा व डा. नवीन ठाकुर को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (अमेरिका) द्वारा जारी की गई वर्ष 2025 की विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। यह सूची स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एलसीवियर द्वारा प्रतिवर्ष जारी की जाती है, जिसमें विश्व भर के वैज्ञानिकों का चयन उनके शोध कार्य, प्रभाव और गुणवत्ता के आधार पर किया जाता है। डॉ. राहुल शर्मा एसोसिएट प्रो



कुलपति डॉ. संजीव ने डॉ. अजय शर्मा और डॉ. नवीन ठाकुर को सम्मानित किया।

केमिस्ट्री विभाग, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी की गई शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिक सूची में वर्ष 2024 में शामिल हो गए थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि यह सम्मान व सफलता इन तीन प्रोफेसरों की मेहनत है और साथ में करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय की शोध उत्कृष्टता का प्रमाण भी है। प्रोफेसरों की यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण भी है कि करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय उच्च-स्तरीय अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर समर्पित है। यह सम्मान उनके अथक परिश्रम और उत्कृष्ट वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिणाम है। भारतीय वैज्ञानिकों की यह उपलब्धि भारत की बढ़ती वैज्ञानिक क्षमता, अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार की दिशा में निरंतर प्रगति को रेखांकित करती है। विवि के कुलपति ने प्रोफेसरों की इस उपलब्धि पर उनको सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

# एनएच-03 पर बारीं मंदिर के पास कार हादसा, बाल-बाल बचा चालक



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एनएच-03 पर बारीं मंदिर के समीप मंगलवार सुबह एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। हादसे में चालक सुरक्षित है, जबकि बड़ी अनहोनी टल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार हमीरपुर की ओर से झनिक्कर की तरफ जा रही थी कि अचानक मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से कार सड़क से फिसलकर नीचे की ओर लुढ़क गई। हादसा होने के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थानीय लोगों की सूझबूझ और समय रहते की गई मदद से एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और वाहन को सड़क से हटवाया। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थान पर सड़क किनारे पैरापिट दीवार की कमी और तीखे मोड़ के कारण पहले भी दुर्घटनाएं हो चुकी है। लोगों ने प्रशासन से यहां सुरक्षा दीवार और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

# कृत्रिम तालाब और पारंपरिक विधियों के साथ श्रद्धालुओं ने की सूर्य उपासना



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला के छोटे से गांव झनिक्कर में मंगलवार सुबह पहली बार सार्वजनिक रूप से छठ पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रवासी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अनूठे आयोजन में अपने गांव से बाहर सांस्कृतिक एकजुटता और परंपराओं के प्रति नई ऊर्जा देखने को मिली। पानी की कमी को लेकर कृत्रिम तालाब बनाकर छठ पूजा में महिलाओं व पुरुषों ने पारंपरिक व्रत, प्रसाद के साथ सूर्य देवता की उपासना की। आयोजन की शुरुआत अरघ्य देने से पहले संध्या व्रत और सांझ के गीतों के साथ हुई व प्रात:कालीन अरघ्य के समय नहा-धोकर बने पवित्र स्थान पर भक्तों की भीड़ उमड़ी। आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी की भागीदारी रही। आयोजन के मुख्य संयोजक विजय कुमार यादव ने बताया कियह हमारा पहला सार्वजनिक छठ आयोजन है। हमारा उद्देश्य इस पवित्र परंपरा को गांव में परिचित कराना और सभी को जोड़ना था।

महिला ने कहा हमने अपने शहर से दूर होने के बावजूद अपनी अगली पीढ़ी को यह परंपरा दिखाने का फैसला किया। आज का अनुभव बेहद भावुक कर देने वाला था। रघुनाथ, दिनेश, गरीबदास ने आयोजन की सराहना की व कहा कि भविष्य में इसे व व्यवस्थित रूप देकर बड़ा आयोजन बनाया जाएगा। पूजा स्थल पर साफ-सफाई और पंडाल की व्यवस्था मिलकर की गई। प्रसाद में अरवा-गुड़, फल, ठेकुआ और स्थानीय पकवान परोसे गए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर अब टीसीपी की अनुमति जरूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम 1977 के तहत अधिसूचित योजना क्षेत्रों और विशेष क्षेत्रों में किसी भी निर्माण कार्य के लिए नगर एवं ग्राम योजना (टीसीपी) विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य होती है। अब इन क्षेत्रों से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 वर्ग मीटर से अधिक के एरिया वाले प्लॉट पर निर्माण के लिए भी टीसीपी विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। टीसीपी अधिनियम 1977 में यह महत्वपूर्ण संशोधन इसी वर्ष एक अगस्त से लागू कर दिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि अधिसूचित क्षेत्रों से बाहर के ग्रामीण क्षेत्रों में अगर कोई व्यक्ति 1000 वर्ग मीटर से अधिक के प्लॉट पर निर्माण करना चाहता है तो उसे भी नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम 1977 के तहत विभाग की अनुमति लेनी होगी। ऐसे बड़े निर्माण कार्यों पर टीसीपी एक्ट के विभिन्न प्रावधान लागू होंगे। उपायुक्त ने जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के बड़े निर्माण करवाने वाले लोगों से अपील की है कि वे विभाग की अनुमति अवश्य लें, ताकि उन्हें बाद में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित निर्माण कार्यों में इसकी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# सुजानपुर क्षेत्र का विकास कांग्रेस की देन भाजपा का योगदान नगण्य: राजिंद्र वर्मा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



**सुजानपुर** से कांग्रेस नेता राजिंद्र वर्मा ने कहा है कि पूर्व विधायक राजेंद्र राणा स्वयं यह साबित कर रहे हैं कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास हमेशा कांग्रेस सरकारों की देन रहा है, जबकि भाजपा का योगदान नगण्य रहा है। वर्मा ने कहा कि राणा तीन बार विधायक रहे हैं। जिनमें से दो बार कांग्रेस के टिकट पर और एक बार कांग्रेस समर्थित विधायक के रूप में चुने गए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कांग्रेस सरकार में एक महत्वपूर्ण विभाग के चेयरमैन के रूप में भी कार्य किया। भाजपा में रहते हुए वे कभी विधायक नहीं बने। उन्होंने कहा कि राजेंद्र राणा ने अपने कार्यकाल के पचासों कार्यों का उल्लेख किया, जिनमें से एक कोट, चैरी, सुजानपुर सड़क का भी था, जिसका श्रेय उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को दिया, लेकिन सवाल यह है कि बाकी 49 कार्यों के लिए उन्होंने कांग्रेस सरकारों का धन्यवाद क्यों नहीं किया। यदि उक्त सड़क केंद्र सरकार की देन है तो फिर उनके दल के सांसद अनुराग ठाकुर का जिक्र क्यों नहीं किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि माना कि वे बड़े कद के नेता हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि जनता उनके हर कथन को सत्य मान ले। राजिंद्र वर्मा ने कहा कि पूर्व विधायक वर्तमान विधायक से आवंटित विधायक निधि का विवरण सार्वजनिक करने की बात कर रहे हैं, जो स्वागत योग्य है, लेकिन क्या वे ऐसा ही आग्रह सांसद अनुराग ठाकुर से भी करेंगे। उन्होंने कहा कि पांच बार के सांसद और केंद्र में मंत्री रह चुके अनुराग ठाकुर भी सुजानपुर क्षेत्र में कुछ उल्लेखनीय कर पाने में विफल रहे हैं। भाजपा की जयराम ठाकुर सरकार ने तो सुजानपुर की ओर देखा तक नहीं। वर्मा ने कहा, चाहे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हो या दिवंगत राजा वीरभद्र सिंह, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास की नींव और इमारत कांग्रेस सरकारों ने ही खड़ी की है। उन्होंने कहा कि विधायक जिन कार्यों का श्रेय स्वयं को दे रहे हैं, वे दरअसल कांग्रेस की नीतियों और शासन की देन हैं। उनका श्रेय कांग्रेस को न देना सरासर अन्याय है। राणा लंबे समय तक भाजपा में भी रहे, लेकिन टिकट नहीं मिला। टिकट, सम्मान और शोहरत कांग्रेस ने ही दी और जो मांगा गया, कांग्रेस सरकारों ने वह पूरा किया।

# वृद्ध महिला किसान ने बिना कीटनाशकों के एक साथ एक खेत से उगाई कई फसलें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों के प्रयोग के बिना भी खेतों से अच्छी पैदावार ली जा सकती है तथा एक ही खेत में, एक ही सीजन में, एक साथ कई फसलें भी उगाई जा सकती हैं। हमीरपुर की निकटवर्ती ग्राम पंचायत बफड़ीं के गांव हरनेड़ की 68 वर्षीय महिला किसान तीर्थू देवी ने यह कर दिखाया है। कृषि विभाग की आतमा परियोजना के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित की जा रही प्राकृतिक खेती की विधि को अपनाकर तीर्थू देवी अपने खेतों में एक साथ कई फसलें उगा रही हैं और इन फसलों के अच्छे दाम भी प्राप्त कर रही हैं। पिछले माह समाप्त हुए खरीफ सीजन के दौरान तीर्थू देवी ने अपने खेतों में देसी मक्की के साथ ही तिल, सोयाबीन और भिंडी भी लगाई थी।

उन्होंने इन फसलों में रासायनिक खाद या कीटनाशकों का बिल्कुल भी प्रयोग नहीं किया। अत्यधिक बरसात के कारण तिल की फसल तो खराब हो गई, लेकिन मक्की, सोयाबीन और भिंडी की अच्छी पैदावार हुई। तीर्थू देवी ने बताया कि उन्होंने मक्की की फसल तो सितंबर के पहले हफ्ते में ही निकाल ली थी और पिछले हफ्ते सोयाबीन भी तैयार हो गई। लेकिन, देसी भिंडी के पौधों में अभी भी रोजाना काफी भिंडी निकल रही है और बाजार में इसके काफी अच्छे दाम मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक साथ तीन-तीन फसलों से उन्हें काफी फायदा हुआ है। भारी बरसात के कारण तिल की फसल नहीं हो पाई। तीर्थू देवी ने बताया कि आतमा परियोजना के अधिकारियों ने उनके गांव के किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक किया था और किसानों को फसल विविधीकरण को अपनाने की सलाह दी थी। इसी से प्रेरित होकर उन्होंने भी प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण को अपनाया। गांव के प्रगतिशील किसान ललित कालिया ने भी उनकी मदद की। तीर्थू देवी ने किसानों-बागवानों से प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे उनकी आय में अच्छी-खासी बढ़ोतरी हो सकती है।

# कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं मिली इंक्रीमेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश शिक्षा विभाग से राजकीय टीजीटी कला संघ ने मांग की है कि सभी जिला शिक्षा उप निदेशकों से 4-9-14 एसीपीएस लाभ देने का ताजा डाटा तलब किया जाए, क्योंकि हाईकोर्ट के आदेश संजय कुमार बनाम हिमाचल सरकार मामले में 1 नवंबर 2023 को दिया था। इसके बावजूद जेबीटी और प्रमोटी टीजीटी शिक्षकों को यह लाभ अब तक नहीं मिला है। संघ महासचिव विजय हीर ने बताया कि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि वेतन संशोधन या ग्रेड पे वृद्धि को एसीपीएस के अंतर्गत वित्तीय उन्नति नहीं माना जा सकता और 14 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर शिक्षकों को तीसरा वित्तीय लाभ दिया जाए। अदालत ने 3 अगस्त 2018 का आदेश रद्द करते हुए 42 दिन में लाभ देने के निर्देश दिए थे, परंतु विभाग ने अब तक पालन नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट में सरकार की एसएलपी पर कोई रोक नहीं लगी है, इसलिए हाईकोर्ट आदेश के अनुसार लाभ तुरंत दिए जाएं।

सितंबर 2025 से पुन: रोजगार प्राप्त शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है। संघ ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि शिक्षा उप निदेशकों से वेतन और पेंशन भुगतान में विलम्ब के कारणों की रिपोर्ट तलब कर शीघ्र समाधान किया जाए। जिला सोलन में तैनात शिक्षक इससे खासे परेशान हैं।

# भरेड़ी में सड़क निर्माण से बाधित हुआ आवागमन, स्कूल जाने वाले बच्चे परेशान

- ग्रामीणों ने प्रशासन से स्कूल टाइम में निर्माण कार्य में ढील देने की मांग उठाई

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य ने स्थानीय लोगों की दिनचर्या को अस्त-व्यस्त कर दिया है। भरेड़ी मार्ग पर पिछले कुछ दिनों से चल रहे सड़क निर्माण कार्य के चलते सड़क पूरी तरह बंद पड़ी हुई है, जिसके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों समेत आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत भुक्कड़ के प्रधान किशोर चंद, यशवंत, सुनील, विजय, सुनील (द्वितीय), तथा पपलाह पंचायत के प्रधान अंकुश सैणी सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल के समय को देखते हुए सड़क निर्माण कार्य में कुछ ढील दी जाए, ताकि बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्कत न हो।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बंद होने के कारण बच्चों को अब कई किलोमीटर पैदल चलकर वैकल्पिक रास्तों से स्कूल पहुंचना पड़ता है। इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि छोटे बच्चों के लिए यह शारीरिक रूप से भी कठिन साबित हो रहा है। कई अभिभावकों ने यह भी बताया कि खराब मौसम या बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

ग्रामवासी किशोर चंद ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य महत्वपूर्ण है, लेकिन इसे इस तरह से किया जाना चाहिए कि स्कूल के समय बच्चों को आने-जाने में कोई समस्या न हो। वहीं प्रधान अंकुश सैणी ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि निर्माण एजेंसी से समन्वय बनाकर सुबह और दोपहर के समय सड़क पर थोड़ी राहत दी जाए ताकि विद्यार्थी सुरक्षित रूप से स्कूल पहुंच सकें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकाला गया तो वे पंचायत स्तर पर बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे।

# लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कारों के लिए 15 नवंबर से पहले भेजें नामांकन

- एडीसी अभिषेक गर्ग ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने वर्ष 2025 के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। सभी विभागों को 15 नवंबर तक आवश्यक औपचारिकताओं के साथ ऑनलाइन नामांकन भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीसी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों एवं संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को मान्यता देना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना के अंतर्गत तीन श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पहली श्रेणी में 11 प्राथमिकता क्षेत्र कार्यक्रमों के अंतर्गत जिलों के समग्र विकास का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके लिए 5 पुरस्कार निर्धारित हैं। इस श्रेणी के लिए आकलन अवधि 1 अप्रैल 2022 से 30 सितंबर 2025 तक रहेगी। दूसरी श्रेणी में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ब्लॉकों को 5 पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसकी आकलन अवधि 1 अप्रैल 2023 से 30 सितंबर 2025 तक होगी। तीसरी श्रेणी में नवाचार के लिए केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और जिलों को 6 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनकी आकलन अवधि भी 1 अप्रैल 2023 से 30 सितंबर 2025 तक निर्धारित की गई है।

एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रस्तुत करने हेतु वेब पोर्टल 2 अक्टूबर से औपचारिक रूप से प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित आंकड़े एकत्रित करें और समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

**क्लस्टर प्रणाली** शिक्षा में समानता, सहयोग और गुणवत्ता के नए युग का शुभारंभ

# शिक्षा गुणवत्ता व सहयोग की दिशा में सार्थक पहल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में लागू की जा रही क्लस्टर प्रणाली के तहत शिक्षा की गुणवत्ता, समन्वय और संसाधन-साझेदारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में क्लस्टर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने की। इस अवसर पर क्लस्टर से जुड़ी 13 पाठशालाओं टौणी देवी, पटनौण, थाना दरोगन, सिसवां, लोहाखर, स्वाह्लवा, बारीं, झनिकर, सिकांदर तथा अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने क्लस्टर प्रणाली की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और शैक्षिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रणाली विद्यालयों के बीच संसाधनों के साझा उपयोग, शिक्षकों के आपसी सहयोग और विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण



- विकास शर्मा बने क्लस्टर समिति के अध्यक्ष
- शिक्षकों ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

शिक्षण अवसरों को बढ़ावा देने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह पहल शिक्षा में सहयोग, नवाचार और साझेदारी की भावना को प्रोत्साहित करेगी और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के बीच सशक्त शैक्षणिक समन्वय स्थापित करेगी।

बैठक में क्लस्टर के संचालन को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए शिक्षकों के साझा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, शैक्षणिक नवाचारों, विद्यार्थियों की प्रगति की नियमित निगरानी और सामुदायिक सहभागिता जैसे बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से विकास शर्मा को क्लस्टर समिति का अध्यक्ष चुना गया, जिन्हें उपस्थित सदस्यों ने हार्दिक बधाई दी और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सुप्रिटेंडेंट कमल देव ने विद्यालय कार्यालय से संबंधित अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने और नियमित रूप से अद्यतन करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सटीक अभिलेख ही विद्यालय की कार्यकुशलता का आधार हैं। प्रधानाचार्य रांगड़ा ने बताया कि क्लस्टर स्तर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनियां तथा जीवन-कौशल आधारित गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व, रचनात्मकता और टीम भावना का विकास होगा।

बैठक के अंत में कृष्ण चंद ने सभी सदस्यों, शिक्षकों और प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक क्लस्टर प्रणाली को सशक्त, अनुकरणीय और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। बैठक का पूरा वातावरण सहयोग, प्रतिबद्धता और शिक्षा के प्रति समर्पण की भावना से ओतप्रोत रहा।

### विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया की अध्यक्षता में याचिका समिति की बैठक

# 22 याचिकाओं में से 6 निपटाईं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विधानसभा सचिवालय में आयोजित याचिका समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में याचिका समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समिति सदस्य सतपाल सिंह सत्ती, चंद्र शेखर और अनुराधा राणा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कुल 22 याचिकाओं पर चर्चा हुई, जिनमें से 6 का निपटारा समिति द्वारा कर दिया गया, जबकि शेष 16 याचिकाओं पर अगली बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर साक्ष्य के लिए बुलाया जाएगा।

अध्यक्ष पठानियां ने बताया कि समिति को अब तक विभिन्न विभागों से कुल 77 याचिकाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 21 का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह समिति 28 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद गठित की गई है ताकि ऐसे लोग जिन्हें न्यायालय तक पहुंचना कठिन है या जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें मुफ्त और त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को सादे कागज पर याचिका समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है, ताकि उसकी शिकायत का निपटारा समयबद्ध रूप से किया जा सके।

विधानसभा अध्यक्ष ने जानकारी दी कि प्राप्त याचिकाओं में शिक्षा विभाग से संबंधित 19, राजस्व विभाग से 16, महिला एवं बाल विकास से 1, परिवहन से 1, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से 3, ग्रामीण बैंक से 5, जल शक्ति विभाग से 2, वन विभाग से 3, लोक निर्माण विभाग से 6 और अन्य विभागों से 21 याचिकाएं शामिल हैं। समिति इन सभी मामलों पर प्राथमिकता से कार्रवाई कर रही है ताकि लोगों को उनका हक और न्याय शीघ्रता से मिल सके।

## धारा 118 पर झूठ फैला रहे विपक्षी नेताः जगत सिंह नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार ने धारा 118 में किसी भी तरह का संशोधन या छेड़छाड़ नहीं की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की मंजूरी के बिना इस धारा में बदलाव संभव नहीं है। मंत्री ने शिमला में मीडिया से बातचीत के दौरान विपक्ष के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि जयराम ठाकुर का यह कहना कि सरकार धारा 118 से छेड़छाड़ कर रही है, पूरी तरह गलत है। नेगी ने कहा कि सरकार ने केवल धार्मिक संस्थाओं को सीमित छूट देने का प्रस्ताव सदन में पारित किया था और उस समय भाजपा के किसी विधायक ने विरोध नहीं किया था। उन्होंने कहा कि विपक्ष अब जनता को गुमराह करने के लिए राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है। उन्होंने दोहराया कि सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और धारा 118 को कमजोर करने का कोई इरादा नहीं है। गौरतलब है कि धारा 118, हिमाचल प्रदेश किरायेदारी और भूमि सुधार अधिनियम, 1972 का एक अहम प्रावधान है, जिसके तहत गैर-कृषकों को राज्य में भूमि खरीदने या ट्रांसफर करने पर रोक है। यह प्रावधान राज्य की सीमित भूमि और स्थानीय किसानों के हितों की रक्षा के लिए लागू किया गया था।

**बोले, सरकार ने केवल धार्मिक संस्थाओं को दी सीमित छूट**

# विधानसभा की सामान्य विकास समिति ने विद्युत परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला में आयोजित सामान्य विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सभापति केवल सिंह पठानिया व राज्य को हो रहे वित्तीय नुकसान पर चिंता जताई।

हिमाचल विधानसभा की सामान्य विकास समिति की बैठक सोमवार को समिति के सभापति केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शौंगटांग-कड़छम, काशंग और चांजू विद्युत परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों से परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की गति और सामने आ रही चुनौतियों की जानकारी ली। सभापति केवल सिंह पठानिया ने कहा कि इन परियोजनाओं के निर्माण में हो रही देरी से प्रदेश को भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विद्युत परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रदेश को राजस्व का नुकसान न हो और स्थानीय लोगों को विकास का लाभ समय पर मिल सके। समिति ने इन तीनों परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण करने का निर्णय भी लिया, जिससे कार्यों की वास्तविक प्रगति का आकलन किया जा सके।

बैठक के दौरान समिति ने विद्युत विकास विभाग की वित्तीय वर्ष 2023-24 की अनुदान मांगों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर विधायक राकेश कालिया, विनोद कुमार, रणधीर शर्मा, जीत राम कटवाल, दलीप ठाकुर, सुदर्शन सिंह बबलू और हरदीप सिंह बाबा मौजूद रहे। विद्युत विभाग की ओर से सचिव राकेश कंवर, निदेशक सिविल सुरेंद्र कुमार, निदेशक (वित्त) नरेश ठाकुर और निदेशक (विद्युत) मनीष महाजन भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रत्ता नदी प्रदूषण मामलाः हाईकोर्ट ने दिए सीसीटीवी की नियमित मॉनिटरिंग के आदेश

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बद्दी-नालागढ़ मार्ग पर रत्ता नदी में प्रदूषण फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग के आदेश हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दिए हैं। कोर्ट द्वारा दैनिक भास्कर में 26 अक्तूबर 2024 को प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेने के बाद उद्योग विभाग ने उक्त क्षेत्र में कैमरे लगाए थे। कोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे क्षेत्र की निगरानी करें और किसी भी औद्योगिक कचरे के डंपिंग की जानकारी तत्काल बोर्ड को दें। कोर्ट ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले में मेसर्स क्लैरिज मोल्डेड कंपनी लिमिटेड, यूनिट-1 पर 10,12,500 रुपये और मेसर्स इंडो फार्म एंड ट्रैक्टर यूनिट-II पर 3,00,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसे बाद में जमा कर दिया गया। हाईकोर्ट ने यह भी पाया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दोषियों पर कार्रवाई कर आवश्यक कदम उठाए हैं, इसलिए जनहित याचिका का निपटारा करना उचित होगा।

### महिला को लौटाया ढाई लाख का सोना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रामपुर बुशहर में एक टैक्सी ऑपरेटर ने इंसानियत और सच्चाई की मिसाल पेश करते हुए एक महिला यात्री का ढाई लाख रुपये मूल्य का सोना लौटा दिया। जानकारी के अनुसार, महिला अपनी यात्रा पूरी करने के बाद टैक्सी से उतर गई थी, लेकिन उसका सोने के आभूषणों से भरा बैग वाहन में ही छूट गया। कुछ देर बाद टैक्सी चालक को जब बैग मिला, तो उसने तुरंत मालिक का पता लगाकर उसे सुरक्षित लौटा दिया। महिला ने अपनी वस्तु वापस मिलने पर चालक का धन्यवाद किया। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में टैक्सी चालक की ईमानदारी की चर्चा छेड़ दी है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे उदाहरण समाज में भरोसा और मानवीयता को मजबूत करते हैं – यह साबित करते हुए कि सच्चाई आज भी जिंदा है।

### कोटी और जुन्गा में लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** 11 केवी जोघो फीडर कोटी और जुन्गा की आवश्यक मरम्मत के चलते कोटी और जुन्गा के अंतर्गत आने क्षेत्र के अनेक गांव में 29 और 30 अक्तूबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल जुन्गा के सहायक अभियंता यशवंत सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 29 अक्तूबर को भड़ेच से संगम नाला, पैंदली, गडोन, कून, भराड़िया, खील भाईला, दरभोग , फनेवट, तुंगला, जंगल जटोल तथा 30 अक्तूबर को कोट पंप, डवारू भड़ेच पंप, लोहा, चेवड़ा, भलावग पंप, भड़ेच पंचायत , डुमेहर, करयाल घाटी, बींचड़, कछाट सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होने बताया कि विद्युत लाईनों की मुरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। उन्होने संबंधित क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया कि सामान्य विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिजली बोर्ड का सहयोग करें ।

### कांग्रेस की महिला विरोधी सोच बेनकाब : डेजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डेज़ी ठाकुर ने



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की महिला विरोधी मानसिकता एक बार फिर सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि शिमला नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल पाँच वर्ष करने का निर्णय महिला आरक्षण पर सीधा प्रहार है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने करीबी मेयर को बचाने के लिए रोस्टर में हेराफेरी की और महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी की। उन्होंने कहा कि सुक्खु सरकार ने तीन साल में एक भी महिला मंत्री को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया, जिससे उसकी सोच स्पष्ट होती है। भाजपा महिला मोर्चा ने चेतावनी दी कि वह इस अन्याय के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगा।

### डॉ. राकेश और नैंसी ने फिर संभाली अभाविप की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आगामी सत्र 2025-26 के लिए अपने शीर्ष नेतृत्व का पुनर्गठन कर दिया है।





इस बार भी संगठन की कमान उन्हीं सशक्त चेहरों के हाथों में सौंपी गई है, जिन्होंने बीते सत्र में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। डॉ. राकेश शर्मा (हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला) को पुनः प्रदेश अध्यक्ष और कुमारी नैन्सी अटल (धर्मशाला) को पुनः प्रदेश मंत्री के रूप में निर्विरोध चुना गया है। यह घोषणा मंगलवार को अभाविप हिमाचल प्रदेश के प्रदेश कार्यालय शिमला में की गई। चुनाव अधिकारी डॉ. सुनील ठाकुर द्वारा जारी वक्तव्य में बताया गया कि नव निर्वाचित अध्यक्ष और मंत्री का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। दोनों पदाधिकारी आगामी 31 अक्तूबर से 2 नवंबर तक कांगड़ा में होने वाले प्रदेश अधिवेशन में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगे।

## जुन्गा में पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल में मानव परिंदों की ऊंची उड़ान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**देश-विदेश के 59 पायलटों ने दिखाया कौशल, 8 हजार फुट से उड़ान देख झूमे दर्शक**

प्रदेश की राजधानी से सटे जुन्गा की टिक्कर साइट में आयोजित पैराग्लाइडिंग फ्लाइंग फेस्टिवल के अंतिम दिन रोमांच अपने चरम पर रहा। चार दिन तक चले इस आयोजन में देश-विदेश से पहुंचे 59 पायलटों ने 8,000 फीट की ऊंचाई से उड़ान भरकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। लीग प्रारूप में हुई इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन उड़ान की ऊंचाई, सटीक लैंडिंग और समय के आधार पर किया गया।

त्योहारी माहौल में जुन्गा का आसमान चार दिनों तक रंग-बिरंगे पैराग्लाइडरों से सजा रहा। दर्शकों की भीड़ ने हर उड़ान पर तालियों से स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल रोमांच का अवसर देते हैं बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा प्रदान करते हैं। आयोजक अरुण रावत ने कहा कि इस फेस्टिवल का उद्देश्य हिमाचल को अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग हब के रूप में स्थापित करना है। नेपाल के पायलट अमन थापा, जो पिछली बार ओवरऑल चैंपियन रहे थे, ने भी इस बार भाग लिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल पैराग्लाइडिंग के लिए अनुकूल प्रदेश है और इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। थापा ने बताया कि पैराग्लाइडिंग उपकरण महंगे हैं और पायलटों को बेहतर स्पॉन्सरशिप की आवश्यकता है।

### लोक निर्माण मंत्री ने ओगली में 40 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

# 19 .25 करोड़ की पेयजल योजना से मिलेगा शुद्ध पानी : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**





ओगली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह योजनाओं का लोकार्पण करते हुए।

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को शिमला ग्रामीण क्षेत्र के ओगली पंचायत में आयोजित एक भव्य जनसभा और महिला सम्मेलन में 40 करोड़ रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकास किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि सभी की भागीदारी से संभव होता है। उन्होंने कहा कि सिराज क्षेत्र में जिन लक्ष्यों को लेकर सरकार ढाई वर्ष पूर्व आई थी, उनमें से 90 फीसदी तक लक्ष्य पूरे हो चुके हैं। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है ताकि ग्रामीण क्षेत्र मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से जलोग में मिल्क कलेक्शन सेंटर की स्थापना की जा रही है और दुग्ध सहकारी समितियों का गठन तीव्रता से चल रहा है।

मंत्री ने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 200 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य जारी है जो अगले दो वर्षों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि महिला सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी महिला मंडलों को विधायक निधि से 5000 रुपये की सहायता दी जाएगी। सिराज क्षेत्र की आठ पंचायतों के लिए पनदोआ खड्ड से केल बागड़ी उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण भी मंत्री ने किया। 19 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से तैयार इस योजना से बाग, धरोगड़ा, ओगली, हिमरी, करयाली, डोमैहर, भराड़ा और चेबड़ी पंचायतों के लगभग 14,658 लोगों को प्रतिदिन 70 लीटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से पेयजल उपलब्ध होगा। इस योजना के तहत दो बड़े टैंक और चार पंप हाउस बनाए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान कडारघाट से पलग सेरकड़ी सड़क (6.61 करोड़ रुपये), चेवड़ी से सेरकड़ी सड़क (36.57 लाख रुपये) तथा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र कडारघाट (62.63 लाख रुपये) का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा चार नई सड़कों का शिलान्यास भी किया गया जिनकी कुल लागत लगभग 10 करोड़ रुपये होगी।

## पाइपों वाली छत मामले को लेकर सोशल मीडिया पर अग्निहोत्री और जयराम ठाकुर आमने-सामने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**चर्चा में आया सरकारी निर्माण कार्य**

**दोनों** नेताओं के बीच सोशल मीडिया पर शुरू हुई इस बहस ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। भाजपा इसे सरकारी अनियमितता का मामला बता रही है, जबकि कांग्रेस का कहना है कि यह पूर्व की संरचना का ही हिस्सा है जिसे अब बदला जा रहा है। मामले की सच्चाई चाहे जो भी हो, लेकिन यह बहस अब प्रदेश के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और जवाबदेही पर एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गई है।

प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सोशल मीडिया पर कुल्लू जिले के निरमंड में जलशक्ति विभाग के निर्माणाधीन भवन की छत को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि इस भवन की छत में जल जीवन मिशन की पाइपों का उपयोग किया जा रहा है, जो घोटाले या सरकारी अव्यवस्था की ओर इशारा करता है। जयराम ठाकुर ने सरकार और विभाग से पूछा है कि आखिर यह मामला गड़बड़ी है या लापरवाही, जिससे विभाग की साख पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

जयराम ठाकुर के आरोपों पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर ही पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर की ओर से साझा की गई तस्वीर की वास्तविकता कुछ और है। यह छत वर्ष 1990-91 में बनाई गई थी, जब प्रदेश में भाजपा की ही सरकार थी। अब जब छत में रिसाव शुरू हुआ तो उसे बदलने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान पुरानी पाइप संरचना को हटाकर नई सीजीआई शीट लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी वरिष्ठ नेता द्वारा विभाग की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला कार्य उचित नहीं है।

## शिमला नागरिक सभा ने उठाई आवाज, आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश लागू करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अब बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही, सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग**

प्रदेश की राजधानी में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर शिमला नागरिक सभा ने राज्य सरकार और नगर निगम को कड़ी चेतावनी दी है। सभा ने सोमवार को जारी एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में हो रही लापरवाही पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की और तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाने की मांग की। सभा के अध्यक्ष जगमोहन ठाकुर और सचिव विवेक कश्यप ने कहा कि सरकार की निष्क्रियता न केवल न्यायालय की अवमानना है, बल्कि यह नागरिकों के जीवन और सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है।

22 अगस्त, 2025 को सर्वोच्च न्यायालय ने हिमाचल सहित सभी राज्यों को आवारा कुत्तों की अनिवार्य बंध्याकरण और रेबीज़ विरोधी टीकाकरण के आदेश जारी किए थे, साथ ही प्रगति रिपोर्ट और अनुपालन शपथपत्र दाखिल करने को भी कहा था। लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी हिमाचल सरकार ने न तो कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की और न ही दिशा-निर्देशों पर कोई ठोस कदम उठाया। इसी लापरवाही पर न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को 3 नवंबर, 2025 को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। केवल तीन राज्यों ने अब तक अनुपालन रिपोर्ट सौंपी है, जो शेष राज्यों की संवेदनहीनता को उजागर करता है।

शिमला नागरिक सभा ने स्पष्ट कहा है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब शहर के नागरिकों के लिए भय का कारण बन चुकी है। पिछले महीनों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। सभा ने मांग की है कि राज्य सरकार और नगर निगम मिलकर व्यापक पशु जन्म नियंत्रण केंद्र स्थापित करें, प्रशिक्षित पशु चिकित्सकों की तैनाती करें और इस दिशा में पर्याप्त बजट का प्रावधान करें।

जगमोहन ठाकुर और विवेक कश्यप ने कहा कि अब यह सिर्फ एक प्रशासनिक मामला नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य और मानवीय सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश कोई सुझाव नहीं, बल्कि बाध्यकारी निर्देश हैं। अगर सरकार ने अब भी गंभीरता नहीं दिखाई तो अवमानना की कार्यवाही से बचना कठिन होगा, सभा ने स्पष्ट किया कि अगर समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो नागरिक स्वयं न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाने से पीछे नहीं हटेंगे, क्योंकि शहर में बिना भय के चलने का अधिकार हर नागरिक का है।

## नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू



**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली और एसजेवीएन के मुख्य सतर्कता अधिकारी के दिशा-निर्देशों पर नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आयोजन आज से 2 नवंबर तक किया जा रहा है। जिस का विषय सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी।

परियोजना प्रमुख राजीव कपूर ने झाकड़ी स्थित मुख्य प्रशासनिक भवन में अधिकारियों व कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर सप्ताह का शुभारंभ किया। इसी के साथ झाकड़ी विद्युत गृह और नाथपा बांध स्थल पर भी कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा शपथ ली। शपथ ग्रहण के पश्चात एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसे परियोजना प्रमुख ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतिभागियों ने ईमानदारी और सतर्कता का संदेश स्थानीय समुदाय तक पहुंचाया। सप्ताह के दौरान एनजेएचपीएस सतर्कता विभाग द्वारा कर्मचारियों, छात्रों और आम नागरिकों के लिए विभिन्न प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहन देना है। इसी क्रम में सोमवार को राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सराहन में नारा लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## समग्र शिक्षा ने लिया जेईई-नीट की फ्री कोचिंग के लिए चयन टेस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के मेधावी छात्रों के लिए समग्र शिक्षा ने जेईई और नीट की निशुल्क कोचिंग के लिए चयन परीक्षा आयोजित की। प्रदेश के 12 जिलों में ऑनलाइन हुई इस परीक्षा में लगभग 7000 छात्रों ने हिस्सा लिया।

मूल्यांकन के बाद मेरिट में शामिल छात्रों को लाइव ऑनलाइन कक्षाएं, शंकाओं का समाधान, साप्ताहिक टेस्ट और नियमित प्रदर्शन समीक्षा के साथ निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इसके अलावा, चयनित छात्रों के लिए ऑफलाइन रेजिडेंशियल बूटकैंप में विषय विशेषज्ञों से गहन मार्गदर्शन, प्रैक्टिकल अभ्यास, मेंटरिंग और संपूर्ण सिलेबस कवर करने वाले मॉड्यूल प्रदान किए जाएंगे।

समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि यह पहल हर बच्चे को शिक्षा में समान अवसर देने और उन्हें जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सक्षम बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**नुकसान** — मौसम की मार ने तोड़ी बागवानों की उम्मीदें, उत्पादन बढ़ा और दाम गिरे

# हिमाचल के लाल सेब का रंग फीका पड़ा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**बी और सी ग्रेड का सेब रहा हावी**

**अक्तूबर** के अंत तक सेब सीजन अपने अंतिम दौर में है। निचले और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों की तुड़ाई पूरी हो चुकी है और अब केवल ऊपरी इलाकों का सेब बाजार में पहुंच रहा है। अनुमान है कि कुल उत्पादन का बड़ा हिस्सा बी और सी ग्रेड का रहा है, जिससे बागवानों को अपेक्षित दाम नहीं मिल सके।

**शिमला।** हिमाचल की वादियों में इस बार सेब की लालिमा कुछ फीकी पड़ गई है। देवदारों की ठंडी हवा, लगातार बारिश, धुंध और बदलते मौसम ने वह रौनक छीन ली है, जो कभी इन बागानों की पहचान हुआ करती थी। बारिश की अथाह नमी और पतझड़ की परतों ने इस लाल फल की चमक और रंगत दोनों को कम कर दिया। सेब की मिठास तो बरकरार रही, पर बाजार में उसकी आभा और मांग दोनों मंद पड़ीं।

उद्यान विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अब तक राज्य में कुल 2 करोड़ 73 लाख 47 हजार पेटियां सेब की दर्ज की जा चुकी हैं। इनमें 1 करोड़ 27 लाख 34 हजार 578 पेटियां मंडी यार्डों के भीतर और 1 करोड़ 46 लाख 12 हजार 465 पेटियां बाहर कारोबार के माध्यम से पहुंची हैं। पिछले वर्ष इसी अवधि तक कुल 2 करोड़ 6 लाख पेटियों का ही व्यापार हुआ था, यानी इस बार उत्पादन में बेहतर वृद्धि रही है।

विभाग के अनुसार दिल्ली की आजादपुर मंडी में इस बार 'ए ग्रेड' सेब की कीमतों में भी हलचल रही। वर्ष 2025 में रॉयल डिलीशियस किस्म का थोक भाव 1900 रुपए प्रति 20 किलो पेटी दर्ज किया गया, जो पिछले साल 1510 रुपए था। गोल्डन डिलीशियस किस्म बाजार में इस बार लगभग नदारद रही, जबकि 2024 में इसका मूल्य 1180 रुपए तक रहा था।

इतना ही नहीं उत्पादन बढ़ा जरूर पर गुणवत्ता ने बागवानों की उम्मीदें तोड़ दीं। बारिश और लगातार धुंध के कारण मध्यम व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी ए ग्रेड क्वालिटी का फल सीमित मात्रा में निकला। कई बागानों में सेबों पर काले धब्बे पड़ गए, जिससे उनकी कीमतें गिर गईं। विभाग के अनुसार, इस वर्ष बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत अब तक 246 संग्रह केंद्र खोले गए, जो एचपीएमसी द्वारा संचालित है। इन केंद्रों के माध्यम से एचपीएमसी ने अब तक 97,793 मीट्रिक टन सेब खरीदा है।

**क्या कहते हैं उद्यान विभाग के निदेशक**

**उद्यान** विभाग के निदेशक विनय सिंह, (आईएएस) ने बताया कि इस बार हिमाचल में उत्पादन रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा है, परंतु मौसम की प्रतिकूलता और परिवहन बाधाओं ने गुणवत्ता को प्रभावित किया है। विभाग इस स्थिति से सबक लेते हुए अगले वर्ष बेहतर परिणामों के लिए विशेष अभियान शुरू कर रहा है। बागवानों को आधुनिक बागवानी तकनीकों, सड़क सुधार, कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं और पैकिंग हाउस नेटवर्क से जोड़ने की नई योजनाएं जल्द लागू की जाएंगी।

# कांगड़ा में प्रदेश का सबसे बड़ा आईटी इन्क्यूबेशन सेंटर निर्मित

## मुख्यमंत्री सुक्खू से जल्द करवाया जाएगा लोकार्पण : गोकुल बुटेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रधान सलाहकार कैबिनेट रैंक गोकुल बुटेल मंगलवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता के दौरान।

**हिमाचल** प्रदेश के कैबिनेट दर्जा प्राप्त प्रधान सलाहकार, नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी और शासन, गोकुल बुटेल ने मंगलवार को आईटी पार्क चैतड़ू, गगल के निरीक्षण किया। इसके बाद होटल धौलाधार में प्रेसवार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के दो इन्क्यूबेशन सेंटर एक मेहली, शिमला और दूसरा गगल कांगड़ा स्थापित किए जा रहे हैं।

इनमें से कांगड़ा स्थित एटीपीआई इन्क्यूबेशन सेंटर का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और इसका शीघ्र ही मुख्यमंत्री से लोकार्पण करवाया जाएगा। इससे आईटी क्षेत्र में युवाओं के लिए स्टार्ट आरंभ करने की बेहतर सुविधा मिलेगी। यह हिमाचल के सबसे बड़ा आईटी इन्क्यूबेशन सेंटर के रूप में विकसित किया गया है।

**आईटी पार्क चैतड़ू का किया निरीक्षण**

डिजिटल सेवाओं को मिलेगी नई दिशा गोकुल बुटेल ने बताया कि सरकार की ओर से गगल एयरपोर्ट के समीप 2 एकड़ भूमि पर 18.29 करोड़ रुपए लागत से 35602 वर्ग फुट का निर्मित क्षेत्र विकसित किया गया है।

यह सुविधा न केवल हिमाचल के युवाओं के लिए रोजगार सृजन करेगी बल्कि स्थानीय स्तर पर आईटी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, स्टार्टअप इनोवेशन और डिजिटल सेवाओं को भी नई दिशा प्रदान करेगी।

### अत्याधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित

**कांगड़ा** में निर्मित एसटीपीआई इन्क्यूबेशन सेंटर अत्याधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित है। इसमें प्लग एंड प्ले इन्क्यूबेशन स्पेस की 106 सीटें और 4 प्रबंधकीय केबिन, इन्क्यूबेशन एरिया, उद्यमियों के लिए स्वतंत्र विकास स्थल, ऑडिटोरियम की 40 सीट क्षमता, कॉन्फ्रेंस रूम एवं मीटिंग हॉल, एसटीपीआई कार्यालय, नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर, अतिथि कक्ष, रिसेप्शन, रिकॉर्ड रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह केंद्र लगभग 15 से 20 नवोदित उद्यमियों को तकनीकी सहयोग और 350 से 400 युवाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगा।

### कांगड़ा और शिमला में स्थापित होंगे नए आयाम

**एटीपीआई** कांगड़ा और शिमला जैसे केंद्र प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे। इससे न केवल निवेश बढ़ेगा, बल्कि राज्य के युवा उद्यमियों को भी अपने विचारों को साकार करने का मंच मिलेगा। शिमला और कांगड़ा के इन दोनों केंद्रों के संचालन से हिमाचल प्रदेश जल्द ही उत्तर भारत के उभरते हुए आईटी हब के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। इस अवसर पर आशीष सिंह, डॉ. निपुण जिंदल, देवेंद्र जग्गी आदि उपस्थित थे।

## कार सवार दो लोगों से 596 ग्राम चरस बरामद



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार एसआईयू नूरपुर के प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजायब सिंह तथा उनकी टीम ने लादोडी के पास नाका लगाया था। इस दौरान टैक्सी नंबर (एचपी 01डी ए 0585) कार को जब रोका गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें सवार दो लोगों से 596 ग्राम चरस बरामद की गई। दोनों आरोपियों की पहचान मुंशी राम पुत्र रामलाल निवासी लदोडी तथा अभिषेक पुत्र कुशल गांव गैलून तहसील नूरपुर के तौर पर हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना नूरपुर में मामला दर्ज किया है। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# 2 नवंबर को होगी नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा

## पात्र स्टूडेंट्स के लिए 7वीं कक्षा में प्राप्त अंक बनेंगे आधार, जिले में आठ सेंटर्स में होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**नेशनल** मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा का आयोजन दो नवंबर को किया जा रहा है। कांगड़ा जिले में विभिन्न आठ सेंटर्स में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए पात्र स्टूडेंटस के लिए सातवीं कक्षा में प्राप्त अंक आधार बनेंगे।

सातवीं कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही स्कॉलरशिप परीक्षा की मेरिट में रहने वाले स्टूडेंट्स को 9वीं से 12वीं कक्षा तक वार्षिक 12 हजार यानी मासिक एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। डाइट संस्थान धर्मशाला ने (एनएमएमएस) परीक्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं तथा परीक्षा सामग्री समय रहते निर्धारित परीक्षा केंद्रों में उपलब्ध करवा दी जाएगी।

**50 से 55 फीसदी अंक होना जरूरी:** एनएमएमएस परीक्षा के लिए जनरल कैटागिरी के स्टूडेंटस के लिए सातवीं कक्षा में 55 फीसदी और अन्य कैटेगरी के स्टूडेंट्स के लिए 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है। आवेदन प्रक्रिया प्रत्येक राज्य की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन होती है और आवेदन की अंतिम तिथि भी राज्य के अनुसार अलग-अलग होती है। पात्र छात्रों को कक्षा 8 की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना होता है और आगे की कक्षाओं में छात्रवृत्ति जारी रखने के लिए निर्दिष्ट प्रतिशत अंकों से पास होना आवश्यक है।

> **कांगड़ा** जिले में दो नवंबर को आठ सेंटर में एनएमएमएस परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र डाइट कार्यालय में पहुंचने के साथ ही विभिन्न सेंटर्स में भेज दिए जाएंगे। जो बच्चे इस परीक्षा की मेरिट में जगह बनाते हैं, उन्हें जमा दो कक्षा तक स्कॉलरशिप दिया जाता है।
>
> **-राकेश शर्मा, प्रिंसिपल डाइट धर्मशाला।**

### एयरपोर्ट विस्तार मामले की सुनवाई अब 31 को

अनंत ज्ञान, गगल। हाईकोर्ट में चल रहे कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के मामले की सुनवाई अब 31 अक्तूबर को होगी। एयरपोर्ट विस्तार के संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि मंगलवार को न्यायालय में एक घंटा बहस चली और जिसके चलते अब यह सुनवाई 31 अक्तूबर को रखी गई है। न्यायाधीश ने गहनता से बहुत सवाल बगैरा हुए उसी के मध्यनजर रखते हुए अब एयरपोर्ट विस्तार की सुनवाई 31 अक्तूबर को रखी है।

# झिकली कोठी के डॉ. राहुल एसएसबी में बने असिस्टेंट कमांडेंट पशु चिकित्सा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**




परीक्षा में देशभर में तीसरा रैंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया।

**नगरोटा** विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली पंचायत झिकली कोठी के युवा डॉक्टर राहुल पराशर पुत्र राजकुमार का चयन सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में बतौर असिस्टेंट कमांडेंट (पशु चिकित्सा) में हुआ है। यह उपलब्धि हासिल करके डॉक्टर राहुल पराशर ने पंचायत झिकली कोठी के साथ-साथ पूरे विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवां का नाम रोशन किया है।

गौरतलब है कि डॉक्टर राहुल पराशर ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा आयोजित कमिश्नड आधारित परीक्षा में पूरे भारतवर्ष में तीसरा रैंक प्राप्त करके हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। डॉक्टर राहुल पराशर ने स्कूल स्तर की शिक्षा ग्रीन फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगरोटा बगवां से प्राप्त की है तथा उसके बाद चौधरी सरबन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के अंतर्गत डॉक्टर जीसी नेगी पशु चिकित्सा महाविद्यालय से बीवीएससी और एएच की डिग्री प्राप्त की है।

दो वर्ष तक मोबाइल वेटरनरी में बतौर पशु चिकित्सक कार्य करने के उपरांत कड़ी मेहनत के बलबूते सहायक कमांडेंट (पशु चिकित्सा) के पद पर सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अपने परिवारजन, गुरुजन एवं पूर्व सैनिक रिक्रयूरमेंट कोचिंग सेंटर लूहना के एमडी पवन डोगरा को दिया है।

## नशा मुक्ति रैली से छात्रों ने दिया जागरूकता का संदेश

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुनेहत में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस रैली में सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लेकर नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। रैली विद्यालय परिसर से आरंभ होकर सुनेहत बाजार तक निकाली गई, जहां विद्यार्थियों ने 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' और 'स्वस्थ युवा, सशक्त भारत जैसे नारे लगाकर लोगों को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य राज कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को कमजोर करता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर सकारात्मक जीवन अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 14 से 31 अक्तूबर तक नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## घराणा स्कूल में कर्नल एमएस राणा ने स्वयंसेवियों को दी आर्मी संबंधित जानकारी



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घराना में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे सात दिवसीय विशेष सेवा शिविर के चौथे दिन बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल एमएस राणा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनोज करियाल ने की। इस अवसर पर विद्यालय अधीक्षक गुरदीप सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विकास भारद्वाज तथा सीमा कुमारी उपस्थित रहे। इस बौद्धिक सत्र में कर्नल एमएस राणा ने 12वीं के बाद बच्चों को विभिन्न नौकरियों में क्या-क्या विकल्प होते हैं इसके बारे में जानकारी दी। एमएस राणा ने बच्चों को आर्मी से संबंधित विभिन्न पदों पर किस तरह से नौकरी और तैयारी की जाती है, के बारे में बताया।

# कानूनी जागरूकता शिविर में संशोधित मोटर वाहन अधिनियम की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा की ओर से राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्य प्रो. आरती वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा प्रभारी प्रो. युगराज सिंह ने बताया कि कॉलेज परिसर में समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि छात्र-छात्राएं सामाजिक और विधिक जिम्मेदारियों से परिचित हो सकें। इस शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा, धर्मशाला से गौरव पठानिया और रचिता शर्मा ने परामर्शदाता के रूप में भाग लिया। गौरव पठानिया ने बताया कि संशोधित मोटर वाहन अधिनियम में यातायात उल्लंघनों पर कड़े जुर्माने, सड़क सुरक्षा के प्रावधान, दोषपूर्ण वाहनों की वापसी, और दुर्घटना पीड़ितों को 'सुनहरे घंटे' में कैशलेस उपचार जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

पठानिया ने बताया कि दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले व्यक्तियों को नागरिक और आपराधिक दायित्व से बचाया जाता है, जिससे आपात स्थिति में अधिक लोगों को सहायता करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# भाजपा ने श्रेय अवस्थी को प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक बनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**भाजपा** शीर्ष नेतृत्व ने युवा और ऊर्जावान नेता श्रेय अवस्थी पर विश्वास जताते हुए उन्हें भाजपा हिमाचल प्रदेश सोशल मीडिया सह-संयोजक नियुक्त किया है। मीडिया की गहरी समझ, सशक्त अभिव्यक्ति क्षमता और युवाओं से गहरे जुड़ाव के लिए पहचाने जाने वाले श्रेय अवस्थी पार्टी के भीतर एक प्रमुख युवा स्वरूप में उभरे हैं। उन्होंने वर्षों से संगठन के डिजिटल विस्तार को मजबूत करने और पार्टी व जनता के बीच संवाद का पुल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। युवाओं के बीच व्यापक नेटवर्क और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनकी मजबूत उपस्थिति को देखते हुए, उनको यह दायित्व पार्टी की डिजिटल मुहिम को और सशक्त बनाने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए भाजपा की ऑनलाइन उपस्थिति को ऊर्जा देने वाला कदम माना जा रहा है।

श्रेय अवस्थी ने निरंतर युवाओं से जुड़े मुद्दे जैसे रोजगार, विकास और भागीदारी सरकार के समक्ष उठाए हैं, ताकि उनकी आवाज सही मंचों तक पहुंच सके। वर्तमान में श्रेय अवस्थी हिमाचल प्रदेश अनइंप्लॉयड यूथ फेडरेशन के प्रदेश संयोजक भी हैं और उनका नेतृत्व और समर्पण भाजपा के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो तकनीक, विचारधारा और जमीनी जुड़ाव को मिलाकर युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम करता है। यह नियुक्ति पार्टी नेतृत्व की ओर से हिमाचल प्रदेश में अपने डिजिटल मोर्चे को और सशक्त करने तथा राज्य के ऊर्जावान युवा वर्ग की आकांक्षाओं से गहराई से जुड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है।

श्रेय अवस्थी ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया, भूतपूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, शाहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष रविदत्त शर्मा और पूर्व जिला महामंत्री राकेश चौहान का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वे संगठन के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास जारी रखेंगे।

## डाइट धर्मशाला में जिलास्तरीय रंगोत्सव का किया आयोजन

# कार्ड मेकिंग में कार्तिक, 2डी पेंटिंग में हर्षिता विजेता



छह से आठ नवंबर तक चंबा में होगा प्रदेश स्तरीय आयोजन। छह गतिविधियों के विजेता स्टूडेंट्स लेंगे भाग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डाइट** धर्मशाला में मंगलवार को जिला स्तरीय रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जिलेभर के 32 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन उपनिदेशक क्वालिटी कंचन ज्योति की अध्यक्षता में किया गया। रंगोत्सव के कार्ड मेकिंग वर्ग में राजकीय प्राइमरी स्कूल पास्सू के कार्तिक, सोलो फॉक डांस में राजकीय हाई स्कूल भगोटला पालमपुर की यादारी, डयूट फॉक डांस राजकीय प्राइमरी स्कूल बोरीखड्ड इंदौरा की काव्या व वंशिका, कालीग्राफी में राजकीय प्राइमरी स्कूल घमरोता पालमपुर की अदिति सिप्पी, रंगोली में पीएमश्री बीटीसी नूरपुर की सान्वी व अनन्या, 2 डी पेंटिंग में पीएमश्री राजकीय गर्ल्स सीसे स्कूल धर्मशाला की हर्षिता विजेता रही।

रंगोत्सव की जिला को-ऑर्डिनेटर मीना चौहान ने बताया कि जिलास्तरीय रंगोत्सव में विभिन्न छह गतिविधियों में तीसरी से पांचवीं कक्षा के प्रतिभागियों व छठी से आठवीं तक के प्रतिभागियों का अलग विंग बनाया गया था। स्कूल, ब्लॉक और जोन स्तर पर आयोजित रंगोत्सव के माध्यम से जिलेभर से 32 बच्चों का चयन जिलास्तर के लिए किया था। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले बच्चे जिला चंबा में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय कला उत्सव में भाग लेकर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# मांगों को लेकर उपनिदेशक शिक्षा से मिला प्रवक्ता संघ

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा प्रवक्ताओं की समस्याओं एवं मांगों को लेकर उपनिदेशक विद्यालय शिक्षा उच्च से मिला। प्रवक्ता संघ ने उपनिदेशक कमलेश ठाकुर को जिला कांगड़ा का प्रभार संभालने पर बधाई दी एवं स्वागत किया।

इस बीच उपनिदेशक से प्रवक्ताओं की समस्याओं, आशंकाओं एवं मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई।

**प्रवक्ताओं की समस्याओं और मांगों पर की चर्चा**

प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने कहा कि जहां प्रशिक्षित स्नातक या अन्य किसी विषय का अध्यापक उपलब्ध नहीं है। प्रवक्ता आवश्यकतानुसार छठी से दसवीं कक्षा तक पढ़ा रहे हैं तथा विभागीय आदेशों का सहर्ष अनुपालन कर रहे हैं, लेकिन कुछ विद्यालयों में जहां संबंधित कक्षाओं को पढ़ाने के लिए समस्त अध्यापक उपलब्ध हैं, बावजूद इसके प्रवक्ताओं को पढ़ाने के लिए बाध्य किया जा रहा है। जिसका प्रवक्ता संघ ने कड़ा विरोध जताया है। सिकंदर मिन्हास ने कहा कि भविष्य में अगर उपनिदेशक स्तर से छठी से दसवीं तक पढ़ाने का आदेश प्रेषित हो, तो उसमें आवश्यकतानुसार शब्द का प्रयोग आवश्यक रूप से किया जाए। संघ ने मांग की कि उपनिदेशक स्तर पर हल होने बाले प्रवक्ताओं के कार्य अविलंब पूर्ण किए जाने चाहिए। प्रवक्ता संघ ने यह मांग भी रखी कि हाल ही में निदेशालय विद्यालय शिक्षा से पदोन्नत प्रवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, उस पर भी उपनिदेशालय स्तर से पदोन्नत प्रवक्ताओं के पक्ष में बात रखें।

उपनिदेशक महोदया ने समस्त मांगों को बड़े ध्यान से सुना तथा मांगों को पूर्ण करने की कोशिश का आश्वासन दिया। बैठक में सिकंदर मिन्हास अध्यक्ष, राजकुमार एवं रमेश ठाकुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरूण बक्सी, लेखराज हीर, धीरज व्यास, संजय डोगरा, नरेश राणा, जतिंदर कंवर, सुधीर भाटिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

**प्रतियोगिता** इंटरनेशनल क्रॉसमिंटन चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के दो खिलाड़ियों ने किया नाम रोशन

# स्वस्तिक और रीद्धि ने जीते रजद पदक

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान**




नोएडा में आयोजित 9वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल क्रॉसमिंटन चैंपियनशिप 2025 (आईसीओ-500 अंक) में देशभर के 42 खिलाड़ियों ने मनवाया प्रतिभा का लोहा।

**गरली।** हिमाचल के खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पहाड़ की मिट्टी में हौसला, हुनर और हिम्मत की कोई कमी नहीं। नोएडा में आयोजित 9वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल क्रॉसमिंटन चैंपियनशिप 2025 (आईसीओ-500 अंक) में कांगड़ा जिले के नैहरनपुखर के स्वस्तिक राणा और ऊना की रीद्धि शर्मा ने अपने दमदार प्रदर्शन से रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।

क्रासमेटिन एसोसिएशन स्टेट सचिव अंजू राणा ने बताया कि क्रॉसमिंटन (अंतरराष्ट्रीय क्रॉसमिंटन संघ) द्वारा आयोजित यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इंडस वैली पब्लिक स्कूल नोएडा में आयोजित इस 9वीं इंडियन ओपन इंटरनेशनल प्रतियोगिता में देशभर से 42 शीर्ष खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में हिमाचल के दोनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि अंडर-18 वर्ग में स्वस्तिक राणा ने बेहतरीन सर्विस, सटीक शॉट्स और रणनीतिक खेल से फाइनल तक का सफर तय किया। कड़ा मुकाबला होने के बावजूद उन्होंने जुझारूपन और आत्मविश्वास से सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

वहीं, रीद्धि शर्मा ने अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संघर्षपूर्ण मैचों में विपक्षी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी और रजत पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच, परिवार और प्रदेश के खेल प्रेमियों को दिया। स्वस्तिक ने कहा कि यह पदक शुरुआत है, अगला लक्ष्य स्वर्ण है। खेल विशेषज्ञों का कहना है कि इस जीत से हिमाचल में क्रॉसमिंटन जैसे नए खेलों की पहचान मजबूत होगी और युवा खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रदेशभर में दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर बधाइयों का तांता लग गया है।

# सभी अधिकारी करें विभागों के साथ समन्वय स्थापित: कमलेश

## विधायक ने स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम के तहत देहरा में की विकास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, देहरा**



विधायक ने नगर परिषद को सभी घरों को सीवरेज कनेक्शन देने के निर्देश दिए।

स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद देहरा में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, ठोस कचरा प्रबंधन तथा शहरी विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से नगर परिषद सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक देहरा कमलेश ठाकुर ने की।

बैठक में शहर की विभिन्न विकास योजनाओं, सीवरेज व्यवस्था, जल निकासी प्रणाली एवं शहरी सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि देहरा शहर को स्वच्छ, सुसज्जित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। उन्होंने नगर परिषद को निर्देश दिए कि जिन घरों को अभी तक सीवरेज कनेक्शन नहीं मिला है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाए, ताकि सभी शहरी परिवारों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। नगर परिषद अध्यक्षा ने बैठक में अवगत करवाया कि स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम का दूसरा चरण 15 सितंबर से 14 दिसंबर तक मनाया जाएगा। अवगत करवाया कि सिटिजन सेवा पोर्टल के माध्यम से कूड़े के बिल ऑनलाइन शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि हर वार्ड में समाधान शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि नागरिकों की शिकायतों का समाधान शीघ्र किया जा सके। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता कुमारी, उपाध्यक्ष मलकीयत सिंह परमार, कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा, पार्षद सुनीता शर्मा दीपिका हरबंस लाल और सुरेश चंद सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# न्यूगल स्कूल भवारना की नियति राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**



**डरोह।** न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना की होनहार छात्रा नियति पुत्री परवीन कुमार का चयन राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। नियति ठंडोल गांव की बेटी ने शानदार प्रतिभा का परिचय देते हुए सबका गौरव बढ़ाया है। हाल ही में संपन्न हुई राज्य स्तरीय फेंसिंग प्रतियोगिता में नियति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) हासिल किया। अब नियति अंडर-14 नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए इंफाल (मणिपुर) जा रही है, जहां प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवंबर से होगा। नियति की इस उपलब्धि पर प्रिंसिपल, शिक्षकों और अभिभावकों ने उसे बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### रंगोली स्पर्धा में अंजली और रजनी प्रथम



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब द्वारा मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय नशा मुक्ति, तंबाकू निषेध एवं क्षय रोग जागरूकता रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से संवेदनशील बनाना था। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. बविंदर कटोच एवं डॉ. अनुराधा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। विजेता प्रतिभागियों में प्रथम पुरस्कार अंजली एवं रजनी, द्वितीय पुरस्कार गुलशन, तृतीय पुरस्कार स्वाति एवं रंजन और सांत्वना पुरस्कार हेमंत किशोर को दिया गया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. कल्पना ऋषि, प्रो. सुनीता सिरमौरिया एवं प्रो. पूनम शर्मा ने निभाई।

### धारकंडी क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग जल्द पूरी होगी

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रुलहेड़ पंचायत के उपप्रधान ओम चंद और स्थानीय जनता ने विधायक एवं उपमुख्य सचेतक हिमाचल प्रदेश सरकार केवल सिंह पठानिया का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उपप्रधान ओम चंद ने बताया कि कनोल लग बातूनी रुलहेड मोरछ सड़क के दूसरे फेस को फॉरेस्ट क्लीयरेंस के दूसरे चरण की मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना की लगभग सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और जल्द ही इसका शिलान्यास कर कार्य आरंभ किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब जाकर साकार हो रही है। क्षेत्र के लोगों ने इसे विधायक केवल सिंह पठानिया की सक्रिय पहल और समर्पित प्रयासों का परिणाम बताया है। गांव के पुरषोत्तम, तिलक राज, चमन जरयाल, चमन साहनू, सुशील कुमार, मेघनाथ, नरेश कुमार, अनिल कुमार, चैन सिंह, बकील सिंह, काका राम, सुभाष चंद, कृष्ण कुमार सहित समस्त ग्रामवासियों ने इस उपलब्धि पर खुशी और आभार व्यक्त किया।

### नुक्कड़ नाटक से आपदा जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजोल कला मंच के कलाकारों ने पंचायत लंज खास और लपियाणा में नुक्कड़ नाटक व गीत-संगीत प्रस्तुत कर लोगों को आपदा न्यूनीकरण के प्रति जागरूक किया। कलाकारों ने नाटकों के माध्यम से संदेश दिया कि भवन या अन्य निर्माण कार्य हमेशा आपदा सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर किए जाने चाहिए, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जान-माल की हानि को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। साथ ही लोगों को ऐसे सुरक्षित भवनों के निर्माण और अपने आस-पास संभावित खतरों की पहचान करने के लिए प्रेरित किया। कलाकारों ने जनता से सतर्क और जागरूक रहकर आपदाओं के प्रति तैयार रहने का आह्वान किया।

### 3 दिवसीय क्रिया कुंडलिनी योग शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एक रूपांतरणकारी 3 दिवसीय क्रिया कुंडलिनी योग शिविर का समापन महावतार बाबाजी मेडिटेशन सेंटर कंडबाड़ी, पालमपुर में हुआ। इसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस शिविर में योगीराज अमरज्योतिजी के दिव्य आशीर्वाद से प्रतिभागियों को आध्यात्मिक वैज्ञानिक गुरुजी डॉ. प्रेमजी निर्मल द्वारा महावतार बाबाजी की क्रिया योग में दीक्षा दी गई। इस शिविर ने प्रतिभागियों को प्राचीन और आधुनिक कर्मक्षालन क्रियाओं तथा 6-चरणीय निर्मल ध्यान की आध्यात्मिक समझ को गहराई से जानने का अवसर प्रदान किया। शिविर में 49 हीलिंग ब्रीद क्रियाएं, मार्गदर्शित ध्यान सत्र, चक्र संतुलन की विधियां और गृहस्थ जीवन में आध्यात्मिकता की समझ शामिल थी। प्रतिभागियों को उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि और सुंदर संबंधों के रहस्य भी बताए गए। शांतिपूर्ण वातावरण और सुव्यवस्थित दिनचर्या ने प्रारंभिक और अनुभवी साधकों दोनों के लिए शरीर, मन और आत्मा को पुनर्जीवित करने का एक आदर्श अवसर प्रदान किया।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल उपस्थित रहे। इस अवसर पर देशभर से आए लगभग 30 कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिंदी विभाग की छात्रा वैशाली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' कविता से सबका ध्यान आकर्षित किया। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने भी अपनी कविता प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं और कहा कि 'सच सर्जरी की तरह थोड़ा दर्द देता है, लेकिन राहत भी देता है, जबकि झूठ पेनकिलर की तरह है जो अस्थायी राहत देता है पर स्थायी नुकसान पहुंचाता है।'

# एएनआरएफ के तहत सीयू व आईआईटी रोपड़ को 103 करोड़ रुपए स्वीकृत

## इंफ्रास्ट्रक्चर और रिसर्च कार्य बढ़ोतरी के लिए सीयू को 10.48 करोड़ मिले

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) के तहत केंद्रीय यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश (सीयू एचपी) और आईआईटी रोपड़ को 103 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, जिसमें से सीयू एचपी को इंफ्रास्ट्रक्चर और रिसर्च कार्य बढ़ोतरी के लिए 10.48 करोड़ रुपए की राशि मिली है।

यही नहीं रिसर्च यूनिवर्सिटी के रूप में पहचान बनाते हुए आगे बढ़ रही सीयू एचपी को रिसर्च यूनिवर्सिटी स्टेटस के नाते जेएनयू के बाद आईआरएफ में आल इंडिया रैंकिंग में दूसरा स्थान मिला है।

**रिसर्च यूनिवर्सिटी स्टेटस के नाते जेएनयू के बाद सीयू दूसरे स्थान पर**

रिसर्च क्षेत्र में सीयू एचपी का स्टाफ और शोधार्थी अच्छा कार्य कर रहे हैं, उसकी बदौलत रिसर्च स्टेटस में सीयू एचपी को जेएनयू के बाद देशभर में दूसरा स्थान की रैंकिंग मिली है। सीयू एचपी प्रशासन की मानें तो रिसर्च क्षेत्र में आगे बढ़ा जा रहा है, जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं। गौरतलब है कि दो वर्षों में सीयू एचपी के विभिन्न रिसर्च प्रोजेक्टस के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है।

### सीयू एचपी और आईआईटी रोपड़ में हुआ है एमओयू

**सीयू** एचपी ने हाल ही में आईआईटी रोपड़ के साथ एमओयू साइन किया था, उसकी पेयर स्कीम में एएनआरएफ के अंतर्गत सीयू एचपी और आईआईटी रोपड़ को कुल 103 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। इसमें से सीयू एचपी को आधारभूत ढांचे और रिसर्च बढ़ोतरी के लिए 10 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई, जो कि सीयू एचपी को प्राप्त हो चुकी है। इस तरह की योजनाओं से सीयू एचपी के शोधार्थियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। **साथी योजना में 79 करोड़ स्वीकृत :** सीयू ने साथी योजना के तहत भी आवेदन किया था। इसमें भी आईआईटी रोपड़ के साथ सीयू काम करेगा, जिसमें 79 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। खुशी की बात है कि सीयू एचपी के सांइटिस्ट और रिसर्च स्कॉलर इस दिशा में अच्छा काम कर रहे हैं।



**एएनआरएफ** के अंतर्गत सीयू एचपी और आईआईटी रोपड़ को कुल 103 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। इसमें से सीयू एचपी को आधारभूत ढांचे और रिसर्च बढ़ोतरी के लिए 10 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई, जो कि सीयू एचपी को प्राप्त हो चुकी है। साथी योजना के तहत भी आईआईटी रोपड़ के साथ सीयू एचपी काम करेगा, जिसमें 79 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है।

**-प्रो. सत प्रकाश बंसल, वाइस चांसलर, सीयू एचपी।**

# खर्चे घटाने और आय बढ़ाने पर फोकस करेगी एचआरटीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**





**हिमाचल** पथ परिवहन निगम अब खर्चे घटाने और आय बढ़ाने पर फोकस करेगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश निगम के मंडल धर्मशाला के अंतर्गत आते आरएम को जारी किए गए हैं। धर्मशाला में मंगलवार को निगम के एमडी निपुण जिंदल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें निगम के धर्मशाला मंडल के कार्यों को लेकर की गई समीक्षा की गई।

**एमडी की अध्यक्षता में हुई निगम अधिकारियों की बैठक**

एमडी डॉ. निपुण जिंदल ने मंडल के तहत आते आरएम जोगिंद्रनगर, आरएम बैजनाथ, आरएम पालमपुर, आरएम नगरोटा बगवां, आरएम धर्मशाला, आरएम जसूर, आरएम पठानकोट, व आरएम चंबा से संबंधित बस डिपुओं की कार्यप्रणाली पर चर्चा की। साथ ही सुझाव व निर्देश दिए कि संबंधित आरएम अपने-अपने कार्यक्षेत्र में निगम बसों के रूट, तेल खर्चा, स्टोर खर्चा, ओवरटाइम खर्चों जैसे पहलूओं पर कार्य करते हुए प्रयास करें कि किस प्रकार निगम इन खर्चों को कम करते हुए निगम की आय को बढ़ाया जा सकता है।

निगम के मंडल धर्मशाला के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्डा ने बताया कि समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों ने निगम सेवा को और मजबूत करने को लेकर सुझावों का आदान-प्रदान किया।

# चनौर गांव के पास सड़क हादसे में दो घायल, एक की टांग टूटी

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** पुलिस थाना डाडासीबा के अंतर्गत आने वाले चनौर गांव के तयामल रोड के समीप मंगलवार को बाइक हादसे में पैदल चल रहे व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, ढलियारा से डाडासीबा की ओर आ रहा बाइक सवार तयामल रोड के पास हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि इस स्थान पर अक्सर वाहनों की भीड़ के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। दुर्घटना में 58 वर्षीय तिलकराज निवासी चनौर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनकी टांग टूट गई है। वहीं, बाइक चालक जसविंदर सिंह (34) निवासी डाडासीबा बतबाड़ को भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को निजी वाहन से सिविल अस्पताल डाडासीबा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें आपातकालीन सेवा 108 के माध्यम से मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया। उधर, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मदन मोहन पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## एचआरटीसी बस पर हमले के आरोपी टैक्सी चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल के तहत 26 अक्तूबर रात को एचआरटीसी बस पर हुए हमले को लेकर स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से दो टैक्सी ड्राइवरों को टैक्सियों सहित दबोच लिया है। कांगड़ा के डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि टैक्सी ड्राइवर रजत गुलेरिया और अमन वर्मा की एचआरटीसी के ड्राइवर तिलकराज, कंडक्टर दामोदर दास ने पहचान की। दोनों आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस अब हमले में संलिप्त टैक्सी ड्राइवर से पूछताछ कर रही है। डीएसपी ने बताया के दोनों ड्राइवर एक कुठमां गांव से और दूसरा डढंब का रहने वाला है।

# धर्मशाला में सिगरेट व तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों के लिए लाइसेंस होगा अनिवार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** नगर निगम ने जन स्वास्थ्य प्रवर्तन की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए घोषणा की है कि शहर के भीतर सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद बेचने वाले सभी दुकानदारों के लिए अब एक अनिवार्य लाइसेंस आवश्यक होगा। यह कदम सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए एक गहन अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य व्यापार को विनियमित करना, नाबालिगों की सुरक्षा करना और धूम्रपान-मुक्त सार्वजनिक स्थानों को लागू करना है।

नगर निगम सभी मौजूदा और संभावित तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं से अपने परमिट प्राप्त करने के लिए तुरंत कार्रवाई करने को कहा है। दुकानदारों को कार्य समय के दौरान नगर निगम कार्यालय में पहुंचकर तंबाकू बिक्री लाइसेंस के लिए आधिकारिक आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। निर्धारित पंजीकरण और लाइसेंस शुल्क जमा करने, आवश्यक पंजीकरण औपचारिकताओं को पूरा करने व परिसर में हुक्का या ई-सिगरेट की अनुमति नहीं दी जाएगी। दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के भीतर हुक्का/वाटर पाइप या ई-सिगरेट (इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम) के उपयोग की अनुमति देने से सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा,

**सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की सख्ती से होगी अनुपालना**

विक्रेताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी दुकानों के आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर कोई धूम्रपान न हो, जो कोटपा के मुख्य सिद्धांतों का पालन है। नगर निगम इन नियमों को लागू करने के लिए दो मुख्य अधिनियमों का उपयोग किया है। इसमें एचपी अधिनियम, 2016 (राज्य कानून) और कोटप्पा 2003 (केंद्रीय कानून) हिमाचल प्रदेश अधिनियम (एचपी एक्ट-2016) के तहत अनिवार्य प्रावधान अनिवार्य पंजीकरण (धारा 4 और 5) सभी खुदरा विक्रेताओं को नगर निगम से लाइसेंस प्राप्त करना होगा। खुली बिक्री पर प्रतिबंध (धारा 3) सिगरेट या बीड़ी की खुली या एकल स्टिक की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है।

उत्पाद सीलबंद पैकेजिंग में ही बेचे जाने चाहिए। सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान वर्जित है। 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद बेचना अवैध है। उधर, नगर निगम धर्मशाला के आयुक्त जफर ईकबाल ने बताया कि नियमों के तहत एमसी का लक्ष्य इस लाइसेंसिंग व्यवस्था का उपयोग करके अधिनियम के सभी प्रावधानों को कुशलतापूर्वक लागू करना और धर्मशाला में सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों को बढ़ाना है।

# धर्मशाला कॉलेज में आपदा के कारण और प्रभाव बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के पर्यटन विभाग, पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में न्यू साइंस ब्लॉक में एक विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला के अभियंता वरुण गुप्ता रहे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, वैश्विक ऊष्मीकरण, पर्यावरणीय असंतुलन और बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारणों व प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जल संरक्षण, पौधरोपण और हरित पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। वरुण गुप्ता ने सुझाव दिया कि जन्मदिन, सालगिरह या विशेष अवसरों पर फ्लेक्स बैनर या कृत्रिम उपहारों की जगह जीवित पौधे भेंटकर उन्हें लगाने की परंपरा विकसित की जानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रो. तरसेम जरयाल ने मुख्य वक्ता व सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

## प्रदेश विश्वविद्यालय राज्यस्तरीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव में धर्मशाला कॉलेज की धाक

# जानवी पठानिया ने दूसरा, हर्ष ने तीसरा स्थान झटका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डॉ.** वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय राज्यस्तरीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव (समूह-1) में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। बीए तृतीय वर्ष की जानवी पठानिया ने एलोक्यूशन प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

वहीं, बीए तृतीय वर्ष के हर्ष नेगी ने मूर्तिकला प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता और कला कौशल के बल पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 65 महाविद्यालयों के लगभग 600 प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा में धर्मशाला कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और लगन से सबका ध्यान आकर्षित किया। विजेताओं के कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया, डॉ. नरेश शर्मा, डॉ. अमित कटोच, प्रो. स्वर्णलता शर्मा, प्रो. जितेंद्र और प्रो. ऋषभ जरयाल ने दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





विजेताओं को कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गगलू खप्परनाला में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** गगलू खप्परनाला गांव इन दिनों भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ है। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास आचार्य भवानी शंकर ने जब भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, राधा संग प्रेम प्रसंग और गोवर्धन पूजा का दिव्य वर्णन किया, तो पूरा कथा स्थल जय श्रीकृष्णा जय गोवर्धनधारी के जयघोषों से गूंज उठा। आचार्य भवानी शंकर ने कहा कि कृष्ण जन्म केवल एक दिव्य घटना नहीं, बल्कि सत्य, प्रेम और कर्तव्य भावना का पुनर्जन्म है। उन्होंने बताया कि मुनि गर्गाचार्य द्वारा प्रभु का नामकरण, तृणावर्त राक्षस का वध, और भगवान शंकर का बालकृष्ण के दर्शन करने गोकुल आगमन जैसे प्रसंग जीवन में भक्ति और विनम्रता का संदेश देते हैं। आचार्य ने गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया, तो श्रद्धालुओं की आंखें भक्ति भाव से नम हो गईं।

उन्होंने कहा कि गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा हमें सिखाती है कि सच्चा भक्त अपने समाज और धर्म की रक्षा के लिए कभी पीछे नहीं हटता। कथा स्थल पर भजन मंडली के मधुर सुरों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। गांव के सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन कथा स्थल पहुंचकर भक्ति रस में डूब रहे हैं।

## पालमपुर में लाखों रुपए के गहने चोरी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत सोने के गहनों की चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बंदला निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत की है कि 11 से 18 अक्तूबर के बीच अज्ञात लोगों ने उसके घर से उसके सोने की जेवर चुरा लिए, जिनकी कीमत करीब 8 लाख रुपए है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

# सकोट में सास, बहू के कमरे से चिट्टा, चरस और नकदी बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला कांगड़ा पुलिस की विषेश टीम द्वारा गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर आशा देवी पत्नी सुरेंद्र उम्र 70 साल व सुमन पत्नी संग्राम कुमार उम्र 40 साल दोनों गांव व डाकघर सकोट, नजदीक कांगड़ा मंदिर रेलवे स्टेशन, तहसील व जिला कांगड़ा के कमरे से तलाशी के दौरान 50.42 ग्राम चरस, 15.84 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) और 7800 रुपए की नकदी बरामद की है। उपरोक्त दोनों महिला आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि प्राथमिक जांच में पाया गया कि उपरोक्त महिला आरोपीगण काफी समय से नशे के अवैध व्यापार में सक्रिय थी तथा लगातार पुलिस के रडार पर थी। मंगलवार को कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त आशा देवी अपनी बहू सुमन उक्त के साथ मिलकर गांव सकोट में अपने मकान में मादक पदार्थ चिट्टा व चरस की खेप लेकर आई है तथा बेचने की फिराक में है। इस पर जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम द्वारा हालात के मध्यनजर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए सकोट गांव में इनके घर पर तलाशी के दौरान इनके कमरे से 50.42 ग्राम चरस, 15.84 ग्राम चिट्टा व 78,000 रुपए की नकदी बरामद की है।

## धोखे से अपने खाते में ट्रांसफर किए 1.87 लाख

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर में धोखाधड़ी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना पालमपुर में राजपुर निवासी भूमि राम ने 8 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि उसके समेत सभी लोग एक ही संपति के वारिस हैं। उसने आरोप लगाया कि इन लोगों ने झूठ बोलकर तथा उसे तथ्यों से अनजान रखकर उसकी माता के खाते से एक आरोपी के उसकी मां के खाते से 187629 रुपए आरोपियों में शामिल रमेश कुमार के खाते में ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ छानबीन शुरू कर दी है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सहायक समूह और स्वयंसेवी एवं मंदिर न्यास सदस्य किए सम्मानित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल की अध्यक्षता में गत दिनों महाकाल मंदिर में आयोजित भाद्रपद मेलों के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी सहयोगी संस्थाओं को मेलों के सफल आयोजन की बधाई देते हुए मेलों के सफल संचालन में सहयोग प्रदान करने वाले विभिन्न विभागों, सहायक समूहों, स्वयंसेवियों तथा मंदिर न्यास के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

**विधायक किशोरी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित**

विधायक ने कहा कि भाद्रपद मेले क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक हैं और इन आयोजनों के माध्यम से समाज में भाईचारा, सहयोग और एकता की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि भगवान की सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं होता तथा सभी को धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि मेलों के सफल आयोजन में उपमंडल प्रशासन बैजनाथ, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन दल, बिजली एवं जलशक्ति विभाग, स्वच्छता कर्मियों, तथा स्थानीय ग्राम पंचायतों का विशेष सहयोग रहा, जिनके सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफल रूप से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि महाकाल मंदिर परिसर में आवश्यक सुविधा विस्तार, पथ-प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन में सुधार के लिए विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने सहायक समूहों, स्वयंसेवियों तथा मंदिर न्यास के सदस्यों से भविष्य में भी इसी सहयोग और समर्पण की भावना से भाद्रपद मेलों का आयोजन करने का आह्वान किया।

# धर्मशाला कॉलेज में विद्यार्थियों को सरल विधियों से रॉकेट निर्माण का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** कॉलेज में रमन सोसायटी की ओर से एक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-कम-वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एईपीएल नैनीताल कंपनी के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें कंपनी के सह-संस्थापक अजय रावत और शुभम कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी रूपिन थापा, तथा एजुकेटर आकर्ष ने विशेष रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर डिग्री कॉलेज शाहपुर के विद्यार्थी एवं भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर संजीव पुरी भी उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम श्रीवत्स, संकाय सदस्य डॉ. सरिता शर्मा एवं प्रोफेसर गोविंद सिंह ने सभी अतिथियों का रोसेट समारोह के माध्यम से स्वागत एवं सम्मान किया। प्रायोगिक सत्र में विद्यार्थियों को सरल विधियों से रॉकेट निर्माण की प्रशिक्षण दिया, जहां उन्होंने अपने नवाचार, कल्पनाशक्ति और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सायंकालीन सत्र में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए रॉकेट्स का सफल प्रक्षेपण (लॉन्च) किया गया, जिसने सभी के मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की नई उड़ान भरने का जज्बा जगाया।



धर्मशाला कॉलेज में राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-कम-वर्कशॉप का आयोजन किया।

## पर्वतारोहण और साहसिक खेलों में उपलब्ध करियर अवसरों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय कॉलेज जयसिंहपुर के करियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से बेसिक माउंटेनियरिंग एवं डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें श्री साई यूनिवर्सिटी के सहयोग से विशिष्ट अतिथि सूबेदार मेजर हॉनरेरी कैप्टन चेतराम राणा तथा कैप्टन नारायण ठाकुर ने शिरकत की और विद्यार्थियों को माउंटेनियरिंग, एडवेंचर, टूरिज्म, हाई एल्टीट्यूड माउंटेनियरिंग तथा एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियों एवं कोर्सेज के प्रति जागरूक किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पर्वतारोहण और साहसिक खेलों में उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी दी। आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में आवश्यक कौशल और प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने अतिथियों का धन्यवाद किया और उनके प्रेरणादायी व्याख्यान की सराहना की। यह सेमिनार विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला पुस्तकालय में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने जिला पुस्तकालय बिलासपुर में 46 लाख रुपए की लागत से बने अतिरिक्त डिजिटल लाइब्रेरी भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस भवन का निर्माण नेशनल मिशन ऑन लाइब्रेरी के तहत किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों के लिए अलग अध्ययन कक्ष और 16 कंप्यूटर स्थापित किए गए हैं। धर्माणी ने बताया कि लाइब्रेरी में वाई-फाई, सीसीटीवी, ऑटोमेशन नेटवर्किंग और ई-बुक्स जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गई हैं। यहां से विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु डिजिटल संसाधन और शैक्षणिक वीडियो तक निःशुल्क पहुंच प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी पारंपरिक ज्ञान को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने का सेतु बनेगी और ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संसाधन सुलभ कराएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल वर्धन, कॉलेज प्रिंसिपल एस. कटवाल सहित स्थानीय गणमान्य उपस्थित रहे।

### साहित्य जगत की प्रतिष्ठित हस्ती उर्मी कृष्ण के निधन पर शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कहानी लेखन महाविद्यालय, अंबाला की प्रमुख संचालिका और साहित्य जगत की प्रतिष्ठित हस्ती उर्मी कृष्ण के निधन पर पूरे हिमाचल सहित देशभर के साहित्यकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। हिम साहित्यकार सभा के प्रदेश अध्यक्ष रतन चंद निर्झर तथा महासचिव अरुण डोगरा 'रीतू' ने संयुक्त शोक संदेश में कहा कि उर्मी कृष्ण, अपने पति स्वर्गीय महाराज कृष्ण के निधन के बाद, पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ कहानी लेखन महाविद्यालय का संचालन कर रही थीं। उनके अथक प्रयासों से इस संस्थान ने सैकड़ों कहानीकारों को दिशा दी और साहित्य जगत में अपनी अमिट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि उर्मी कृष्ण का योगदान हिंदी कहानी लेखन के क्षेत्र में अविस्मरणीय रहेगा। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और साहित्य के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। दोनों साहित्यकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि उर्मी कृष्ण जैसी व्यक्तित्व संपन्न साहित्य साधिका की कमी हमेशा महसूस की जाती रहेगी।

### कल्लर स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कल्लर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ आज विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण सिंह चंदेल ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य अंजू देवी, एसएमसी अध्यक्ष महेंद्र पाल, पूर्व अध्यक्ष रमेश राणा तथा एसएमसी के सलाहकार बाबू राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्वए सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता व नैतिक मूल्य का विकास करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज की सेवा को अपना परम कर्तव्य समझें और पूरे समर्पण के साथ शिविर की गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लें। कार्यक्रम अधिकारियों बलवंत ठाकुर एवं कांता देवी ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रूपरेखा और कार्यक्रम की योजना प्रस्तुत की। इस शिविर में कुल 31 स्वयंसेवी भाग ले रहें हैं।

### श्री नयना देवी जी के कपाली कुंड में छठ पूजा की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की पर्यटन नगरी श्री नयना देवी जी में छठ पूजा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री नयना देवी जी के प्राचीन कपाली सरोवर में डुबकी लगाई और छठ पूजा की तमाम रस्में विधिवत रूप से पूरी कीं। आसपास के क्षेत्रों में रह रहे बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासी परिवारों द्वारा कपाली सरोवर के तट पर इस वर्ष भी पारंपरिक छठ पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। यह पर्व सूर्य उपासना और शुद्धता का प्रतीक है, जो बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है, लेकिन अब देवभूमि हिमाचल में भी इसका आयोजन किया जा रहा है। शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में भी विधि वत रूप से पूरे कपाली सरोवर क्षेत्र को रंग-बिरंगे फूलों गुब्बारों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा सजावट जिसमें कलश, केले के पत्ते, दीपों की लड़ियां और पारंपरिक रंगोली से पूरा परिसर सजा हुआ है। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीतों की तैयारी शुरू की, वहीं पुरुष समुदाय पूजा सामग्री और व्यवस्था में व्यस्त रहें। श्रद्धालुओं ने बताया कि छठ पूजा का आरंभ कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि से होता है और इसका समापन षष्ठी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत रखते हैं और सूर्य देव से परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हैं। शाम के समय डूबते सूर्य को और भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा इस पर्व का मुख्य आकर्षण है।

# गोबिंदसागर झील में होगा 'बिलासपुर एक्वा फेस्ट-2025', रोमांच और पर्यटन का संगम

## 21 से 23 नवंबर तक गोबिंदसागर झील में होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा हिमाचल पर्यटन विभाग और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से 'बिलासपुर एक्वा फेस्ट-2025' का आयोजन 21 से 23 नवंबर तक किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय जल महोत्सव गोबिंदसागर झील के लुहणू से मंडी भराड़ी तक के क्षेत्र में आयोजित होगा।

मंत्री ने बताया कि यह वॉटर स्पोर्ट्स कार्निवल रोमांच, साहस और मनोरंजन का अनोखा संगम होगा। आयोजन के दौरान कई आकर्षक प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें कायकिंग एवं कैनोइंग, कंट्री बोटिंग, स्विमिंग, स्टिल वाटर राफ्टिंग और फील-फ्री कायकिंग प्रमुख हैं। इस आयोजन में देशभर के लगभग 200 से 250 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जल क्रीड़ा गतिविधियों के साथ-साथ इस अवसर पर रेडक्रॉस मेला, स्थानीय आजीविका मेला और सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएंगी, इनमें स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों को अपने उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री का अवसर मिलेगा। साथ ही आगंतुकों के मनोरंजन के लिए स्थानीय व राष्ट्रीय कलाकारों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

मंत्री ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गोबिंदसागर झील को जल एवं ईको-टूरिज्म के प्रमुख गंतव्य के रूप में विकसित करना है। इससे स्थानीय पर्यटन को नई दिशा मिलेगी, क्षेत्र की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बिलासपुर को एडवेंचर, इको और एक्वा टूरिज्म के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। धर्माणी ने सभी संस्थानों, संघों और खेल प्रेमियों से आह्वान किया कि वे उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस आयोजन को स्मरणीय और सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि 'बिलासपुर एक्वा फेस्ट-2025' की विस्तृत कार्ययोजना जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा तैयार की जा रही है, जिसकी जानकारी उपायुक्त राहुल कुमार शीघ्र साझा करेंगे।

### हिमाचल में मानसून टूरिज्म को बढ़ावा देने की तैयारी: धर्माणी

**तकनीकी** शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में मानसून सीजन के दौरान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना तैयार कर रही है। मानसून महीनों में पर्यटन गतिविधियां कम हो जाने से राजस्व और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में एक ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य मानसून सीजन को भी पर्यटन के लिए आकर्षक बनाना है, ताकि पूरे वर्ष पर्यटकों की आवाजाही बनी रहे। इसके तहत राज्य के विभिन्न जलाशयों, झीलों और प्राकृतिक स्थलों को 'मानसून टूरिज्म सर्किट' के रूप में विकसित करने की योजना पर विचार हो रहा है। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान बिलासपुर, कोल डैम, कांगड़ा, सुंदरनगर सहित अन्य क्षेत्रों में, जहां मानव निर्मित झीलों का जलस्तर वर्षभर समान रहता है, वहां वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सकता है।

# बुजुर्ग पेंशनर्स पहली बार पेंशन के लिए सड़क पर उतरे: चेतराम वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला बिलासपुर के संयोजक चेत राम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा हैं कि सरकार के पेंशनरों की देनदारियां देने के लिए टाल मटोल कर रही हैं।

हिमाचल प्रदेश सरकार के इतिहास में पहली बार हुआ हैं कि अपने हक्कों के लिए बजुर्ग पेंशनरों को सड़कों पर उतरना पड़ा हैं जैसा कि फरवरी और सितंबर 2024 में पुरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन किया था, तभी प्रदेश के पेंशनरों को महंगाई भत्ते की किस्तें मिली थी लेकिन एरियर आज तक नहीं मिल पाया हैं। सीआर वर्मा ने कहा हैं कि सरकार को बार बार चेतावनी देने के बाद भी पेंशनरों को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया, जिसकी वजह से सरकार को मांगो के बारे नोटिस देने के बाद 17 अक्तूबर 2025 को पुरे प्रदेश में जिला के मुख्यालय पर सरकार की अनदेखी के विरुद्ध सभी सेवानिवृत पेंशनर्स जिसमे बोर्ड, कार्पोरेशन सहित अन्य सभी विभागों के लगभग बीस से अधिक संगठनों व एसोसिएशन के पेंशनरों ने बढ़-चढ़कर धरना-प्रदर्शन में भाग लेते सरकार के विरुद्ध नारे बाजी के साथ आवाज बुलंद करते हुए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर तक भाग लिया, लेकिन सरकार के कान में आजतक जूं तक नहीं रेंग पाई हैं।

इसी को मद्देनजर रखते हुए अगली रणनीति बनाने के लिए प्रदेश स्तरीय हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक 7 नवंबर को जिला बिलासपुर में जिला परिषद हॉल में होने जा रही हैं।

चेत राम वर्मा ने कहा है कि वह समय दूर नहीं हैं जब प्रदेश का पेंशनर्स, बेरोजगार व जनता इन माननीयों का सड़कों व हर चैराहे पर घेरकर विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे और जनता के विरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार ने 4-4 प्रतिशत की दो महंगाई भत्ते की किस्तों पर फ्लैओवर डालकर 3 प्रतिशत किस्त देकर पेंशनरों के साथ अन्याय किया हैं, इसलिए 3 प्रतिशत की बजाय 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते की संशोधित अधिसूचना जारी की जाए।

# इशान इंटर कॉलेज वाटर स्पोर्ट्स में टेक्निकल ऑफिशियल नियुक्त



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कायकिंग एंड कनोइंग वाटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन जिला कांगड़ा के पोंग डैम में किया जा रहा है।

28 से 29 अक्तूबर दो दिवसीय वाटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन वजीर राम सिंह गवर्नमेंट कॉलेज देहरी जिला कांगड़ा द्वारा किया जा रहा है। जिसमें जिला बिलासपुर के स्थानीय कॉलेज बिलासपुर की छात्राएं अंजली शर्मा , निकिता , नैनकाषी एवं स्वामी विवेकानंद कॉलेज घुमारवीं के छात्र जसवीर सिंह भाग ले रहे हैं, जबकि बतौर टीम मेनेजर राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज बिलासपुर की प्रोफेसर रोहिणी कांता जिला के खिलाड़ियों का प्रतिनिधत्व कर रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश विवि शिमला द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज कायकिंग एंड कनोइंग वाटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में बिलासपुर के युवा एवं हिमाचल वाटर स्पोर्ट्स के महासचिव इशान अख्तर बतौर टेक्निकल ऑफिशियल सेवाएं दे रहे हैं। गौरतलब है कि राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज बिलासपुर की छात्राएं अंजली शर्मा , निकिता , नैनकाषी एवं स्वामी विवेकानंद कॉलेज घुमारवीं के छात्र जसवीर सिंह कायंकिग वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में 1000 मीटर 500 मीटर 200 मीटर इवेंट में भाग ले रहे हैं।

## वरिष्ठ नागरिक सभा ने पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम गौतम के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र बिलासपुर के पूर्व विधायक एवं प्रमुख समाजसेवी डॉ. बाबूराम गौतम (71) के निधन से बिलासपुर की वरिष्ठ नागरिक सभा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। गत दिनों उनका लंबी बीमारी के पश्चात निधन हो गया। वह मूल रूप से पंजगाई गांव के निवासी थे। मृदुभाषी, मिलनसार और हर समय लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहने के कारण वे जनता में अत्यंत लोकप्रिय थे। सभा के अध्यक्ष डॉ. जेएन मिश्रा एवं महासचिव मस्तराम वर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि डॉ. गौतम सभा के सम्मानित सदस्य थे और समय-समय पर संस्था की सहायता करते रहे। उन्होंने कहा कि उनके निधन से सभा को गहरा आघात पहुंचा है।

सभा के अन्य सदस्यों ओमप्रकाश गर्ग, राजपाल सरीन, कांता शर्मा, आशा वर्मा, रक्षा टाडू, राजकुमार टाडू, प्रो. देवीराम चौहान, डॉ. जयराम शर्मा, एस. एल. शर्मा, सुरेश नड्डा, राजेंद्र शर्मा, रणजीत कपिल, ओंकार कपिल, नवल कुमार, रामजीदास शर्मा, प्रताप सिंह भल्ला, रछपाल सिंह, अब्दुल मजीद, सीताराम, सोहनलाल कोंडल, प्रेमलाल चौहान, अरुण शर्मा, डॉ. बी. एन. शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, ओंकार गुलेरिया, के. आर. शर्मा, कमल किशोर, जीतराम सुमन, अमरनाथ धीमान, सुमन शर्मा, बाबूराम शर्मा, ई. प्रेम लाल पराशर, अशोक सैनी, राजेंद्र, देवेश्वर गौतम, बीआर वर्मा और सुशील पुंडीर सहित सभी ने डॉ. गौतम के निधन पर शोक प्रकट किया है।

# विधायक जम्वाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को बांटे प्रशस्ति पत्र




लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंट करते विधायक त्रिलोक जम्वाल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर विधानसभा क्षेत्र की रघुनाथपुरा पंचायत में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्यातिथि विधायक त्रिलोक जम्वाल ने रघुनाथपुरा, नौणी, बल्ह-भलवाणा, सिहड़ा और बंदला पंचायतों के 25 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर गरीब परिवार को सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त पक्का मकान उपलब्ध करवाना है। जमवाल ने बताया कि पिछले वर्ष हिमाचल को 97 हजार मकान स्वीकृत हुए, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य गरीबों की सेवा करना है और केंद्र सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम में बीडीओ बबिता धीमान, एसईबीपीओ जसवीर सांबयाल, पंचायत प्रतिनिधि और लाभार्थी मौजूद रहे।

# बिलासपुर कॉलेज में स्टूडेंट्स को दिए साइबर सिक्योरिटी के टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के करियर काउंसलिंग सेल और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बिलासपुर और साइबर सेल के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सिक्योरिटी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने शिरकत की। कार्यशाला में रिसोर्सपर्सन के रूप में अंशुमन, चीफ मैनेजर, आरबीओ हमीरपुर उपस्थित रहे। करियर काउंसलिंग सेल की संयोजक डॉ. नम्रता ने मुख्यातिथि का स्वागत और धन्यवाद किया ।

डॉ. कटवाल ने कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। हम सब इंटरनेट, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन बैंकिंग और ई-मेल के माध्यम से जुड़े हुए हैं, लेकिन जहां इन तकनीकों ने हमारा जीवन आसान बनाया है, वहीं साइबर अपराध (साइबर क्राइम) का खतरा भी बढ़ गया है। साइबर अपराधी (हैकर) हमारी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल्स, पासवर्ड, फोटो और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को चुराकर उनका दुरुपयोग करते हैं। कभी फिशिंग मेल के जरिए, कभी नकली वेबसाइट या सोशल मीडिया लिंक से, और कभी वायरस या मालवेयर डालकर वे हमें नुक्सान पहुंचाते हैं।

इसीलिए, हमें अपनी साइबर सुरक्षा (साइबर सिक्योरिटी) को लेकर सतर्क रहना बहुत जरूरी है। इस कार्यशाला में अंशुमन ने साइबर फ्रॉड और साइबर सिक्योरिटी के ऊपर एक प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत की।कार्यशाला में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर एसबीआई बिलासपुर से मैनेजर राहुल कुमार, संजीव कुमार, अंशुमन शर्मा, चीफ मैनेजर आरबीओ, हमीरपुर उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों के द्वारा साइबर सिक्योरिटी के बारे में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें निर्णायक मंडल में डॉ राहुल और प्रो अंजू उपस्थित रहे।

## भारी कर्ज के बीच माननीयों के वेतन में वृद्धि क्यों?: बृज लाल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल शर्मा ने कहा कि जब प्रदेश सरकार भारी कर्ज के बोझ तले दबी है, तब



विधायकों और मंत्रियों के वेतन व भत्तों में बढ़ोतरी करना जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर पहले ही एक लाख एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है और सरकार अब 200 करोड़ रुपए का नया कर्ज लेने जा रही है। ऐसे में माननीयों के वेतन बढ़ाना जनता की मेहनत की कमाई पर अतिरिक्त बोझ है। बृज लाल शर्मा ने बताया कि हाल ही में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने मिलकर वेतन व भत्तों में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायकों के वेतन अब 3 लाख रुपए से अधिक हो गए हैं, जबकि भत्तों में भी भारी इजाफा किया गया है। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों किसान, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य को छोड़कर सभी दल अपनी सुविधाओं में वृद्धि में लगे हैं। यदि सरकार को कर्ज लेकर चलाना है, तो पहले माननीय अपने वेतन घटाएं। बृज लाल शर्मा ने प्रदेश की जनता, किसानों और कर्मचारियों से अपील की कि वे इस गैर-जिम्मेदाराना नीति का विरोध करें और एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करें।

# बाल अधिकार और हिंसा रोकथाम पर हुई परामर्श बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




बैठक में उपस्थित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) द्वारा चेतना संस्था, मातृ सुधा और राष्ट्रीय बाल संरक्षण मंच के सहयोग से जिला भाषा अधिकारी कार्यालय, बिलासपुर में 'बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं हिंसा की रोकथाम' विषय पर एक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा नरेश चंदेल ने की, जबकि जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य अध्याय का संयोजन दायित्व प्रकाश बंसल, संस्थापक मानव सेवा ट्रस्ट, को सौंपा गया। बैठक में बाल संरक्षण की वर्तमान स्थिति, बाल श्रम, स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की समस्या, ऑनलाइन सुरक्षा, लैंगिक संवेदनशीलता और बच्चों के प्रति हिंसा की रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

महिला एवं बाल विकास विभाग के मिश्रा ने बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया,

### रेडक्रॉस और सहयोगी संस्थाओं ने बाल संरक्षण, ऑनलाइन सुरक्षा पर की चर्चा

जबकि दिल्ली से चेतना संस्था के निदेशक संजय गुप्ता ने बाल अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के सुझाव साझा किए। मातृ सुधा संस्था से अरविंद ने साइबर चक्रव्यूह का उल्लेख करते हुए बच्चों के प्रति बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त की।

राष्ट्रीय बाल संरक्षण मंच ने राष्ट्रीय 'बच्चों के विरुद्ध हिंसा समाप्त करने' एक्शन प्लान के अनुरूप जिला स्तर पर संस्थागत सहयोग को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। बैठक में जिला बाल अधिकार कार्य समूह के गठन, शिक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण तथा बाल अधिकार जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

इस परामर्श बैठक में जिले की लगभग 15 स्वयंसेवी संस्थाओं एवं विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों सहित 40 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण और सुरक्षा के क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख हैं अमित कुमार (सचिव, रेडक्रॉस), सत्या चंदेल (जिला बाल सुरक्षा अधिकारी), अरुण गौतम एवं सुशील पुंडीर (चेतना संस्था), सविता ठाकुर (नया सवेरा), रविंदर कुमार (चाइल्डलाइन) प्यारे लाल जनेऊ (सत्य साईं सेवा संगठन), योगेंद्र मलिक (आशा किरण), रचना मेहता (आर्ट ऑफ लिविंग) तथा सुषमा शर्मा (सामर्थ्य हमारी पहचान)। बैठक का समापन बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ किया गया।

### अंतरराज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव का तीसरा दिन

# लोक धुनों और नृत्य की रंगत ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



प्रस्तुति देते कलाकार।

बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर, बिलासपुर में जारी अंतर्राज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव के तीसरे दिन लोक धुनों और नृत्य की रंगत ने ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार लोक जीवन की सुगंध से महक उठा। मां वैष्णो सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों ने जब मंच संभाला, तो पूरा परिसर झूम उठा। मंच पर उमड़ी विविधता ने यह एहसास कराया कि भाषा, लय और लोक भले अलग हों, पर दिलों की धड़कन एक है।

कलाकारों के हर कदम और हर मुस्कान में भारतीय संस्कृति की आत्मा झलक रही थी। दर्शकदीर्घा में बैठे हर उम्र के लोग तालियों से बार-बार अपनी खुशी व्यक्त करते रहे। मानो हर प्रस्तुति, अपनेपन की एक नई कहानी कह रही हो।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि राजेश कौशल, क्षेत्रीय प्रबंधन अधिकारी, बिलासपुर ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि यह उत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि लोक विरासत के पुनर्जागरण का पर्व है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोक संस्कृति समाज को जोड़ती है, उसी प्रकार सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। कौशल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन पर बल दिया और कहा कि सुरक्षित सड़कें, सुरक्षित जीवन की नींव हैं। हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों का पालन हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि अनूप सांख्यान, सोनू ठाकुर (समाजसेवी), जतिन ठाकुर और रविंद्र चंदेल उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला भाषा-संस्कृति अधिकारी नीलम चंदेल, इंद्र सिंह चंदेल, अध्यक्ष हिम कला संगम सतपाल शर्मा, प्रदीप कुमार, मुकेश शर्मा, भगत सिंह, दौलत सिंह ठाकुर, आशीष राणा, कृष्ण लाल ठाकुर, रमेश, रघुराज, हरि कृष्ण, नरेश चौधरी, यशपाल, परम देव, पदम देव, दिनेश ठाकुर, नरेंद्र दत्त शर्मा, गायत्री शर्मा, नरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल शक्ति, विद्युत, परिवहन, एचआरटीसी, हिमुडा, योजना और राजस्व विभागों की परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। धर्माणी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करें, ताकि आम जनता को विकास योजनाओं का लाभ शीघ्र मिल सके। उन्होंने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में श्रद्धालुओं के लिए चरण गंगा से पेयजल योजना को स्वीकृति मिल गई है। साथ ही बिलासपुर शहर में नई सीवरेज योजना के तहत 3792 कनेक्शन का प्रावधान किया गया है।

विद्युत बोर्ड की समीक्षा में उन्होंने बताया कि पीएम सूर्या घर योजना के तहत 504 कार्य पूर्ण हो चुके हैं और 205 नए ट्रांसफॉर्मर लगाए जा रहे हैं। घुमारवीं में 132 केवी उपकेंद्र का निर्माण दो वर्षों में पूरा होगा, जबकि पुराने मीटरों को 45 हजार से अधिक स्मार्ट मीटरों में बदला जाएगा। मंत्री ने बताया कि एचआरटीसी वर्कशॉप बिलासपुर में ई-चार्जिंग स्टेशन शुरू कर दिया गया है और घुमारवीं में भी जल्द स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा मंडी भराड़ी में 4.38 करोड़ की लागत से नया बस स्टैंड बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानसून आपदा में प्रभावित गरीब परिवारों को राहत राशि से वंचित न रखा जाए। अब तक 24 मृतकों के परिजनों को सहायता, और तीन लाख रुपये से अधिक की फौरी राहत दी जा चुकी है। अंत में मंत्री ने सभी विभागों को कहा कि विकास कार्य केवल कागजों पर नहीं, जमीन पर दिखने चाहिए और जनता को उनके वास्तविक लाभ मिलने चाहिए।

### महंगाई: गेहूं बीज और खाद के दामों में जबरदस्त बढ़ोतरी से खेती महंगी

# केंद्र-प्रदेश सरकार ने बढ़ाया किसानों का बोझ

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



अनंत ज्ञान विशेष

**बिलासपुर।** किसानों की कमर तोड़ने वाली महंगाई पर अब सरकारों की नीतियां और भारी पड़ने लगी हैं। एक ओर केंद्र सरकार ने रासायनिक खाद की कीमतों में 400 रुपए प्रति बोरी तक की बढ़ोतरी कर दी है, वहीं प्रदेश सरकार ने गेहूं के बीज के दाम बढ़ाकर किसानों की चिंताएं और बढ़ा दी हैं। इस बार हिमाचल प्रदेश में गेहूं की बुवाई किसानों के लिए पिछले कई वर्षों की तुलना में कहीं अधिक महंगी पड़ने वाली है। कृषि विभाग ने गेहूं बीज की कीमत में प्रति किलो 7.50 रुपए का इजाफा किया है। अब 40 किलो का एक बैग 1200 रुपए में मिलेगा, जबकि पिछले साल यही बैग 900 रुपए का था। यानी किसानों को एक ही बैग पर 300 रुपए का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा।

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि सरकार ने बीज पर दी जाने वाली सब्सिडी भी घटा दी है। वर्ष 2022 में किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर 40 किलो बीज 660 रुपए में मिल जाता था। 2023 में यह 840 रुपए, 2024 में 900 रुपए और अब 2025 में बढ़कर 1200 रुपए तक पहुंच गया है। राज्य सरकार ने गेहूं बीज का मूल मूल्य 4000 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन सब्सिडी घटाकर 1500 रुपए से 1000 रुपए कर दी है। इससे किसानों को अब गेहूं का बीज 30 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदना पड़ रहा है, जबकि पिछले वर्ष यही बीज 22.50 रुपए किलो में मिलता था। किसान संगठनों का कहना है कि यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब प्रदेश के किसान भारी बरसात, भूस्खलन और फसल नुकसान से पहले ही संकट में हैं। खेती का खर्च लगातार बढ़ रहा है, जबकि उपज का मूल्य वैसा नहीं बढ़ा। किसानों का तर्क है कि सरकार को राहत देनी चाहिए थी, न कि बोझ बढ़ाना चाहिए था।

उधर केंद्र सरकार की ओर से भी किसानों को कोई बड़ी राहत नहीं मिली। हाल ही में 12-32-16 नंबर खाद की कीमत में 400 रुपए प्रति बोरी की बढ़ोतरी की गई है। पहले यह खाद 1500 रुपए में उपलब्ध थी, जो अब 1900 रुपए की हो गई है। किसानों का कहना है कि केंद्र और राज्य, दोनों सरकारें केवल घोषणाओं तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर किसानों की लागत बढ़ती जा रही है और आमदनी घट रही है। ऐसे में खेती धीरे-धीरे घाटे का सौदा बनती जा रही है। यदि सरकारों ने जल्द राहत उपाय नहीं किए तो आने वाले रबी सीजन में किसानों के लिए बुवाई करना भी मुश्किल हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मेधावियों के लिए नीट-जेईई मुफ्त कोचिंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू, चंबा के टैलेंट हंट समन्वयक विजय जरयाल ने बताया कि सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 'स्वर्ण जयंती विद्यार्थी अनुशिक्षण योजना' के तहत निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल में अवंति फैलोज संस्था का सहयोग लिया गया है। कोचिंग के लिए चयन प्रक्रिया के अंतर्गत 28 अक्टूबर को ऑफलाइन टेस्ट आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 11वीं कक्षा के विज्ञान संकाय के लगभग 415 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चली और जिले में खंड स्तर पर 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए। यह पहल न केवल ग्रामीण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तैयारी का अवसर देती है, बल्कि उन्हें मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने का आत्मविश्वास भी प्रदान करती है। प्रदेश सरकार इस योजना के माध्यम से सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित कर रही है।

### पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में सत्र 2025-26 के लिए केंद्रीय छात्र परिषद का गठन मनोनयन प्रक्रिया के तहत किया गया। अकादमिक, सांस्कृतिक, क्रीड़ा व सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 45 सदस्यों को मंगलवार पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए नवगठित परिषद को महाविद्यालय के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर दीवांशी को प्रधान, कृतांजलि ठाकुर को उपप्रधान, अक्षय को सचिव और सुनील कुमार को सह सचिव पद की शपथ दिलाई गई। समारोह का संचालन प्रोफेसर अविनाश पाल ने किया। कई प्राध्यापक और छात्रगण भी उपस्थित रहे।

### घोड़ी की चपेट में आने से महिला घायल, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में सोमवार शाम शहर के भीड़भाड़ वाले बाजार में घोड़ी दौड़ाने से महिला घायल हो गई। सत्या देवी बाजार में जा रही थीं कि बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के गेट के पास गांधी चौक से घोड़ी दौड़ाते व्यक्ति के कारण वे घोड़ी की चपेट में आ गईं। इस दौरान उनका नाक और बाजू चोटिल हुआ। आसपास के लोगों ने उन्हें फर्स्ट एड दी और अस्पताल पहुंचाया। घोड़ी का मालिक भोटा चौक का मिठाई व्यवसायी व्यक्ति है, जो अक्सर बाजार में घोड़ी दौड़ाता रहता है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 291 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवाओं को मिली नशा मुक्ति की जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उदयपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा के सहयोग से नशा जागरूकता एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता नवीन सिंह ठाकुर ने नशा मुक्ति, मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। शिविर में 206 विद्यार्थियों के साथ 32 शिक्षक और गैर-अध्यापक कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शिविर में एनएएलएसए योजनाओं के तहत युवाओं को नशा उन्मूलन और समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य सुरेश ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

### झूठ व दिखावे पर चल रही सरकारः राकेश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार झूठ और दिखावे पर चल रही है। दिवाली से पहले ठेकेदारों को भुगतान का वादा करने के बावजूद सरकार ने पैसे जारी नहीं किए, जिससे विकास कार्य ठप हैं और ट्रेजरी बंद है। विधायक निधि और पंचायत फंड भी अटके पड़े हैं। जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार अब पंचायत चुनावों से भागने के लिए बहाने बना रही है और जनता को ठहराव व ठगी की ओर धकेल रही है। भाजपा हर जिले में इस नाकारा सरकार के खिलाफ जनांदोलन चलाएगी।

### बरोट में पैराग्लाइडर की खेतों में लैंडिंग

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी के बरोट क्षेत्र में एक पैराग्लाइडर ने मुल्थान तहसील कार्यालय के समीप ऊपर सेरी गांव के खेतों में सुरक्षित लैंडिंग की। स्थानीय लोगों के अनुसार, पैराग्लाइडर ऊंचाई से उड़ान भरने के बाद हवा के तेज झोंकों के कारण निर्धारित स्थल से थोड़ा आगे उतर गया। हालांकि, पायलट पूरी तरह सुरक्षित रहा और किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पायलट की मदद की। क्षेत्र में यह दृश्य देखने के लिए लोग इकट्ठा हो गए और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

### पुलिस गश्त और समन्वय बढ़ाया जाएगा

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** जोगिंदरनगर में डीएसपी पधर देवराज ने स्थानीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ नशा निवारण और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बैठक की। उन्होंने शहर में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि इसके समाधान के लिए पुलिस और समुदाय के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है। नशा प्रभावित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और तस्करी व सेवन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। डीएसपी ने बढ़ते वाहनों और अव्यवस्थित पार्किंग से उत्पन्न समस्याओं का समाधान प्रशासन और व्यापारिक संस्थाओं के सहयोग से करने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों से नशा मुक्ति अभियान में सहयोग व ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। डीएसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

### लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरकाघाट थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से एक युवती घायल हो गई। पुलिस के अनुसार, सुमना देवी पत्नी राकेश कुमार निवासी सरकाघाट ने शिकायत दर्ज करवाई कि 23 अक्टूबर को ट्रैक्टर नंबर एचपी28 सी 4193 के चालक अशोक गुलेरिया ने वाहन को तेज और लापरवाही से चलाते हुए उसकी बेटी को टक्कर मारी, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला अभियोग संख्या 200/25 दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस मंडी ने सोमवार को 402 मोटर वाहन, 11 कोटपा (₹1100 जुर्माना) और 3 माइनिंग एक्ट के चालान भी किए।

### स्थायी पुलिस चौकी की मांग अब तक अधर में

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बिझड़ी क्षेत्र में लगभग 15 वर्षों से पुलिस सहायता कक्ष ही चल रहा है, लेकिन अब तक स्थाई पुलिस चौकी नहीं बन पाई है। स्थानीय जनता का कहना है कि 20-25 पंचायतें इस चौकी के दायरे में आती हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाएँ और कर्मचारियों के रहने की उचित व्यवस्था अभी तक नहीं हुई। हाल ही में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी स्थाई पुलिस चौकी की मांग रखी, लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। फिलहाल पुलिस सहायता कक्ष क्रिकेट स्टेडियम के पास खेल सेवा भवन में संचालित हो रहा है, जहां कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवास सुविधा नहीं है। स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछली बार सत्ता में होने पर पुलिस चौकी को डिनोटिफाइड किया गया था, लेकिन अब भी जनता को सिर्फ यह आश्वासन मिला है कि अगले दौरे पर बिझड़ी को सुविधाएँ दी जाएंगी।

### छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चम्बा में स्वच्छ विद्यालय-स्वच्छ चंबा - स्वच्छ भारत थीम के अंतर्गत स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, विद्यार्थियों और मिलेनियम बी.एड. कॉलेज सरू के प्रशिक्षुओं ने मिलकर विद्यालय परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में लगभग 120 विद्यार्थियों और प्रशिक्षुओं ने भाग लेकर स्वच्छ पर्यावरण के लिए श्रमदान किया। प्रधानाचार्य और कॉलेज समन्वयक ने छात्रों को राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय स्वच्छता अभियानों की जानकारी दी तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### गलोड़ में लग रहे व्यापार मेले का विरोध

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ के बुधवीं चैक में लग रहे व्यापारिक मेले का स्थानीय व्यापार मंडल ने कड़ा विरोध जताया है व्यापार मंडल के प्रधान सुशील कुमार व सचिव विशाल कुमार लखन पाल और अन्य व्यापारियों ने आज मेला स्थल पर पहुंचकर मेला आयोजकों से भी अपना विरोध जताया व उन्होंने इस मेले से जुड़ी हुई प्रशासन की अनुमति के बारे में जानकारी मांगी। मगर मेला आयोजक इसे नहीं दिखा पाए। अलबत्ता स्थानीय पंचायत खास गलोड के पंचायत के प्रधान का अनापत्ति प्रमाण पत्र उन्होंने दिखाया। इस मौके पर स्थिति कुछ तनाव पूर्ण भी बनी मगर इस दौरान गलोड़ पुलिस चैकी प्रभारी विनय कुमार अत्री भी अपने दल सहित मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी व्यापार मंडल के प्रधान व मेला आयोजकों से बातचीत की। उन्होंने मेला आयोजकों को सख्त हिदायत दी कि कानून व्यवस्था व यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

# 70 लाख से निर्मित होगा जजरेड से सनोटी संपर्क मार्ग : नीरज नैय्यर

## विधायक ने पधर साहो पंचायत में सामुदायिक भवन व खेल परिसर की रखी आधारशिला

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है। विधायक आज ग्राम पंचायत पधर साहो में सामुदायिक भवन एवं खेल परिसर की आधारशिला रखने के पश्चात जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चंबा विधानसभा क्षेत्र में युवाओं के लिए वर्तमान में चौगान और पुलिस मैदान बारगाह के अतिरिक्त खेलों के लिए उपयुक्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसीलिए पूरे क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकताओं में है।



विधायक ने स्थानीय जनता को सामुदायिक भवन व खेल परिसर की आधारशिला रखे जाने पर बधाई दी और बताया कि परियोजना के प्रथम चरण के लिए 35 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि शेष धनराशि का प्रावधान भी शीघ्र कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत उदयपुर में एक बड़े खेल परिसर का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए 60 लाख की राशि स्वीकृत करवाई गई है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी चम्बा को निर्देश दिए कि टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए ताकि निर्माण कार्य में देरी न हो। नीरज नैय्यर ने कहा कि साहो क्षेत्र लगभग 8 से 9 पंचायतों का केंद्र है अतः यहां एक सुसज्जित खेल परिसर का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एक भव्य खेल परिसर के निर्माण हेतु 7 करोड़ 50 लाख का प्राक्कलन तैयार कर केंद्र सरकार को प्रेषित किया गया है। दोपहर बाद विधायक नीरज नैय्यर ने ग्राम पंचायत गुवाड़ में जजरेड से सनोटी तक लगभग 3 किलोमीटर लंबे जीप योग्य संपर्क सड़क मार्ग की आधारशिला भी रखी। उन्होंने बताया कि यह सड़क पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना के तहत निर्मित की जाएगी जिस पर 78 लाख की धनराशि व्यय की जाएगी। नैय्यर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास उसकी सड़क सुविधा पर निर्भर करता है। सड़क निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होता है , बल्कि आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बल मिलता है। इस अवसर पर विधायक नीरज नैय्यर ने सड़क निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करवाने वाले भूमि मालिकों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विधायक की धर्मपत्नी भारती नैय्यर, जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार, खंड विकास अधिकारी चंबा महेश चंद्र ठाकुर, बशीर खान, जितेंद्र शर्मा, दिनेश कुमार, दीपक कुमार व अजय कुमार व सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### चरस मामले में दोषी को सात साल की सजा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विशेष न्यायाधीश-द्वितीय, चंबा रमनीक शर्मा की अदालत ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में आरोपी लालो पुत्र अल्फा, निवासी गांव तुंगला, घर बंतर, तहसील चुराह, जिला चंबा (हि.प्र.) को मादक पदार्थ तस्करी के मामले में दोषी करार देते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये के जुर्माने की सज़ा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। मामले के अनुसार, 5 नवम्बर 2019 की सुबह करीब 6:25 बजे थाना चौहारी के अंतर्गत तुनुहट्टी चेक पोस्ट पर पुलिस ने आरोपी को तलाशी के दौरान एक कैरी बैग में 808 ग्राम चरस के साथ पकड़ा था। जांच के बाद यह पाया गया कि आरोपी लालो इस चरस की सचेत और विशिष्ट कब्जे में था, जिससे उसने मादक द्रव्य अधिनियम, 1985 की धारा 20 के तहत दंडनीय अपराध किया है। थाना चोवाड़ी पुलिस द्वारा मामले की जांच पूरी कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 17 गवाहों के बयान दर्ज करवाए, जिनके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी पाया और यह सज़ा सुनाई।

# डॉ. परमार के नाम पर 'ग्रीन हॉलिडे' की मांग चौफला ने दी जलवायु चेतावनी पर प्रतिक्रिया

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की चेतावनी ने पूरे राज्य में एक नई सोच और हरियाली की चर्चा छेड़ दी है। मुख्यमंत्री ने 'हिमाचल प्रदेश ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट-2025' जारी करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन अब सिर्फ पर्यावरणीय चुनौती नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का गंभीर प्रश्न बन चुका है। उन्होंने चेताया कि यदि अभी ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियाँ इसके गंभीर परिणाम झेलेंगी। रिपोर्ट में यह भी आगाह किया गया है कि आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश में तापमान में वृद्धि और भारी वर्षा की घटनाएँ बढ़ सकती हैं, जो राज्य की पारिस्थितिकी और मानव जीवन दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण होंगी।

मुख्यमंत्री की इस चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता नवनीत चौफला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सही कहा धरती अब



चेतावनी दे रही है। ऐसे में हमें प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि भावनात्मक और व्यावहारिक कदम उठाने होंगे।

उन्होंने सुझाव दिया कि हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार के जन्मदिवस 4 अगस्त को 'ग्रीन हॉलिडे' घोषित किया जाए। चौफला ने कहा कि यह सिर्फ एक अवकाश नहीं, बल्कि 'हरित संकल्प दिवस' होना चाहिए — जिस दिन हर नागरिक एक पौधा लगाए और धरती के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए। नवनीत चौफला ने कहा कि यह पहल हिमाचल से शुरू होकर पूरे देश में एक नया हरित आंदोलन जन्म दे सकती है, धरती करे पुकार, पेड़ लगाओ हज़ार। उन्होंने कहा कि डॉ. परमार ने हिमाचल को पहचान दी, अब हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी स्मृति में हिमाचल को हरियाली की पहचान दें।

चौफला ने यह भी कहा डॉ. यशवंत सिंह परमार को 'भारत रत्न' दिलाने की बात विधानसभा में इस बार उठ चुकी है, लेकिन यह तो भविष्य ही तय करेगा कि कब यह सपना साकार होगा। हालांकि उनके नाम पर 'ग्रीन हॉलिडे' घोषित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अंत में चौफला ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में अन्य राज्य भी इस मुहिम से सबक लेंगे, और जब यह हरित क्रांति पूरे देश में फैलेगी, तब हम निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक खतरे पर विजय पा सकेंगे।

# प्रदेश की बेटी हेमा ठाकुर बनीं युवा नेतृत्व की प्रेरणा भारत सरकार ने युवा आइकन पुरस्कार से नवाजा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश के चंबा ज़िले की निवासी हेमा ठाकुर ने युवा नेतृत्व, नीति-निर्माण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय कार्यों से प्रदेश और देश में एक विशेष पहचान बनाई है। भारत सरकार के युवा कार्य एवं क्रीड़ा मंत्रालय द्वारा उन्हें विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2025 में युवा आइकन के रूप में सम्मानित किया गया है।

हेमा ठाकुर वर्ष 2012 से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ी हुई हैं और लगातार छात्र एवं युवा नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। संगठन में उन्होंने सलूणी इकाई सचिव, जिला एवं विभाग छात्र प्रमुख, प्रदेश सहमंत्री, प्रदेश मंत्री, प्रान्त छात्र प्रमुख और राष्ट्रीय मंत्री जैसी अहम जिम्मेदारियाँ निभाई हैं।

पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में (एबीवीपी केंद्र, शिमला) हेमा ठाकुर ने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता के



क्षेत्र में कई सार्थक पहलें की हैं। नीति-निर्माण, युवाओं के संगठन तथा सामाजिक सुधार को लेकर उनकी सक्रियता ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के युवा नेतृत्व की सशक्त आवाज़ बना दिया है।

शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो, हेमा ठाकुर ने एम.ए. (महिला अध्ययन) महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वार्धा से,पी.जी. डिप्लोमा (महिला विकास अध्ययन) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से, एल.एल.बी. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से तथा बी.ए. सरकारी कॉलेज सलूणी से प्राप्त की है।

वर्ष 2015 में वे भारतीय युवा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में चीन गई थीं और 21वीं सदी में महिला मुद्दे विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (डब्ल्यू.ओ.एस.वाई.) में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके साथ ही उन्होंने सिविल 20 (जी20 इंडिया) के लोकतंत्र: विगत और भविष्य कार्य-समूह में आयोजन सदस्य के रूप में भी सक्रिय योगदान दिया है।

वर्तमान में हेमा ठाकुर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सोशल मीडिया प्रदेश सह-संयोजक के रूप में कार्यरत हैं और प्रदेश में युवाओं को संगठित कर रचनात्मक दिशा देने में जुटी हुई हैं। उनकी प्रेरणादायक यात्रा यह संदेश देती है कि समर्पण, सामाजिक चेतना और नेतृत्व क्षमता से कोई भी युवा देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### नॉर्थ जोन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी की बेस्ट कैचर बनी चंपा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चुराह की धरती एक बार फिर गर्वित हुई है। मशहूर पहलवान रमेश ठाकुर की बेटी चम्पा ठाकुर ने नॉर्थ जोन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया और 'बेस्ट कैचर' का खिताब भी अपने नाम किया। इस शानदार उपलब्धि से चुराह और चंबा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। गाँव से लेकर शहर तक बधाइयों का तांता लगा है और हर कोई चम्पा की मेहनत, लगन और जुनून को सलाम कर रहा है। चंपा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और कोच को दिया और कहा, मेरी जीत सिर्फ मेरी नहीं, पूरे चुराह और चंबा की जीत है। मैं चाहती हूं कि हमारे इलाके की और बेटियां भी खेल के मैदान में अपना लोहा मनवाएं। उनकी यह उपलब्धि साबित करती है कि हिमाचल की बेटियाँ किसी से कम नहीं हैं और अगर हौसले बुलंद हों, तो पहाड़ भी झुक जाते हैं।



चंपा ठाकुर

### पंडोह में प्रवासी युवक ने लगाया फंदा, मौत

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह बाजार में एक प्रवासी युवक ने अपने किराए के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राहुल कुमार (32 वर्ष) पुत्र महावीर जोशी, निवासी संता पूरी जिला काशीगंज (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राहुल कुमार पंडोह में पिछले कई वर्षों पंडोह बाजार में गोलगप्पे की रेहड़ी लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण रहा था। वह बाजार में ही किराये के कमरे में परिवार सहित रहता था। मंगलवार सुबह उसकी पत्नी मायके से पंडोह लौटी। जब उसने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो महिला ने इसकी सूचना स्थानीय लोगों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का नजारा देख सबके होश उड़ गए। राहुल कुमार फंदे से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल मंडी भेज दिया है मगर उसके घरवालों ने बुधवार तक पहुंचने पर ही पोस्टमार्टम करने की बात की है।

# डंपिंग साइट में लगी आग से प्रदूषण की स्थिति गंभीर

## प्रभावित पंचायतों के प्रतिनिधि और ग्रामीण एडीएम से मिले, सीएम को भेजा ज्ञापन

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर की एकमात्र डंपिंग साइट में शनिवार रात्रि से लगी आग पर बुधवार को भी भरमौर प्रशासन द्वारा इस पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका हालांकि आग बुझाने के यथासंभव प्रयास उनके द्वारा किए जा रहे हैं झुलसी आग से वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है इससे संबंधित सटी पंचायतों के प्रतिनिधि व ग्रामीण आग बबूला हो गए हैं उनके द्वारा मंगलवार को एडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा गया जिसमें उन्होंने बताया कि भरमौर क्षेत्र के पट्टी नाला में स्थित डंपिंग साइट पर कई दिनों से आग लगी हुई है तथा यह घटना समय-समय पर बार-बार घटित होती रहती है।



इस कारण लगातार उठ रहे धुएं से न केवल भरमौर नगर बल्कि आसपास की संचुई, प्रघांला, हड़सर, कुगती, चौबिय व घरेड़ की पंचायतों के निवासी भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उक्त डंपिंग साइट नए अस्पताल भवन एवं लघु सचिवालय के अत्यंत निकट स्थित है, जिससे वहां कार्यरत कर्मचारियों, मरीजों एवं आम नागरिकों को भी धुएं और दुर्गंध के कारण गंभीर असुविधा हो रही है। यह स्थिति स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत चिंताजनक है।

इस धुएं के कारण वातावरण अत्यंत प्रदूषित हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों को श्वास संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बच्चे एवं वृद्धजन इस प्रदूषण से अत्यधिक प्रभावित हैं और अनेक लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो रही हैं। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। डंपिंग साइट के प्रबंधन पर लाखों रुपये व्यय किए जाने के बावजूद अब तक कोई स्थायी सुधार व समस्या का हल नहीं हुआ है। विशेष रूप से श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान यहां भारी मात्रा में कचरा एकत्रित हो जाता है, जो बाद में जलने से दुर्गंध और प्रदूषण फैलाता है। इससे न केवल स्थानीय जनता बल्कि तीर्थयात्रियों को भी काफी असुविधा होती है। इन्होंने मांग की की संबंधित विभागों को तत्काल निर्देशित किया जाए कि पट्टी नाला डंपिंग साइट पर लगी आग पर तुरंत नियंत्रण पाया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव हेतु स्थायी और वैज्ञानिक ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### चंबा मेडिकल कॉलेज की लैब व्यवस्थाओं पर दीपक भाटिया ने जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा मेडिकल कॉलेज की लैब व्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दीपक भाटिया (प्रेरणा व इंस्पिरेशन) ने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि सरकारी लैब में सभी आवश्यक टेस्ट सुचारू रूप से शुरू किए जाएं और करोड़ों की मशीनें पूरी तरह से काम करें। भाटिया ने कहा कि पांगी, सलूणी, डलहौजी, चुराह, भरमौर और भटियात के मरीज इलाज के लिए चंबा मेडिकल कॉलेज आते हैं, लेकिन सरकारी लैब में मूलभूत जांच सुविधाएं बाधित हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि सरकारी लैब की मशीनें अक्सर खराब बताई जाती हैं, जबकि प्राइवेट लैब में सीमित संसाधनों के बावजूद टेस्ट बिना रुकावट किए जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि मरीजों को सरकारी टेस्ट, निशुल्क दवाइयां और उचित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उनका कहना था कि सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल पारदर्शी और सुचारू रूप से होना चाहिए, ताकि जनता का विश्वास बढ़े।



### अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बाल विकास, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेश एवं कौशल विकास से जुड़े मुख्य संकेतकों की प्रगति की समीक्षा बैठक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रगतिशील दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया और आकांक्षी उपमंडलों के लिए तय लक्ष्यों पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से नियमित अंतराल पर समीक्षा बैठक आयोजित करने और निर्धारित मानक लक्ष्यों की प्राप्ति में आ रही समस्याओं को जिला स्तर पर साझा करने का भी आग्रह किया। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, शिक्षा, बाल विकास और आधारभूत संरचना से संबंधित संकेतकों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा की।

### 150 से अधिक लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रगतिशील संगठन साल घाटी साहो द्वारा साहो वन विश्राम गृह में एक सफल निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में साहो, प्रोथा, रजिंडू, प्लयूर, सराहन और कीडी पंचायतों से आए लगभग 150 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा कालिया ने नाड़ी परीक्षण, जांच और परामर्श के साथ आयुर्वेदिक औषधियाँ भी प्रदान की। शिविर में जोड़ों के दर्द, कमर और घुटनों की समस्याएँ, श्वास व पाचन विकार, महिला रोग, एलर्जी और त्वचा रोग जैसी समस्याओं का समाधान किया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों की निरंतरता की मांग की।

### अब तक 22.75 करोड़ के वितरित किए ऋण

**अनंत ज्ञान, पांगी।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक डीसी चौहान की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी किलाड़ के कार्यालय में उप-मंडल स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंकों द्वारा अर्जित प्रगति की समीक्षा की गई। डीसी चौहान ने बताया कि पांगी विकासखंड के अंतर्गत 46.11 करोड़ रुपए के निर्धारित ऋण लक्ष्य में अब तक 22.75 करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं, जो लक्ष्य का 49.34% है। उन्होंने बैंक प्रबंधन को जमा-ऋण अनुपात सुधारने, शाखा स्तर पर विश्लेषण करने और किसान क्रेडिट कार्ड की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। डीसी चौहान ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

### 10 रुपए की पर्ची से जनता पर बोझः जय सिंह

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह ने मंगलवार को चंबा के ऐतिहासिक चौगान नंबर-5 में एक जोरदार नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रबंधन समिति (आर.के.एस कमेटी) द्वारा जारी नए आदेश की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि 'आर.के.एस कमेटी का यह तुगलकी फरमान, जिसके तहत अब प्रत्येक मरीज से 10 रुपये की परची शुल्क वसूली जाएगी, गरीब जनता के साथ अन्याय है। जब मेडिकल कॉलेज और अस्पताल जनता के कल्याण के लिए खोले जाते हैं, तो उनसे पैसे वसूलने की नीति पूरी तरह से गलत है।' जय सिंह ने कहा कि 'अगर सरकार को वाकई शुल्क लगाना ही है, तो फिर चंबा मेडिकल कॉलेज को प्राइवेट अस्पताल घोषित कर दिया जाए।' उन्होंने आरोप लगाया कि आर.के.एस कमेटी ने यह फैसला अपने आकाओं को खुश करने के लिए लिया है, जबकि अस्पताल की व्यवस्थाएं पहले से ही बदहाल हैं। उन्होंने कहा कि 'अस्पताल की सेहत खुद बीमार हो चुकी है, और जनता इसके दर्द का इलाज ढूंढ रही है।' भाजपा नेता ने कहा कि सदर चंबा के विधायक का भी इस फैसले में अप्रत्यक्ष हाथ है।

### 4जी संतृप्ति परियोजना में लाएं तेजी : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिले में दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता सुधार को लेकर एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएसएनएल, जिओ और एयरटेल सहित विभिन्न सेवा प्रदाताओं ने भाग लिया। उपायुक्त ने भारत संचार निगम द्वारा 4जी संतृप्ति परियोजना के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे मोबाइल टावरों की प्रगति की समीक्षा की और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बीएसएनएल अधिकारियों ने बताया कि जिले में प्रस्तावित 114 टावरों में से 18 कार्यशील हैं, 70 की टेस्टिंग चल रही है और 20 टावरों का निर्माण कार्य जारी है। मुकेश रेपसवाल ने दूरसंचार सेवाओं में ओएफसी टूटने से आई बाधाओं के समाधान हेतु वैकल्पिक तकनीकें-जैसे 2जी माइक्रोवेव और सैटेलाइट लिंक-अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिले के दुर्गम क्षेत्रों तक सुदृढ़ संचार व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

### राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विजय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी में लड़कों की राज्य स्तरीय अंडर.14 खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन अवसर पर राजेश ठाकुर सेवानिवृत्त क्रिया सहायक निदेशक, अजय पांटा सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा ने शिरकत की। इस मौके पर प्रधानाचार्य जयश्री कपूर ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी तथा अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही व सन्नी ईपन अल्पसंख्यक विभाग का राज्य संयोजक को ओपी पहनाकर सम्मानित किया। प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए मंडी और सोलन ने अपना लोहा मनवाते हुए सबसे ज्यादा ट्रॉफी अर्जित की।

### पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 को

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** देशभर में पूर्व गृह मंत्री स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में जिला मंडी में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा मंडी द्वारा किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष खेमचंद संध्याना ने बताया कि दौड़ 31 अक्टूबर को सुबह 7:30 बजे पड्डल मैदान से शुरू होकर सेरी मंच में समापन होगी। उन्होंने सभी जिला और मंडल पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी सदस्यों से समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने और इस एकता के प्रतीक आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया।

**IN THE COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB SIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (H.P.).**

1. Sh. Vipan Kumar s/o Sher Singh VPO Rait, Tehsil Shahpur, Distt. Kangra (HP).
2. Smt. Diksha Devi W/o Kapil Kumar and D/o Sh. Rakesh Kumar Village Dolla PO Rajol, Tehsil Shahpur, Distt. Kangra (H.P).

Applicants..........

**V/S**

1. General Public 2. Local Registrar, Gram Panchayat Rait.

Respondents.........

**Subject:- Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954.**

Applicants Sh. Vipan Kumar S/o Sher Singh VPO Rait Tehsil, Shahpur Distt. Kangra (HP) and Smt. Diksha Devi W/o Kapil Kumar and D/o Sh. Rakesh Kumar Village Dolla PO Rajol, Tehsil Shahpur Distt. Kangra (H.P). has filed an application u/s 16 of special Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 11-10-2025 at Shri Mata Mansa Devi Mandir (Chamunda Mandir) Distt. Kangra (HP) as per Hindu rites & customs.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 02-12-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**Sd/-**
**(Kartar Chand)**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, District Kangra**

**खुद** के लिए जीने वाले की ओर कोई ध्यान नहीं देता पर जब आप दूसरों के लिए जीना सीख लेते हैं तो वे आपके लिए जीते हैं।
**-श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# उपलब्धियों के बीच चुनौतियां

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के सहयोग से जारी वर्ष 2025 की मानव विकास रिपोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। पहाड़ों की गोद में बसा यह छोटा-सा राज्य मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में न केवल राष्ट्रीय औसत से आगे निकला है, बल्कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के क्षेत्र में भी देश के शीर्ष पांच राज्यों में जगह बनाने में सफल रहा है। यह उपलब्धि हिमाचल के लोगों की मेहनत, शिक्षा के प्रति सजगता और सामाजिक मूल्यों की दृढ़ता का परिणाम है।

वर्ष 2023-24 में हिमाचल का एचडीआई 0.78 दर्ज किया गया है, जबकि राष्ट्रीय औसत 0.63 है। यह आंकड़ा बताता है कि हिमाचल ने सीमित संसाधनों के बावजूद जीवन स्तर, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मानवीय क्षेत्रों में शानदार प्रगति की है। सबसे संतोषजनक पहलू यह है कि राज्य में लोगों की औसत आयु बढ़कर 72 वर्ष हो गई है। भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी नवीनतम एसआरएस आंकड़ों में यह आयु 73.6 वर्ष बताई गई है। यानी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुलभता में हिमाचल ने उल्लेखनीय सुधार किया है।

यही नहीं, गरीबी दर घटकर मात्र सात प्रतिशत रह गई है, जो सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं की सफलता को रेखांकित करता है। स्वच्छ ऊर्जा, स्वच्छ जल, स्वच्छता और आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में हिमाचल ने देश में सबसे ऊंचे स्कोर हासिल किए हैं। यह उपलब्धियां उस राज्य की पहचान बन चुकी हैं, जिसने प्राकृतिक सीमाओं के बावजूद नीतियों और जनसहभागिता से विकास को दिशा दी है। हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था की भी मिसाल दी जा रही है। 99.20 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ अब यह राज्य लगभग पूर्ण साक्षर बन चुका है।

असर सर्वेक्षण के अनुसार, हिमाचल पढ़ने और लिखने की क्षमताओं में सुधार कर 21वें स्थान से छलांग लगाकर अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यह न केवल शिक्षा नीति की सफलता है, बल्कि इस बात का प्रमाण भी है कि हिमाचल के लोग ज्ञान को ही विकास की नींव मानते हैं। स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी राज्य की स्थिति सुदृढ़ हुई है। शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है, लेकिन रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि पशुजन्य रोगों का खतरा बढ़ रहा है, जिस पर समय रहते ध्यान न दिया गया तो यह नई चुनौती बन सकता है।

हालांकि इन उपलब्धियों के बीच आर्थिक स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले पांच वर्षों में हिमाचल की जीडीपी को औसतन चार प्रतिशत वार्षिक नुकसान उठाना पड़ा है। सीमित औद्योगिक ढांचे और निवेश की कमी के चलते राज्य की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा केंद्र से मिलने वाले अनुदानों और कर्ज पर निर्भर है। यही कारण है कि बार-बार लोन लेना हिमाचल के लिए गले की फांस बनता जा रहा है। ब्याज का बढ़ता बोझ राज्य की विकास गति को धीमा कर रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार मूलभूत क्षेत्रों-शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसंरचना पर ध्यान केंद्रित कर रही है, लेकिन आर्थिक स्थिरता के बिना इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक सुधार कठिन होगा।

हिमाचल की सबसे बड़ी चुनौती जलवायु परिवर्तन है। पिछले पांच वर्षों में मानसूनी आपदाओं से राज्य को 46,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। लगभग 1,700 लोगों ने आपदाओं में अपनी जान गंवाई। बादल फटना, भूस्खलन और अनियमित वर्षा अब आम बात हो गई है। अनियमित बरसात के कारण राज्य के 70 प्रतिशत पारंपरिक जल स्रोत सूख चुके हैं या सूखने की कगार पर हैं। इससे न केवल पेयजल संकट गहराया है, बल्कि ग्रामीण आबादी भी पलायन को मजबूर हो रही है। जंगल की आग की घटनाएं भी बढ़ी हैं 2022-23 में 856 से बढ़कर 2024-25 में 2,580 तक पहुंच गई हैं। यह संकेत हैं कि हिमाचल की पारिस्थितिकी अब संवेदनशील मोड़ पर है।

राज्य की हरित अर्थव्यवस्था और जलवायु-लचीलापन नीति की सराहना की गई है। हिमाचल देश का पहला पहाड़ी राज्य है जिसने इलेक्ट्रिक वाहन नीति को अपनाया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक सार्वजनिक परिवहन को पूर्णतः विद्युत आधारित बनाना है। यह कदम पर्यावरणीय संतुलन और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हिमाचल को अग्रणी बनाएगा, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या इन नीतियों के अमल में वही दृढ़ता दिखाई जाएगी, जिसकी वे मांग करती हैं? कागजों पर बनी योजनाएं तभी प्रभावी साबित होंगी, जब उन्हें जमीनी स्तर पर सख्ती से लागू किया जाएगा। सतत विकास लक्ष्यों के विभिन्न सूचकों पर नजर डालें, तो हिमाचल ने कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है।

गरीबी उन्मूलन में भारत ने जहां 72 स्कोर किया, वहीं हिमाचल ने 71 स्कोर हासिल किया। स्वास्थ्य और कल्याण में भारत 77 और हिमाचल 83 पर रहा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में भारत 61 जबकि हिमाचल 77 पर पहुंचा। लैंगिक समानता में भी हिमाचल ने 62 स्कोर कर देश के औसत 49 को पीछे छोड़ा। स्वच्छ जल और स्वच्छता में हिमाचल ने 99 स्कोर किया, जबकि भारत 89 पर रहा। सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा में हिमाचल ने 100 में से पूरे अंक हासिल किए, जो उसके पर्यावरणीय दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। आर्थिक विकास, उद्योग और नवाचार में अभी भी सुधार की गुंजाइश है, जबकि असमानता में कमी और न्यायपूर्ण संस्थागत ढांचे के निर्माण में हिमाचल का प्रदर्शन सराहनीय है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रथम ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज

**विजेन्द्र** कुमार सिंह भारत के प्रसिद्ध पेशेवर मुक्केबाज हैं, जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से देश को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में पहचान दिलाई। उनका जन्म 29 अक्तूबर 1985 को हरियाणा के भिवानी जिले के कलुवास गांव में हुआ था। उन्होंने भिवानी बॉक्सिंग क्लब में कोच जगदीश सिंह के निर्देशन में प्रशिक्षण लिया।


विजेन्द्र कुमार सिंह
जन्म : 29 अक्तूबर, 1985

विजेन्द्र ने 2004 के एथेंस ओलंपिक में पहली बार भाग लिया, लेकिन वेल्टर वेट वर्ग में हार गए। 2006 के राष्ट्र मंडल खेलों में उन्होंने इंग्लैंड के नील पिरकिन्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, पर दक्षिण अफ्रीका के बोनगानी मविलासी से हारकर कांस्य पदक जीता। दोहा एशियाई खेलों में भी उन्होंने कांस्य पदक प्राप्त किया। उनका सबसे बड़ा गौरव 2008 के बीजिंग ओलंम्पिक में मिला, जब उन्होंने गाम्बिया, थाईलैंड और इक्वाडोर के मुक्केबाजों को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए मुक्केबाजी में पहला ओलंपिक कांस्य पदक जीता। इस सफलता ने विजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय नायक बना दिया और भारत में मुक्केबाजी की लोकप्रियता बढ़ाई। वे आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। ■


कविता

### गमगीन चेहरे

वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन, जिला ऊना (हिमाचल प्रदेश) 9417280333

**उदास** मन घुटी-घुटी फिजाएं
रो रहा है कोई भारी-भरकम भीड़ में
अकेला व्यथित मन कोई नहीं अपना यहां
यहीं है स्वर्ग-नरक कर्मों का है खेल
जीवन से हार हो हताश वेंटिलेटर पर पड़ा इंसान
बचने की क्षीण आशा मन में पाले
आसपास के संसार से बेखबर जिंदगी जीने की तमन्ना
मन में पाले जीवन-मौत से जूझता
मौत को झुठलाने के प्रयास में
भूल जाता जन्म के साथ मौत भी निश्चित
जीना झूठ मरना सच
फंसा रहता है असमंजस में प्राणी यहां

# सेवा से संस्कार तक- एनएसएस शिविर की जीवन शिक्षा

इन दिनों प्रदेश के सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर पूरे उत्साह और समर्पण के साथ आयोजित हो रहे हैं। मेरा विद्यालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी भी इस सामाजिक और शैक्षिक पहल का हिस्सा रहा है।


**रजनीश रांगड़ा**
प्रधानाचार्य, स्वर्ण जयंती राजकीय (उत्कृष्ट) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, टौणी देवी

इस अवसर पर मुझे अपने विद्यार्थी जीवन की यादें ताजा हो जाती हैं, जब मैंने 'सेवा से संस्कार' की भावना को पहली बार अनुभव किया था। राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला मंच है, जो विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, अनुशासन, नेतृत्व और सहयोग की भावना विकसित करती है। मैंने स्वयं इसकी यात्रा विद्यार्थी के रूप में शुरू की थी और आज शिक्षक तथा प्रधानाचार्य के रूप में उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा हूं।

वर्ष 1992 का वह समय आज भी मेरी स्मृतियों में ताजा है, जब मैंने हमीरपुर कॉलेज की ओर से सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर में भाग लिया था। यह शिविर राजकीय उच्च पाठशाला कुठेड़ा में आयोजित किया गया था। उस समय शायद यह समझना कठिन था कि यह अनुभव मेरे जीवन की दिशा बदल देगा, परंतु उन सात दिनों ने मुझे आत्मनिर्भरता, सेवा और अनुशासन का असली अर्थ सिखाया। जब हम गांव की गलियों में प्रभात फेरी निकालते हुए 'नॉट मी, बट यू' का उद्घोष करते थे, तो यह एहसास गहराता चला गया कि सेवा केवल दूसरों के लिए नहीं, बल्कि अपने भीतर के मानव को जगाने का माध्यम है। गांव में सफाई अभियान चलाना, खेल मैदान की मरम्मत करना, जलस्रोतों की सफाई करना और ग्रामीणों को साक्षरता व स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना-ये सब अनुभव मेरे व्यक्तित्व के निर्माण की नींव बने।

उन दिनों हमने अपने हाथों से भोजन बनाया, झाड़ू लगाई, बर्तन धोए और रात में पहरा भी दिया। हर काम ने यह सिखाया कि कोई कार्य छोटा नहीं होता और सच्ची सफलता मेहनत और सहयोग में छिपी होती है। आज जब मैं प्रधानाचार्य के रूप में अपने विद्यालय में एनएसएस शिविर आयोजित होते देखता हूं, तो वही पुराना जोश और समर्पण विद्यार्थियों के चेहरों पर दिखाई देता है। अब मैं सहभागी नहीं, बल्कि साक्षी हूं। जब सुबह प्रभात फेरी के दौरान विद्यार्थी 'स्वच्छ गांव, सुंदर भारत' जैसे नारे लगाते हैं, तो मन गर्व से भर उठता है। शिक्षा का यही सच्चा उद्देश्य है-सेवा के माध्यम से समाज से जुड़ना। शिविर के दौरान विद्यार्थी किसी निकटवर्ती गांव को गोद लेकर वहां स्वच्छता, साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर काम करते हैं।


फाइल फोटो

वे जब नालियां साफ करते हैं, पौधे लगाते हैं या पोस्टरों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से संदेश फैलाते हैं, तो यह केवल गतिविधियां नहीं होतीं, बल्कि जीवन के मूल्य सिखाने वाले अवसर होते हैं। ग्रामीणों से संवाद करते हुए वे समाज की वास्तविकताओं को समझते हैं और जिम्मेदारी की भावना उनमें स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। हर दिन शिविर में नई भूमिका और नई सीख देता है-कोई भोजन बनाता है, कोई अनुशासन संभालता है, तो कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन करता है। इससे उनमें नेतृत्व, योजना निर्माण और टीम भावना विकसित होती है। शिविर में आयोजित विषयगत सत्र विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं। विशेषज्ञ जब पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, रक्तदान, नशामुक्ति या जीवन कौशल जैसे विषयों पर चर्चा करते हैं, तो विद्यार्थी समझते हैं कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन लाना है। शाम को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, नाटक और कविताओं के माध्यम से वे आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति के गुण सीखते हैं। जब गांव के लोग भी इन कार्यक्रमों में शामिल होते हैं, तो विद्यालय और समाज के बीच गहरा जुड़ाव बनता है। यही संबंध शिक्षा को जीवन से जोड़ता है।

एक प्रधानाचार्य के रूप में मैं यह अनुभव करता हूं कि एनएसएस विद्यार्थियों को केवल कार्यकुशल नहीं बनाती, बल्कि उन्हें जीवन के मूल्यों से जोड़ती है। जब कोई छात्र किसी वृद्ध की मदद करता है, किसी असहाय बच्चे को पढ़ाता है या किसी जरूरतमंद परिवार की सहायता करता है, तो उसके भीतर करुणा और मानवता का भाव विकसित होता है। यही सेवा भावना समाज को बेहतर बनाती है। हमारे विद्यालय के कई एनएसएस स्वयंसेवक आगे चलकर रक्तदान शिविरों, पर्यावरण अभियानों और जन-जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने यह सीखा है कि सच्ची उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं, सामूहिक होती है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य 'नॉट मी, बट यू' केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह व्यक्ति को आत्मकेंद्रित सोच से निकालकर सहयोग और समर्पण की दिशा में अग्रसर करता है। आज के समय में जब समाज को एकता, संवेदना और जिम्मेदारी की सबसे अधिक आवश्यकता है, तब एनएसएस जैसी योजनाएं युवाओं में इन मूल्यों का संचार कर रही हैं। कुल मिलाकर, एनएसएस शिविर शिक्षा को जीवन और समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। ये विद्यार्थियों को न केवल ज्ञानवान, बल्कि संवेदनशील, कर्मठ और जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। मैंने 1992 में जो सेवा और संस्कार पाए थे, अब वही अपने विद्यार्थियों में बो रहा हूं। सेवा से संस्कार तक की यह यात्रा निरंतर चलती रहे-यही सच्चा राष्ट्र निर्माण है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संवेदनहीनता : नौकरशाही और सत्ता की सबसे बड़ी त्रासदी

हमारे समय की त्रासदी यह नहीं कि समाज अन्याय से भर गया है, बल्कि यह कि संवेदनाएं धीरे-धीरे खो रही हैं। जिस देश में शासन-व्यवस्था सेवा का प्रतीक होनी चाहिए थी, वहां अब नौकरशाही शब्द ही अहंकार और दूरदर्शिता की कमी का पर्याय बन चुका है। सत्ता और नौकरशाही का यह गठजोड़ जब संवेदनहीनता के साथ मिलता है, तो शासन का चेहरा निर्दयी हो जाता है।


**डॉ. सत्यवान सौरभ**
स्वतंत्र लेखक

आज आम नागरिक के लिए सरकार एक जीवित संस्था नहीं, बल्कि एक मशीन बन चुकी है, जिसमें भावनाओं की जगह नियमों का बोझ है। छोटी-सी समस्या का समाधान पाने के लिए व्यक्ति फाइलों के जंगल में भटकता है। फोन उठाने से लेकर जवाब मिलने तक हर कदम पर एक दीवार खड़ी होती है- नौकरशाही की असंवेदनशीलता की। नौकरशाही का मूल उद्देश्य नागरिकों की सुविधा और प्रशासन की पारदर्शिता था, लेकिन धीरे-धीरे यह वर्ग अपने ही बनाए दायरे में कैद हो गया। सत्ता के निकट रहकर उसने सेवा को सत्ता-साझेदारी में बदल दिया। अधिकारी जनता के प्रतिनिधि नहीं, सत्ता के प्रतिनिधि बन चुके हैं। फाइलों पर निर्णय अब संवेदना से नहीं, किसे खुश करना है और किससे बचना जैसी मानसिकता से लिए जाते हैं। इस मानसिकता ने शासन को जीवंतता से दूर कर दिया है।

नौकरशाही अब प्रशासनिक अहंकार पाल चुकी है। फााइलें महीनों दबती हैं, नियुक्तियां लंबित रहती हैं और जब जवाब मांगा जाए तो कहा जाता है प्रक्रिया में है। यही प्रक्रिया अब बहाने का नाम बन चुकी है। जनता के सवालों का जवाब कागजों में मिलता है, पर न्याय का उत्तर खो जाता है। सत्ता अपने स्वभाव में आकर्षक होती है। यह शक्ति देती है, पर उसी शक्ति के साथ चरित्र की परीक्षा भी लेती है। दुर्भाग्य से हमारे समय की राजनीति ने इसे विशेषाधिकार समझ लिया है। सत्ताधारी तब सक्रिय रहते हैं जब प्रशंसा मिलती है और आलोचना में उनकी सहनशीलता समाप्त हो जाती है। संवेदनहीन सत्ता में जनता की पीड़ा आंकड़ों में बदल दी जाती है और संवेदना मर जाती है। संवेदनहीनता केवल प्रशासन की नहीं, समाज की भी बीमारी बन चुकी है। आज दुर्घटनाओं के वीडियो बनाए जाते हैं, पर किसी को मदद करने की हिम्मत कम होती है। गरीब की पीड़ा पर ताली बजाना आसान है, पर सहायता करना कठिन। यही मानसिकता सत्ता और जनता के बीच खाई बढ़ाती है। गांव में सड़क तब पहुंचती है जब वोट की जरूरत होती है, स्कूल में शिक्षक मीडिया हंगामे पर आते हैं, और अस्पताल में दवा मंत्री के दौरे पर।



जनसेवक शब्द अब मजाक लगता है। फाइलों और कानूनों की दुनिया में संवेदना अपवाद बन चुकी है। अधिकारी नागरिक की सुविधा से अधिक उसके इरादों पर शक करने लगे हैं। यही लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है। संवेदनहीनता सत्ता की स्थायी साथी बन चुकी है। शासन का अर्थ अब केवल नियंत्रण करना रह गया है, समझना नहीं। लोकतंत्र तब जीवित रहता है जब संवाद और सहानुभूति बनी रहती है। कानून तभी उपयोगी हैं जब वे मानवीयता की रक्षा करें और प्रशासन तभी वैध है जब वह नागरिक के दुख को अपनी जिम्मेदारी माने।

समाधान यही है कि सत्ता और नौकरशाही में संवेदना वापस लाई जाए। अधिकारी और नेता यह समझें कि पद विशेषाधिकार नहीं, जिम्मेदारी हैं। फाइलें तब तक अर्थहीन हैं जब तक उनमें इंसान की कहानी नहीं झलकती। प्रशासनिक मशीनरी को केवल प्रक्रिया नहीं, संवेदना भी सिखाई जाए। पद का अहंकार सेवा की भावना से जुड़ा होना चाहिए। लोकतंत्र का सौंदर्य उसकी करुणा में है, कठोरता में नहीं। अगर हम सत्ता और नौकरशाही में फिर से मानवीय दृष्टिकोण नहीं लाएंगे, तो अगली पीढ़ियां इसे संवेदनहीन युग कहकर याद करेंगी। शासन को प्र्, या से पहले मनुष्य, और शक्ति से पहले सुनने की आदत विकसित करनी होगी। तभी लोकतंत्र जीवित रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कार्ल जेरासी : गर्भनिरोधक गोली के जनक और विज्ञान के अद्भुत योगदानकर्ता

जन्म नियंत्रण गोली के जनक कार्ल जेरासी का जन्म 29 अक्तूबर, 1923 को ऑस्ट्रिया में हुआ था। वह ऑस्ट्रिया में जन्मे एक बल्गेरियाई-अमेरिकी दवा रसायनज्ञ थे। इसके साथ वे उपन्यासकार, नाटककार भी थे। कार्ल जेरासी ने मौखिक गर्भनिरोधक गोली (birth control pill) के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।


**संजय गोस्वामी**
अनुशक्तिनगर, मुंबई

उनकी खोज ने लाखों महिलाओं के जीवन और प्रजनन के तरीकों में क्रांति ला दी। जेरासी ने विज्ञान के क्षेत्र में न केवल शोध किया, बल्कि अपने कार्यों के माध्यम से समाज को भी नई दिशा दी। 1938 में ऑस्ट्रिया पर नाजियों के कब्जे के बाद, जेरासी और उनकी मां बुल्गारिया भाग गए। 1939 में वे संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचे, जहां उन्होंने न्यूजर्सी के नेवार्क में अध्ययन शुरू किया। प्रारंभ में उन्हें रसायन विज्ञान में रुचि विकसित हुई और इसके लिए उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययन किया। उन्होंने ओहियो के केन्योन कॉलेज और विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। जेरासी की सबसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक थी मौखिक गर्भनिरोधक गोली के लिए उपयोग होने वाला हार्मोन 'नोरेथिंड्रोन' का विकास। उन्होंने प्रोजेस्टेशनल हार्मोन के संश्लेषण पर काम किया, जो प्रोजेस्टेरोन की जैविक गतिविधियों को बनाए रखते हुए मुख द्वारा सेवन योग्य हो।

इससे पहले, इस तरह का कोई संश्लेषण संभव नहीं माना जाता था। जेरासी और उनकी टीम ने इस हार्मोन का परीक्षण विभिन्न प्रयोगशालाओं में किया, जिसमें ग्रेगरी पिंकस के नेतृत्व वाली वॉर्सेस्टर फ़ाउंडेशन भी शामिल थी। इस प्रक्रिया में उनके वैज्ञानिक ज्ञान और प्रयोगात्मक कौशल का अद्वितीय संयोजन देखने को मिला। 1957 में नोरेथिंड्रोन को मासिक धर्म संबंधी विकारों के लिए FDA द्वारा मंजूरी मिली। 1960 तक यह ओव्यूलेशन रोकने के गुणों के लिए प्रसिद्ध हो गई। इस खोज ने महिलाओं को प्रजनन नियंत्रण की स्वतंत्रता दी और जनसंख्या नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान किया। यदि गर्भनिरोधक गोली का विकास नहीं हुआ होता, तो जनसंख्या वृद्धि अधिक होती, जिससे भोजन, पर्यावरण, पानी और आवास जैसी समस्याएं गंभीर रूप से बढ़ जातीं। जेरासी का योगदान इसलिए सिर्फ विज्ञान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जेरासी न केवल एक वैज्ञानिक थे, बल्कि वे कला, साहित्य और शिक्षा के भी प्रेमी थे। उन्होंने उपन्यास और नाटक लिखे, जिनमें विज्ञान और मानव जीवन के पहलुओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। वे विज्ञान और साहित्य के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने में विश्वास रखते थे। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी अपने लक्ष्य को छोड़ा नहीं। उनके प्रयासों और योगदान के कारण उन्हें अमेरिका की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी का सदस्य चुना गया। उन्हें 1973 में राष्ट्रीय विज्ञान पदक और 1991 में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पदक से सम्मानित किया गया। जेरासी ने मेक्सिको में भी महत्वपूर्ण शोध कार्य किए। उन्होंने पादप उत्पादों और प्राकृतिक यौगिकों पर काम किया, जिससे स्टेरॉयड हार्मोन के क्षेत्र में अनुसंधान और उत्पादन में मेक्सिको को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने में मदद मिली। उन्होंने प्राकृतिक उत्पाद रसायन विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया। उनके काम ने विज्ञान की सीमाओं को बढ़ाया और तीसरी दुनिया के देशों में अनुसंधान के लिए नए अवसर खोले।




जेरासी का वैज्ञानिक दृष्टिकोण केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं था। उन्होंने समाज में महिलाओं की स्थिति, जनसंख्या नियंत्रण और स्वास्थ्य सुधार के महत्व को समझा। उनके द्वारा विकसित गर्भनिरोधक गोली ने न केवल महिलाओं को स्वायत्तता दी, बल्कि समाज और देश की आर्थिक और सामाजिक संरचना को भी प्रभावित किया। कार्ल जेरासी का निधन 30 जनवरी, 2015 को 91 वर्ष की आयु में स्टैनफोर्ड, अमेरिका में हुआ। उनकी उपलब्धियाँ और शोध आज भी विज्ञान और समाज के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट दिवस- तकनीक से मानवता तक की यात्रा

हर वर्ष 29 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। यह दिन उस ऐतिहासिक क्षण की स्मृति में मनाया जाता है, जब वर्ष 1969 में पहली बार दो कंप्यूटरों के बीच संदेश का आदान-प्रदान हुआ था। यह घटना मानव सभ्यता के इतिहास में एक नई तकनीकी क्रांति की शुरुआत थी। इसी प्रयोग से उस नेटवर्क की नींव रखी गई जिसे आगे चलकर इंटरनेट के नाम से जाना गया।


**केशव शर्मा रसिक**
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं, जिला बिलासपुर, (हि. प्र)

यह केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि मानव बुद्धि, नवाचार और सहयोग की शक्ति का प्रतीक थी। आज इंटरनेट ने जिस तरह विश्व को आपस में जोड़ा है, वह कल्पना से परे है। यह आधुनिक युग की वह अदृश्य डोर है जो संचार, ज्ञान, व्यापार और संस्कृति को जोड़ती है। जिस प्रकार बिजली ने औद्योगिक क्रांति को जन्म दिया था, उसी प्रकार इंटरनेट ने डिजिटल क्रांति की शुरुआत की। आज इंटरनेट केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता बन चुका है। संचार, व्यापार, शिक्षा, मनोरंजन, शासन और समाज-हर क्षेत्र में इंटरनेट ने अपना गहरा प्रभाव छोड़ा है। इसने मानव की सोच, जीवनशैली और कार्यशैली को मूल रूप से बदल दिया है। आज कोई भी व्यक्ति कुछ ही क्षणों में दुनिया के किसी भी कोने से संवाद कर सकता है। सूचना प्राप्त करना, विचार साझा करना और रचनात्मक अभिव्यक्ति देना पहले से कहीं अधिक सरल हो गया है।

वर्तमान समय में इंटरनेट ने गांव और शहर, देश और विदेश के बीच की भौगोलिक दूरियों को समाप्त कर दिया है। शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म ने ज्ञान को सीमाओं से परे पहुंचा दिया है। अब कोई भी विद्यार्थी इंटरनेट के माध्यम से देश या विदेश के किसी शिक्षक या संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर सकता है। व्यापार के क्षेत्र में ई-कॉमर्स ने छोटे व्यापारियों को वैश्विक बाजार से जोड़ा है। डिजिटल भुगतान प्रणाली ने आर्थिक लेन-देन को सुरक्षित, पारदर्शी और त्वरित बनाया है। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने भारत में इंटरनेट को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया है, जिससे नागरिक सेवाएं, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा और शासन की पारदर्शिता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



इंटरनेट ने सूचना के लोकतंत्रीकरण का मार्ग प्रशस्त किया है। अब ज्ञान केवल पुस्तकालयों या संस्थानों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल के रूप में पूरी दुनिया का ज्ञान-संसार समाया हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने लोगों को अपनी आवाज बुलंद करने और विचार व्यक्त करने का अवसर दिया है। समाचार, लेखन, कला और विज्ञान—हर क्षेत्र में इंटरनेट ने अभूतपूर्व परिवर्तन लाया है। हालांकि इंटरनेट का यह उजला पक्ष जितना प्रेरणादायक है, उतनी ही गहरी इसकी छाया भी है। साइबर अपराध, फेक न्यूज, ऑनलाइन ठगी, निजता का उल्लंघन, डिजिटल लत और साइबर बुलिंग जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों और युवाओं के लिए यह तकनीक वरदान के साथ-साथ चुनौती भी बन गई है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम और सोशल मीडिया पर निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। इन समस्याओं से बचने के लिए डिजिटल अनुशासन और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इंटरनेट की स्वतंत्रता का अर्थ अराजकता नहीं, बल्कि जिम्मेदार उपयोग है। हमें यह समझना होगा कि तकनीक तभी उपयोगी है जब उसका प्रयोग मानव कल्याण के लिए किया जाए। यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि तकनीक में असीम संभावनाएँ हैं, परंतु उसका सही उपयोग ही मानवता की दिशा तय करेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी जिला को मिला टीबी मुक्त भारत अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार

## स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा देवी ने शिमला में राज्यस्तरीय समारोह में किया सम्मानित



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए मंडी जिले को बेस्ट टीबी स्कोर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा देवी ने प्रदान किया।

मंडी जिला की ओर से यह पुरस्कार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली शर्मा और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरिंदम रॉय ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। मंडी जिले ने वर्ष 2025 में टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत मरीजों की समयबद्ध पहचान, उपचार की नियमितता, पोषण सहायता वितरण और जन-जागरूकता गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इन सभी प्रयासों के फलस्वरूप मंडी जिला ने पूरे प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर यह सम्मान अर्जित किया है।

### यह टीम भावना की जीत: डीसी

इस उपलब्धि पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने जिला स्वास्थ्य विभाग, आशा कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि मंडी जिला ने प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर मिलकर जो प्रयास किए हैं, वही इस सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन भविष्य में भी टीबी मुक्त समाज की दिशा में इसी समर्पण से कार्य करता रहेगा।

### मंडी स्वास्थ्य टीम का सराहनीय प्रयास: सीएमओ दीपाली शर्मा

मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी डॉ. दीपाली शर्मा ने कहा कि यह पुरस्कार मंडी जिला स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के अथक परिश्रम और जन-सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है।

## आगामी कार्यक्रमों व चुनावी तैयारियों पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। भाजयुमो की जिला स्तरीय परिचयात्मक बैठक मंगलवार को भाजपा कार्यालय सुंदरनगर में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जंवाल मुख्यातिथि रहे। इस अवसर पर जिला युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य और मंडल स्तर के युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विस्तृत चर्चा हुई। राकेश जंवाल ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा संगठन की रीढ़ है और युवा कार्यकर्ताओं का जोश व अनुशासन ही पार्टी की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि युवा ही परिवर्तन की दिशा तय करते हैं। बैठक में आगामी 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर आयोजित एकता पदयात्रा की तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ व मंडल स्तर पर युवा जोड़ो अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

# आपदा पीड़ितों को दूंगा अपने तीन महीनों का वेतन: जयराम ठाकुर

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान



बालीचौकी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्तासीन कांग्रेस सरकार में काम करने की इच्छा ही समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आपदा और संकट की घड़ी में जब जनता को सरकार से उम्मीद थी, तब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार जिम्मेदारी से भाग रही है। सरकार को युद्धस्तर पर आपदा पीड़ितों की मदद करनी चाहिए थी, लेकिन तीन साल का कार्यकाल त्रासदी और असंवेदनशीलता का प्रतीक बन गया है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार जनता की समस्याओं के बजाय भाजपा नेताओं को कोसने और अपने मित्रों को लाभ पहुंचाने में लगी है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की सराहना करते हुए कहा कि वे विकासोन्मुख नेता थे, जबकि मौजूदा मुख्यमंत्री बदले की भावना से काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास ठप है, ठेकेदारों को भुगतान नहीं हो रहा, और आपदा प्रभावितों को राहत राशि तक नहीं मिली है। ठाकुर ने घोषणा की कि वे अपने तीन महीने का वेतन आपदा पीड़ितों को देंगे, जिनके मकान पूरी तरह तबाह हुए हैं। इस मौके पर 74 आपदा पीड़ितों को समाजसेवी संस्थाओं द्वारा राहत चेक वितरित किए गए। भाजपा के कई स्थानीय नेता और पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

**बोले- प्रदेश सरकार में काम करने की इच्छा ही समाप्त**

## अवैध कब्जाधारियों की बैठक अब नवंबर के दूसरे सप्ताह में होगी : चमन राही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने जानकारी दी है कि 29 अक्तूबर को मंडी में प्रस्तावित अवैध कब्जाधारियों की आपातकालीन बैठक को अब नवंबर के दूसरे सप्ताह तक स्थगित कर दिया गया है।



उन्होंने बताया कि इस माह प्रदेशभर में शादी समारोहों एवं विभिन्न सामाजिक आयोजनों के चलते परिषद पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है। बैठक में कब्जाधारियों की सूची तैयार कर सरकार को भेजने की योजना थी, जो अब नई तिथि पर की जाएगी। चमन राही ने कहा कि नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी और सभी संबंधित संगठनों को इसकी पूर्व सूचना दी जाएगी।

## ठेकेदारों की बैठक में सूर्या कंपनी पर पारदर्शिता को लेकर उठे सवाल



एनए-003 परियोजना से जुड़े ठेकेदारों की बैठक में उपस्थित सदस्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

एनएच-003 परियोजना से जुड़े सभी ठेकेदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को प्रो. अनुपमा सिंह के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में उन ठेकेदारों ने भाग लिया, जिन्होंने सूर्या कंपनी के साथ कार्य किया है और जिनके करोड़ों रुपए के भुगतान लंबे समय से लंबित हैं। ठेकेदारों ने परियोजना में पारदर्शिता की कमी, कार्य में विलंब और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब जनता के समक्ष पूरी सच्चाई रखी जाएगी। इस सिलसिले में कल प्रातः 11:30 बजे राजमहल मंडी में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी, जिसमें ठेकेदार एनएच-003 परियोजना से जुड़े भुगतान विवादों, तकनीकी अड़चनों और सरकारी उदासीनता के पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। प्रो. अनुपमा सिंह ने कहा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में ठेकेदारों का संयुक्त प्रयास है, जिससे प्रदेश के विकास कार्यों में रुकी गति को पुनः आगे बढ़ाया जा सके।

## किसानों की समृद्धि सरकार की प्राथमिकता: ठाकुर

### भंतरेहड़ में हिम कृषि योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

कृषि विभाग द्वारा विकास खंड सुंदरनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत भंतरेहड़ में हिम कृषि योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में किसानों को आधुनिक खेती-बाड़ी के तौर-तरीकों, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण तथा मिट्टी की गुणवत्ता सुधार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार ने दूध के दाम बढ़ाकर पशुपालकों को राहत दी है, वहीं हल्दी की खेती को प्रोत्साहित करते हुए किसानों से हल्दी 90 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदने का निर्णय लिया है। सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे हिम कृषि योजना, प्राकृतिक खेती अभियान और जल संरक्षण पहलें, किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।



भंतरेहड़ में आयोजित शिविर में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर किसानों को सामान वितरित करते हुए।

उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाएं और खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़ें। इस अवसर पर कृषि विभाग के विषय विशेषज्ञ शमशेर नायक, कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर से वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, भंतरेहड़ पंचायत प्रधान दयामंती, पंचायत समिति सदस्य राजकुमार, महेश शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कृषि विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को नई फसलों की तैयारी, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण एवं जैविक खाद के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसानों को मटर का बीज भी वितरित किया गया, जिससे वे उन्नत किस्मों के बीजों का उपयोग कर उत्पादन बढ़ा सकें। ग्रामीणों ने कृषि विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक सिद्ध होते हैं।

## पुलिस थाना सुंदरनगर की बड़ी सफलता 2 युवक 329 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान



सुंदरनगर। पुलिस थाना सुंदरनगर टीम ने जिला ऊना के बंगाणा क्षेत्र के रहन वाले दो युवक के कब्जे से 329 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

**पुंघ में नाकाबंदी के दौरान बरामद हुई चरस**

प्राप्त जानकारी के अनुसार किरतपुर-मनाली फोरलेन पर मंगलवार सुबह पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी, कांस्टेबल कुलदीप और सतीश कुमार द्वारा पुंघ में नाकाबंदी के दौरान सुंदरनगर से बिलासपुर की ओर जा रहे वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सुंदरनगर की ओर से बिलासपुर जा रही कार नंबर एचपी-72-ए-1340 की चेकिंग के दौरान उसके डैशबोर्ड से 329 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार में बैठे दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की शिनाख्त राजिंद्र कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी गांव डडयार डाकघर तनोह तहसील बंगाणा जिला ऊना और मोहित पुत्र मंगत राम निवासी गांव केल्विन डाकघर तनोह तहसील बंगाणा जिला ऊना के तौर पर हुई है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से गहन पूछताछ अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस का जारी अभियान लगातार जारी है।

## पंडित सुखराम के नाम पर हो थौना प्लौन विद्युत परियोजना का नाम: आश्रय शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

दूरसंचार क्रांति के मसीहा स्व पंडित सुखराम की मंडी में प्रतिमा स्थापित करने की मांग ने एक बार फिर से जोर पकड़ा है। इस कड़ी में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं स्वर्गीय सुखराम के पोते आश्रय शर्मा ने नगर निगम पार्षद द्वारा स्व पंडित सुखराम की मंडी में प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव का समर्थन किया और इसके लिए धन्यवाद भी प्रकट किया।

उन्होंने जारी बयान में कहा कि पंडित सुखराम का जीवन हमेशा से संघर्षशील रहा व उन्होंने हमेशा हिमाचल व मंडी के विकास पर अपना ध्यान केंद्रित रखा और विकास और रोजगार उनकी प्राथमिकता रही। उन्हें अपने राजनीतिक कार्यकाल में जो भी जिम्मेदारी दी गई उस मंत्रालय और विभाग के माध्यम से उन्होंने विकास और रोजगार के साधन उत्पन्न किए। दूरसंचार की क्रांति किसी से नहीं छुपी है उन्होंने हर संभव प्रयास केंद्रीय मंत्री व मंत्री रहते अपने अधीन रहे मंत्रालयों और विभाग के माध्यम से हिमाचल और मंडी को प्राथमिकता में रख के कार्य किया चाहे वो रक्षा मंत्रालय हो, खाद्य आपूर्ति, दूरसंचार या लोक निर्माण विभाग हो, उनके अथाह प्रयासों को हिमाचल प्रदेश का हर नागरिक अच्छे से जानता है।

**मुख्यमंत्री से करेंगे अनुरोध सुखराम के योगदान को दी जाए सच्ची श्रद्धांजलि**

उन्होंने कहा कि कोटली में बहुत प्रतीक्षित थौना प्लौन विद्युत परियोजना भी स्वर्गीय पंडित सुखराम की सोच का नतीजा है जिसको सदर विधायक अनिल शर्मा के गंभीर प्रयासों से अब बहुत जल्दी धरातल पर उतरा जा रहा है। आश्रय शर्मा ने कहा कि वो जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिल कर इस थौना प्लौन विद्युत परियोजना का नाम स्वर्गीय पंडित सुखराम के नाम पर करने का अनुरोध करेंगे और मुझे उम्मीद है माननीय मुख्यमंत्री इस पर गम्भीरता पूर्वक विचार करेंगे और सरकार द्वारा ऐसा कर के ये स्व पंडित सुखराम को एक सच्ची श्रद्धांजलि पूरी हिमाचल की जनता की ओर से होगी।

## तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भांबला में खंड चिकित्सा अधिकारी बलद्वाड़ा डॉ. अनिल कुमार के सहयोग से राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-प्रधानाचार्या नीलम ने की। खंड प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षिका अचला कुमारी ने छात्रों को बीड़ी, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 9 अक्तूबर से 8 दिसंबर 2025 तक चलेगा और इसका मुख्य उद्देश्य किशोरों और युवाओं को तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से दूर रखना है। कार्यक्रम में चंपा वर्मा ने भी नशे से दूर रहने के संदेश दिए। छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए भाषण और कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में दीक्षा, बेबी और वनिता ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए, जबकि कला प्रतियोगिता में नेहा, दीक्षा और पल्लवी को क्रमशः पुरस्कृत किया गया।

## भांबला ट्रक और मिनी ट्रक ऑपरेटरों ने सीएम राहत कोष में दिया योगदान



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

दी भांबला ट्रक और मिनी ट्रक ऑपरेटर को-ऑपरेटिव सोसायटी भाम्बला के पदाधिकारीयों ने प्रधान सुनील कुमार के नेतृत्व में सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी एवम महासचिव पवन ठाकुर से मुलाकात की और मुख्यमंत्री राहत कोष में 21 हज़ार रुपए का चेक भेंट किया। ट्रक आपरेटर यूनियन व सोसायटी के पदाधिकारियों ने ट्रक आपरेटरों की समस्याओं को जल्द प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया।

ट्रक आपरेटर यूनियन भाम्बला के प्रधान सुनील कुमार ने पवन ठाकुर को ट्रक आपरेटरों की समस्याओं से अवगत करवाते हुए बताया कि गुड्स टैक्स की पैनल्टी टैक्स से भी कई गुणा अधिक है। हालात यह है कि ट्रक संचालक पहले ही मंदी की मार झेल रहे है, अब टैक्स और पैनल्टी के चलते ट्रक चालकों परेशानी कई गुणा बढ़ गई है। उन्होंने गुड्स टैक्स पर लगाई गई पैनल्टी को माफ करने की मांग की है।

पवन ठाकुर ने ट्रक आपरेटर यूनियन भाम्बला का मुख्यमंत्री राहत कोष में 21 हजार के पुनीत कार्य के लिए आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल में ट्रक आप्रेटर सोसायटी के प्रधान सुनील कुमार, उपप्रधान भूमि सिंह, सुनील कुमार भंडारी,हेत राम,अनूप शर्मा,कुलदीप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एसबीआई ने दिया 20 लाख का बीमा क्लेम

### आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार को मिला संबल, बैंक की पहल बनी मिसाल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

भारतीय स्टेट बैंक की सरकाघाट शाखा ने अपने एक ग्राहक बलदेव सिंह की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी प्रोमिला देवी गांव परसदा हवानी को 20 लाख का बीमा क्लेम प्रदान कर एक महत्वपूर्ण सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। यह बीमा राशि ग्राहक के परिवार को एक कठिन समय में आर्थिक संबल प्रदान करने हेतु दी गई, जिससे बैंक की विश्वसनीयता और सेवा भावना की झलक मिलती है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुल्तान सिंह ने बताया कि मृतक खाता धारक ने खाता खुलवाने के दौरान पर्सनल एक्सीडेंटल इंश्योरेंस स्कीम के तहत 1000 का प्रीमियम अदा किया था उसी के आधार पर ग्राहक की मौत के बाद बैंक ने पीड़ित के परिवार को 20 लाख रुपए क्लेम की राशि प्रदान की है उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक अपने ग्राहकों को केवल बैंकिंग सेवाएं ही नहीं, बल्कि बीमा निवेश और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसी विभिन्न सेवाएं भी प्रदान कर रहा है। शाखा प्रबंधक ने सभी ग्राहकों से आह्वान किया कि वे एसबीआई द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और समय पर उनका लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक कर्मचारियों की प्राथमिकता ग्राहकों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करना है, ताकि वे बैंक पर भरोसा बनाए रखें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें।



एसबीआई सरकाघाट शाखा के प्रबंधक सुल्तान सिंह मृतक ग्राहक की पत्नी प्रोमिला देवी को 20 लाख रुपए का बीमा क्लेम चेक सौंपते हुए।

**शाखा प्रबंधक ने ग्राहकों से बीमा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान**

इस मौके पर बिजनेस डवेलपमेंट मैनेजर अमित कुमार बसंत सिंह ठाकुर सन्नी धीमान और रवि ठाकुर भी मौजूद थे

**आदेश** महापौर वीरेंद्र ने दिए निर्देश, सब्जी व फल विक्रेताओं को विवि से स्थानांतरित करने का निर्णय

# इंदिरा मार्केट से अनधिकृत स्टोर व गोदाम करें खाली

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञन ब्यूरो

मंडी। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम की साधारण बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम सदन ने सरकार द्वारा मानदेय बढ़ाए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके उपरांत जिला कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी सदन को प्रदान की गई।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा व उपस्थित अधिकारी।

अधिकारियों ने बताया कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही सदन को अवगत करवाया गया कि यदि कोई अपात्र महिला इस योजना का लाभ लेती है, तो उससे प्राप्त की गई पूरी धनराशि जुर्माने के तौर पर वापस वसूल की जाएगी। इस अवसर पर महापौर ने पार्षदों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने वार्डों में पात्र लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करें और नागरिकों को योजना की सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। सदन में नगर निगम क्षेत्र के कुछ वार्डों अथवा मुहल्लों के नामों पर चर्चा की गई। सुझाव दिया गया कि यदि किसी वार्ड या क्षेत्र का नाम जातिगत अथवा अपमानजनक अर्थ रखता है तो उसे समाज के महापुरुषों, विशेषकर दलित वर्ग के महान व्यक्तित्वों के नाम पर रखा जा सकता है। इस पर सदन ने अवगत कराया कि वर्तमान में नगर क्षेत्र में ऐसे किसी वार्ड या मोहल्ले का नाम नहीं है जिसे बदलने की आवश्यकता हो। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के समीप स्थित सब्जी विक्रेताओं की दुकानों के स्थानांतरण का मुद्दा उठाया गया।

सदन ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था हेतु सब्जी व फल विक्रेता मंडी को किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को सुविधा मिल सके। इसी क्रम में इंदिरा मार्केट में जल निकासी और स्वच्छता से संबंधित कार्यों पर भी चर्चा की गई। महापौर ने निर्देश दिए कि मार्केट में जलभराव और गंदगी की समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं। इस कार्य के दौरान मार्केट के पिछले हिस्से में बने अनधिकृत स्टोर और गोदामों को खाली करवाया जाएगा, ताकि सफाई और निकासी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बैठक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विजिलेंस विभाग के अधिकारियों द्वारा भी एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर एस.पी. विजिलेंस कुलभूषण वर्मा एवं उनके साथ आए अधिकारियों ने उपस्थित पार्षदगणों और कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक किया।

इस अवसर पर उपमहपौर माधूरी कपूर, सोमेश उपाध्याय, राजेंद्र मोहन, योगराज, वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, सुमन ठाकुर, नेहा कुमारी, निर्मल वर्मा, दीपाली जसवाल, कृष्ण भानु, अंजय कुमारी, दर्शन ठाकुर, यशकांत कश्यप, नितिन भाटिया, संजय शर्मा, नगर आयुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, सहायक अभियंता नरेश, अनुभाग अधिकारी राकेश गुलेरिया व निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गोसदन बनाने के लिए भूमि पूजन कल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। अमृता सेवा समिति की विशेष बैठक समिति की अध्यक्षा सोमा राणा की अध्यक्षता में शिव मंदिर सरकाघाट में आयोजित हुई। बैठक में स्थानीय बेसहारा गो माता की सुरक्षा के लिए विस्तारपूर्व चर्चा की गई। तथा निर्णय लिया गया कि सरोली निवासी रमेश कुमार, जो पुलिस विभाग सेवानिवृत हुए हैं, जिन्होंने सरोली में गो सदन के लिए, भूमि दान की है, का भूमि पूजन 30 अक्तूबर को सरोली (घौड़ी) में सुबह 10:30 बजे, सरकाघाट के बाबा शिवगिरी ट्रस्ट के महंत श्रीश्री लक्ष्मी नारायण गिरी जी के कर कमलों द्वारा होगा। भूमि पूजन में क्षेत्रीय सामाजिक संस्थाओं में अमृता सेवा समिति, ज्येष्ठ एवम वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद इकाई सरकाघाट, गो लोक एक्सप्रेस, ब्रह्मकुमारीज, मशाल, हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति, पीयुपल वेलफेयर सोसाइटी, इनरव्हील क्लब मंडी, अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा, सरकाघाट इत्यादि संस्थाएं शामिल होंगी। बैठक में अमृता सेवा समिति की अध्यक्षा सोमा राणा, सचिव जगदीश ठाकुर, नेक राम शास्त्री, रणजीत सहित कई मौजूद थे।

## 26 नवंबर को श्रमिक कल्याण बोर्ड के खिलाफ होगा घेराव: भूपेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**सीटू राज्य सम्मेलन में मजदूरों की मांगों पर चर्चा मित्र भर्ती नीति का विरोध**

मजदूर संगठन सीटू ने राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की नीतियों के विरोध में 26 नवंबर को सभी जिलों और उपमंडलों में प्रदर्शन व बोर्ड कार्यालयों के घेराव का निर्णय लिया है। यह फैसला सोलन में संपन्न तीन दिवसीय सीटू राज्य सम्मेलन में लिया गया। मंडी जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव पिछले तीन साल से सवा लाख मनरेगा व निर्माण मजदूरों की करोड़ों की सहायता राशि जारी नहीं कर रहे हैं। चार साल पहले जमा हुए प्रपत्रों को अब वेरिफिकेशन के लिए भेजा जा रहा है और ई-केवाईसी के नाम पर राशि रोक दी गई है। सीटू ने 1 नवंबर से गांव-गांव जन अभियान चलाने और बोर्ड अध्यक्ष के दौरों के दौरान उनका घेराव करने का भी ऐलान किया। सम्मेलन में मनरेगा मजदूरों को 100 दिन का काम, 425 रुपए दैनिक वेतन और सभी जॉब कार्ड धारकों को रोजगार देने की मांग उठाई गई। पति या पत्नी के नौकरी में होने पर दूसरे सदस्य को काम न देने की प्रक्रिया का भी विरोध किया गया।



भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सुक्खू सरकार की मित्र और जॉब ट्रेनी भर्ती नीति का विरोध करते हुए सीटू ने नियमित भर्ती की मांग की है। साथ ही मिड-डे-मील, आंगनवाड़ी, आशा, आउटसोर्स, सफाई, एंबुलेंस, सिवरेज ट्रीटमेंट, सड़क, बीआरओ, फैक्ट्री और अन्य मजदूर वर्गों की मांगों को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में 53 सदस्यीय राज्य कमेटी बनी जिसमें मंडी से भूपेंद्र सिंह उपाध्यक्ष और राजेश शर्मा सचिव चुने गए।

## न्यूज ब्रीफ



सूर्य को अर्घ्य देते ही चार दिवसीय छठ पूजा पर्व का समापन हो गया। इस अवसर पर सैकड़ों प्रवासी परिवार ऊना की स्वां नदी के तट पर जमा हुए। विशेष पूजा के साथ धूमधाम से साथ छठ पूजा पर्व मनाया गया।

### दियाड़ा स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियाड़ा में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की एसएमसी प्रधान राजकुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। एनएसएस प्रभारी श्यामलाल और अमन देवी शर्मा ने स्वयंसेवकों सहित मुख्य अतिथि का हार्दिक अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, समय की पाबंदी और समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवक सात दिनों तक पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ शिविर की गतिविधियों में भाग लें तथा समाज सेवा की भावना को अपने जीवन का अंग बनाएं। मुख्यातिथि राजकुमारी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज सेवा और मानवता की सेवा ही सच्चे जीवन का उद्देश्य है। उन्होंने स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि वे विद्यालय के साथ-साथ अपने घर और समाज में भी सेवा और सहयोग की भावना बनाए रखें। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी अमन शर्मा द्वारा किया गया।

### स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एनएसएस कैंप के चौथे दिन गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भंरवाई के स्वयंसेवकों ने माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने बाबा श्री माईदास सदन में स्वच्छता अभियान चलाया और क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया। आपदा मित्र संदीप कुमार ने स्वयंसेवकों को पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया और शपथ दिलाई कि भविष्य में पॉलिथीन का इस्तेमाल नहीं करेंगे। इस अवसर पर स्वयंसेवकों के साथ लेडी प्रोग्राम ऑफिसर कुमारी शैलजा, लेक्चरर ज्योग्राफी, मेल प्रोग्राम ऑफिसर सुनील कुमार, लेक्चरर मैथमेटिक्स, सुरेश कुमारी, लेक्चरर बायो और आरती शर्मा टीजीटी आर्ट्स, कृष्ण चंद्र वोकेशनल टीचर आदि उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर आपदा मित्र संदीप कुमार ने कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है और हमें अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए।

### योग साधना से स्वास्थ्य व आत्मबल का विकास

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज का दिन योग, स्वास्थ्य और सेवा भावना का प्रतीक बना। प्रातःकाल योग शिक्षक रमेश ठाकुर के निर्देशन में सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भुजंगासन जैसे आसनों का अभ्यास किया गया। रमेश ठाकुर ने योग के वैज्ञानिक लाभ और स्वास्थ्यवर्धक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग तन और मन को सशक्त बनाने के साथ आत्मविश्वास और अनुशासन भी सिखाता है। योग सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने अनुभव साझा किए और कहा कि यह साधना उन्हें मानसिक स्थिरता, आत्मबल और एकाग्रता सिखाती है। कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने योग शिक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि युवा योग को जीवनशैली में अपनाएं, तो व्यक्तिगत और सामाजिक स्वास्थ्य में सुधार संभव है। शिविर में स्वयंसेवकों ने राजली-बनयाला मार्ग की झाड़ियों की सफाई करते हुए श्रमदान किया, जो समाज सेवा, स्वच्छता और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बना। स्थानीय निवासी बलदेव सिंह ने युवा स्वयंसेवकों की सराहना की। बलवंत सिंह ने कहा कि शिविर इस संदेश के साथ आगे बढ़ा कि 'योग, सेवा और स्वच्छता जीवन की सार्थक दिशा हैं, जो एक सशक्त भारत की नींव रखती हैं।'

# बंगाणा पुलिस टीम ने गाड़ी से 1920 बोतल अवैध शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा में थाना प्रभारी रोहित चौधरी के नेतृत्व में अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है।

सोमवार देर रात पुलिस की टीम ने नाका अभियान के दौरान एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 160 पेटियां (कुल 1920 बोतलें) देसी शराब वीआरवी संत्रा की बरामद की हैं। यह शराब अश्वनी पुत्र अमर सिंह निवासी गांव बग्ग, डाकघर मराना, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर की पिकअप ट्रॉला (नंबर एच पी 67-6426) से बरामद की गई। आरोपी की उम्र 45 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने मौके पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई देर रात तक चली और पुलिस की चौकसी के चलते आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि उपमंडल बंगाणा में माफिया की कोई जगह नहीं है, चाहे वह शराब माफिया हो, खनन माफिया या अन्य किसी अवैध धंधे



शराब की खेप के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

में लिप्त व्यक्ति। पुलिस टीम निरंतर इलाके में गश्त कर रही है और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। सूत्रों के अनुसार इंस्पेक्टर रोहित चौधरी स्वयं कई बार सिविल वेश में विभिन्न इलाकों में घूमकर हालात का जायजा लेते हैं। इसी सख्त निगरानी व तत्परता के कारण उपमंडल में माफिया गिरोहों में हड़कंप मचा हुआ है। दर्जनों अवैध गतिविधियों को अब तक पकड़ा जा चुका है, जिससे कानून व्यवस्था को मजबूत करने में बड़ी मदद मिली है। थाना प्रभारी रोहित चौधरी का स्पष्ट कहना है कि अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति के साथ न तो कोई समझौता होगा और न ही किसी की सिफारिश सुनी जाएगी। उन्होंने जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध शराब, खनन या अन्य गैरकानूनी कार्यों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बंगाणा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से यह संदेश साफ है कि कानून तोड़ने वालों के लिए अब कोई राहत नहीं। इंस्पेक्टर रोहित चौधरी की अगुवाई में पुलिस विभाग की यह मुहिम माफियाओं की कमर तोड़ने में निर्णायक साबित हो रही है, जिससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत हुई है।

## प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में गिरावट: नवदीप महे

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा ब्लॉक अध्यक्ष नवदीप महे ने मंगलवार को जारी ब्यान में कहा है, हमारी महासभा की टीम द्वारा एक बैठक की गई थी जिसमें हमने महासभा की जिला स्तरीय स्टूडेंट यूनियन बना रहे है जिसका नाम स्टूडेंट्स फ्रंट हिमाचल प्रदेश रहेगा। इसका कार्य छात्रों के हितों के लिए किया जाएगा, सभी महाविद्यालय में शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना तथा ऐसे कई मुद्दे है जिसकी लड़ाई हमारी स्टूडेंट यूनियन लड़ेगी। जल्द ही सभी जिला के महाविद्यालयों में स्टूडेंट यूनियन की कार्यकारिणी लगा दी जायेगी हमारे पास ऐसे कई विद्यार्थी आते है जो अपनी कॉलेज की परेशानियां बताते है और उनकी कोई उचित सुनवाई नहीं की जाती। यदि कोई विद्यार्थी हमारी यूनियन के साथ जुड़ना चाहता है वह इस नंबर पर हमसे संपर्क कर सकते है 9816604003. साथ ही प्रदेश में शिक्षा के स्तर में भारी गिरावट दर्ज हुई है, जिससे प्रदेश का देश में 21वां स्थान हो गया है। कभी टॉप-3 में आने वाला हिमाचल अब शिक्षा के मामले में पिछड़ गया है। शिक्षा के स्तर में गिरावट के कारणों में सरकारी स्कूलों की कमी, शिक्षकों की कमी और शिक्षा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है।

## जोगेंद्र जल शक्ति विभाग पर बरसे, बोले- राजली बन्याला में छह माह से जल संकट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत ग्राम पंचायत तनोह लठियाणी के बीडीसी सदस्य व भाजपा नेता जोगेंद्र देव आर्य ने राजली बन्याला गांव में पिछले छह से सात महीनों से जारी पेयजल संकट को लेकर विभाग पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि गांव के सैकड़ों लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं, लेकिन जलशक्ति विभाग आंखें मूंदे बैठा है। जोगेंद्र देव आर्य बोले कि उक्त गांव के सैकड़ों घर के जल कनेक्शन में कई महीनों से पानी नहीं आ रहा है। उन्होंने कई बार विभाग में शिकायत दर्ज करवाई, यहां तक की ऑनलाइन पोर्टल पर भी शिकायतें भेजीं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आर्य ने कहा कि पहले उनके लाइन पर हैप्पी नामक व्यक्ति पानी छोड़ता था, अब नया जिम्मेदार पवन (नेरी से) है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। विभाग की ओर से बार-बार पाइप लाइन ब्लॉक होने का कारण बताया जा रहा है, जबकि उसी लाइन पर उनके घर से पहले तक सभी कनेक्शनों में नियमित रूप से पानी पहुंच रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल कुछ कनेक्शनों तक सीमित है, जिसकी जांच करना विभाग की जिम्मेदारी बनती है। भाजपा नेता जोगेंद्र देव आर्य ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब जनता को मूलभूत सुविधाएं ही नहीं मिल रहीं, तो यह शासन-प्रशासन की विफलता का प्रतीक है। छह महीने से अधिक समय से ग्रामीण जल संकट झेल रहे हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी मौके पर जाने की भी जहमत नहीं उठा



रहे। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अन्य ग्रामीणों जैसे सतीश कुमार, रीना देवी और कुसुम ने भी बताया कि पानी की किल्लत के कारण उन्हें रोजमर्रा के कामों के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार उन्हें पड़ोसी गांवों से पानी लाना पड़ता है। जोगेंद्र देव आर्य ने प्रशासन व विभाग से तुरंत पाइप लाइन की जांच कर सुधार कार्य करने की मांग की है, ताकि उन्हें पेयजल सुविधा नियमित रूप से मिल सके। भाजपा नेता जोगेंद्र देव आर्य ने कहा कि यह मुद्दा अब जनता का आंदोलन बनेगा, यदि विभाग ने जल्द ध्यान नहीं दिया। वहीं, विभागीय अधिकारियों ने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

## मलकीत सिंह बने हिमाचल एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छपरोह के एक गरीब परिवार से संबंध रखने वाले मलकीत सिंह की हिमाचल प्रदेश एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्ति होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मलकीत सिंह द्वारा पिछले 22 वर्षों से संघ के कार्यकर्ता के रूप में कई दायित्वों का निर्वहन किया गया है। धार क्षेत्र से संबंध रखने वाले मलकीत सिंह को प्रत्येक वर्ग का साथ मिल रहा है। कड़ी मेहनत और पार्टी के प्रति समर्पित भावना के कारण छोटी सी उम्र में पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा गया है। मंगलवार को लगभग 200 कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी और आशीर्वाद प्राप्त किया। चिंतपूर्णी में प्रदेश सचिव बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मलकीत सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि शीर्ष पार्टी नेतृत्व और बड़े नेताओं का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझे छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। वह उसे पूरी निष्ठा भाव से निभाएंगे। उन्होंने चिंतपूर्णी में स्वागत के लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया है। पत्रकारों द्वारा 2027 के विधानसभा चुनाव में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा, पार्टी जो भी दायित्व देगी उसका ईमानदारी से निर्वहन करुंगा।

## डीसी ने ऊना स्कूल में मिड-डे मील व्यवस्था का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने आज(मंगलवार) को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊना का दौरा कर सरकार द्वारा संचालित मिड-डे मील योजना का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने न केवल विद्यार्थियों को परोसे जा रहे मिड-डे मील की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था तथा मात्रा की गहनता से जांच की, बल्कि छात्राओं के साथ बैठकर भोजन भी किया और स्वयं भोजन की गुणवत्ता व स्वाद का अनुभव लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोई की साफ-सफाई और भंडारण व्यवस्था पर संतोषव्यक्त किया तथा मिड-डे मील वर्करों के प्रयासों की सराहना भी की। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त जतिन लाल ने इस विद्यालय को अपना विद्यालय योजना के अंतर्गत गोद लिया है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को



मिड-डे-मील चेक करते उपायुक्त जतिन लाल।

बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए मिड-डे मील हेतु डाइनिंग हॉल का निर्माण किया जाए ताकि छात्राएँ स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण में भोजन कर सकें। इस पर प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा ने बताया कि इसके लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा अनुमान (एस्टीमेट) तैयार कर लिया गया है। साथ ही, विद्यालय की छात्राओं ने भी उपायुक्त को बताया कि विद्यालय में उन्हें प्रतिदिन पौष्टिक और स्वस्थ भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। इस दौरान उपायुक्त जतिन लाल ने ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके अध्ययन, भविष्य की योजनाओं और करियर विकल्पों के बारे में चर्चा की तथा उन्हें प्रेरणादायक सुझाव दिए।

उपायुक्त ने विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली की सराहना की। इस दौरान प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा और शारीरिक शिक्षा अध्यापक विनोद ने उपायुक्त को बताया कि विद्यालय आगामी राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता (गर्ल्स अंडर-19) की मेजबानी करेगा, जो जनवरी 2026 में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों तथा 9 विशेष यूनिटों की टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर मिड-डे मील इंचार्ज मैडम पल्लवी कौंडल, पूजा कौंडल सहित विद्यालय स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## किसान भूमि व फसल की स्थिति देखकर करें सिंचाई

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जायका चरण - II के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधक इकाई ऊना द्वारा उप परियोजना सैंसोवाल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सिंचाई और जल प्रबंध के सिद्धांत और प्रथाएं विषय पर आयोजित किया गया। इसमें 65 किसानों ने भाग लिया। कृषि विशेषज्ञ मनीषा शर्मा ने सभी किसानों के साथ परियोजना की विस्तृत रूप में चर्चा की।

खेती में पानी का सही उपयोग फसल उत्पादन को बढ़ाने का सबसे प्रभावी तरीका है। किसानों को सिंचाई के आधुनिक सिद्धांतों और जल प्रबंधन के सही अभ्यासों को अपनाना चाहिए ताकि कम पानी में अधिक पैदावार प्राप्त की जा सके। प्रशिक्षण शिविर में बताया कि सिंचाई का मुख्य सिद्धांत है सही समय पर, उचित मात्रा में और समान रूप से पानी देना। अधिक या कम पानी



शिविर में उपस्थित किसान और विभागीय विशेषज्ञ।

दोनों ही फसल के लिए हानिकारक होते हैं साथ ही यह भी बताया गया हर फसल की पानी की जरूरत अलग होती है, इसलिए किसानों को अपनी मिट्टी और फसल की स्थिति देखकर सिंचाई करनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि जल प्रबंधन के प्रमुख व्यवहारिक उपाय खेतों का समतलीकरण करना, बरसात के पानी का संचयन करना, मल्चिंग द्वारा मिट्टी की नमी बनाए रखना और ड्रिप व स्प्रिंकलर जैसी आधुनिक सिंचाई तकनीकें अपनाना। इन उपायों से न केवल पानी की बचत होती है बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है। कृषि प्रसार अधिकारी वीर विवेक सिंह ने प्रशिक्षण शिविर के दौरान किसानो को रबी किचन गार्डन किट बांटी और किसानो को अपने घर में जैविक सब्जियां उगाने और ज़हर मुक्त खेती करने के लिए प्रेरित किया। कृषक विकास संघ के प्रधान अश्वनी कुमार व उपस्थित सभी किसानो ने किचन गार्डन किट एवं उससे सम्बंधित जानकारी देने पर जायका परियोजना का आभार व्यक्त किया और साथ ही यह आश्वासन दिया की वो किचन गार्डनिंग करके स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएंगे।

## दुलेहड़ में श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म की झांकी

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली क्षेत्र के गांव दुलेहड में श्रीमद् भागवत कथा में श्री राधे-कृष्ण की महिमा का गुणगान किया । इस दौरान श्री कृष्ण जन्म की आकर्षिक झांकी निकाली गई। धार्मिक समागम गोविंद धाम गोशाला स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर दुलेहड़ में चल रही है। भगवान की महिमा का गुणगान श्रवण करने के लिए क्षेत्र के भक्त आ रहे हैं। भागवताचार्य आचार्य तरुण डोगरा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म भक्तों के उद्धार के लिए हुआ। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण से लगन लगाओ और हरे कृष्णा का जाप करते रहो। भगवान अपने भक्त की हर विपता को हर लेते हैं। पंडित किशोरी ने बताया कि श्री राधे कृष्ण मंदिर दुलेहड़ में 23 से 30 तक श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा रोजाना स्मय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हो रही है कथा उपरांत लंगर की व्यवस्था होगी ।

## आरुषि को मिली बैडमिंटन किट

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखने वाली होनहार बैडमिंटन खिलाड़ी आरुषि चौधरी के चेहरे पर अब मुस्कान लौट आई है।

राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने से पहले उसे अपनी जरूरत की स्पोर्ट्स किट मिल गई, जिसे पत्रकार स्पर्श शर्मा और समाजसेवी विश्वजीत पटियाल ने उपलब्ध करवाई। गगरेट ब्लॉक के गांव अंदौरा की रहने वाली 11 वर्षीय आरुषि का हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद में होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण किट का प्रबंध करना मुश्किल हो गया था। इसी बीच पत्रकार स्पर्श शर्मा और समाजसेवी विश्वजीत पटियाल ने आगे बढ़कर मदद का हाथ बढ़ाया। किट लेने के लिए आरुषि अपने पिता दिनेश चौधरी और कोच



राकेश सोनी के साथ स्पर्श शर्मा के पास गई। आरुषि और उनके कोच ने खेल के हिसाब से आवश्यक सामान चुना। नई किट पाकर आरुषि के चेहरे पर आत्मविश्वास झलक उठा। पत्रकार स्पर्श शर्मा ने कहा, आरुषि को खेलते हुए देखा है, उसमें जबरदस्त हुनर है। उसका समर्पण और उसके कोच की मेहनत काबिले-तारीफ है। अभी उसे समाज और खेल प्रेमियों के सहयोग की और आवश्यकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेगी। समाजसेवी विश्वजीत पटियाल ने कहा कि आरुषि जैसी प्रतिभाएं प्रदेश की शान हैं। ऐसे बच्चों की मदद करना समाज का नैतिक दायित्व है। अगर उन्हें सही सहयोग और मार्गदर्शन मिले तो ये बच्चे ओलंपिक स्तर तक पहुंच सकते हैं। पिता दिनेश चौधरी ने कहा कि यह बड़ी मदद है। बेटी का सपना था कि वह राष्ट्रीय स्तर पर खेले, लेकिन आर्थिक तंगी आड़े आ रही थी। अब समाज के सहयोग से उसका हौसला पहले से मजबूत हुआ है। कोच राकेश सोनी ने बताया कि आरुषि मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी है। नई किट से उसे अभ्यास और आत्मविश्वास मिलेगा, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन संभव होगा। आरुषि तीन साल से आनंदा बैडमिंटन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही है और हाल ही में शिमला में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिंगल्स में विजेता और डबल्स में उपविजेता रही।

## वेट्सफार्मा लिमिटेड में भरे जाएंगे 10 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज वेट्सफार्मा लिमिटेड की ओर से अकुशल श्रमिकों के 10 पदों के लिए 30 अक्तूबर को सुबह 10.30 बजे उप रोजगार कार्यालय हरोली में साक्षात्कार आयोजित किया जा रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने जानकारी दी कि इसके लिए अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं और आयु सीमा 21 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, आधार कार्ड, कार्यालय पंजीकरण कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 92186-83335 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**रैली** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां में एनएसएस का विशेष शिविर संपन्न

# युवाओं में सेवा भावना और आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थानाकलां में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर ने युवाओं में समाजसेवा, जनजागरूकता और आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा का संचार किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने नॉट मी, व्हाट यू के मूल मंत्र को अपने कर्मों के माध्यम से साकार किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना था।

मंगलवार को शिविर की शुरुआत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली से हुई, जिसमें विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों ने पूरे गांव में यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। आकर्षक पोस्टरों और जोशीले नारों के माध्यम से उन्होंने सुरक्षा, अनुशासन और जिम्मेदारी का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली ने ग्रामीणों में सड़क सुरक्षा के प्रति चेतना जगाई और समाज में एकता का वातावरण बनाया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों को व्यावसायिक





राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थानाकलां में एनएसएस शिविर में मौजूद स्वयंसेवी।

शिक्षा, साइबर अपराध जागरूकता, बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी, बांस से बर्तन निर्माण और पत्तों से प्लेट बनाने जैसे रचनात्मक व उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किए गए।

इन गतिविधियों का उद्देश्य आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार और स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला हैं। ये शिविर युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना और देशभक्ति का संचार करते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। शिविर में भाग ले रहीं जेसिका, हाशिमा और अंकिशा ने कहा कि यह शिविर उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव रहा। उन्होंने टीम भावना, आत्मविश्वास और सच्ची सेवा का अर्थ समझा। वहीं केशव, रियांश और अर्जुन ने बताया कि इस शिविर ने उन्हें आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्व सिखाया। इस अवसर पर बलविंद्र शर्मा, हंसराज, दविंदर, पंकज, लवेश कुमार, विनोद कुमार, अमित, कमल चौहान, रजनीश शर्मा, सतीश डोगरा, संदीश कुमारी, संयोजिता शर्मा, रेखा, आशा देवी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवियों को उनकी समर्पण भावना और अनुशासित कार्य के लिए सराहा गया। यह सात दिवसीय शिविर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर समाप्त हुआ, लेकिन इसकी सेवा भावना समाज में स्थायी प्रभाव छोड़ गई।

## स्वयंसेवियों ने चलाया स्वच्छता व गोसेवा अभियान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदला में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों ने ग्राम पंचायत थाना खास स्थित गोशाला में स्वच्छता व गोसेवा अभियान चलाया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने गोशाला परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने गोमाता की सेवा करते हुए गोवंश के प्रति अपनी श्रद्धा भी व्यक्त की। गोशाला के अध्यक्ष रमेश शास्त्री व आचार्य शिव शास्त्री ने स्वयंसेवियों को भारतीय धार्मिक संस्कृति और गोसेवा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं और उनकी सेवा से समाज में नैतिकता व करुणा की भावना जागृत होती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे जीवन में सेवा व संस्कार को प्राथमिकता दें, क्योंकि यही समाज निर्माण की मूलभूत नींव है। एनएसएस प्रभारी राम कुमार और रीता देवी ने स्वयंसेवियों को समाजसेवा की भावना को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस कैंप का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को केवल सामाजिक जागरूकता ही नहीं देते, बल्कि उन्हें व्यवहारिक जीवन के मूल्य भी सिखाते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सभी ने गोसेवा के पश्चात सामूहिक प्रार्थना की और स्वच्छता व सेवा की शपथ ली। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापकों, ग्रामीणों और गोशाला समिति के सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में सभी ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लेने का संकल्प लिया।

## ठेकेदारों के हक के लिए होगा आंदोलन: भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीडब्ल्यूडी और जलशक्ति विभाग में कार्य कर रहे ठेकेदारों की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है, क्योंकि पिछले दो साल से उन्हें उनके काम का भुगतान नहीं मिल पाया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की इस उदासीनता के कारण प्रदेश के ठेकेदार आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, कई लोगों को तो बैंकों से कुर्की के नोटिस तक मिल रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है। भाजपा नेता दविंदर भुट्टो ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में किए गए करीब 2200 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का भुगतान अभी तक लंबित पड़ा है, जिससे ठेकेदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 90:10 के अनुपात में केंद्र से मिलने वाले फंड का सही उपयोग नहीं किया और राज्य सरकार का 10 प्रतिशत हिस्सा न देने के कारण यह भुगतान अटक गया है। भुट्टो ने कहा कि जब ठेकेदारों को समय पर भुगतान नहीं होगा, तो न केवल निर्माण कार्य प्रभावित होंगे, बल्कि विकास की गति भी ठप पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि



कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो व अन्य।

मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद लगभग 1185 करोड़ रुपए का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

इससे ठेकेदार हताश और निराश हैं। भुट्टो ने कहा कि यह स्थिति बताती है कि वर्तमान सरकार के पास न तो विकास की नीति है और न ही ठेकेदारों या कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने की संवेदना। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों ने अपने खर्चे पर काम पूरे किए, मशीनरी चलाई, मजदूरों को भुगतान किया और सरकार पर भरोसा किया कि उन्हें समय पर पैसे मिलेंगे, लेकिन सरकार ने उन्हें कर्ज और नोटिसों की मार में धकेल दिया। भुट्टो ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही ठेकेदारों को उनकी बकाया राशि नहीं दी गई, तो राज्य सरकार के खिलाफ इस मुद्दे पर जोरदार आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में विकास कार्य ठप हैं, ठेकेदारों का मनोबल टूट चुका है और जलशक्ति विभाग सहित अन्य विभागों में कामकाज रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को तुरंत ठेकेदारों के भुगतान जारी करने के निर्देश देने चाहिए, ताकि प्रदेश में विकास की रफ्तार फिर से शुरू हो सके। भुट्टो ने कहा कि भाजपा हमेशा से विकास और पारदर्शिता की पक्षधर रही है, जबकि वर्तमान सुक्खू सरकार की कार्यप्रणाली प्रदेश को आर्थिक अराजकता की ओर धकेल रही है। उन्होंने ठेकेदारों के साथ पूर्ण एकजुटता जताते हुए कहा कि जब तक उनका हक नहीं मिलेगा, तब तक भाजपा उनका समर्थन करती रहेगी। भुट्टो ने कहा कि इतिहास में राज्य की सुक्खू सरकार से निकम्मी आज तक देश के किसी राज्य में कोई सरकार नहीं होगी। इसकी तीन वर्षों में दर्जनों समय सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया अंतराष्ट्रीय स्तर के चैनलों पर किरकिरी न हुई हो। इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, संतोष सैनी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ सहित अन्य मौजूद रहे।

# मनाली में 13, 500 फुट ऊंची पहाड़ी में फंसा पायलट किया रेस्क्यू

## 20 घंटे जिंदगी और मौत के बीच जूझता रहा ऑस्ट्रेलियाई पैराग्लाइडर पायलट

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** मनाली की पहाड़ियों पर एक पैराग्लाइडर के दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है।

जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली के सेवन सिस्टर पीक में ऑस्ट्रेलिया का एक पैराग्लाइडर पायलट बीती शाम को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पैराग्लाइडर पायलट को रेस्क्यू करने के लिए रात के समय ही टीम रवाना हो गई थी, लेकिन पैराग्लाइडर पायलट दुर्गम पहाड़ियों के बीच फंसा हुआ था। ऐसे में सुबह के समय हेलिकॉप्टर के जरिए पैराग्लाइडर को रेस्क्यू किया गया। 51 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई पैराग्लाइडर पायलट का पैराग्लाइडर उस वक्त क्षतिग्रस्त हो गया, जब वह मनाली की ओर से बीड लौटे ये 13500 फुट ऊंचे पहाड़ को पार कर रहा था। पायलट के लिए भाग्य की बात यह रही


मनाली की पहाड़ियों पर पैराग्लाइडर को रेस्क्यू करते हुए।

कि उसके साथ फ्लाई कर रहे दूसरे पायलट ने इस हादसे को देख लिया। साथी पायलट ने हादसे की जानकारी दी और मदद मांगी, जैसे ही इस मामले की जानकारी बीड पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन को मिली तो उन्होंने तुरंत रेस्क्यू की रणनीति बनाई। बीड एसोसिएशन ने एडवेंचर टूअर एसोसिएशन मनाली के साथ संपर्क किया। मनाली टीम के रेस्क्यू दल को पहाड़ पर चढ़ाई करने के लिए देर रात भेजा गया। सोमवार सुबह दिन की शुरुआत होते ही हेलीकॉप्टर की मदद ली गई। 13500 फीट ऊंचे पहाड़ी पर एक संकरी जगह पर बेहद खतरनाक तरीके से घायल अवस्था में पड़े ऑस्ट्रेलियाई पायलट को साहसिक तरीके से चोपर द्वारा सुरक्षित मनाली पहुंचाया। घायल पैराग्लाइडर पायलट का मिशन अस्पताल में इलाज चल रहा है। पैराग्लाइडर पायलट खतरे से बाहर है। बीड पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन के प्रमुख कर्ण वीर सिंह व एडवेंचर टूअर एसोसिएशन मनाली के रेस्क्यू टीम प्रभारी रमेश कुमार जोगी ने बताया कि उन्होंने मनाली के समीप 13500 फुट ऊंची पहाड़ी से जिंदगी को सुरक्षित बचा लिया है। उन्होंने बताया कि लगभग 20 घंटे ऑस्ट्रेलियाई पैराग्लाइडर पायलट जिंदगी और मौत के बीच जूझते रहे। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडर एसोसिएशन मनाली के सदस्यों का भी बेहतर सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलियाई पैराग्लाइडर पायलट सुरक्षित है। हिमाचल प्रदेश में पैराग्लाइडिंग करने के लिए बड़ी तादाद में विदेशी सैलानी मनाली और बीड बिलिंग का रुख कर रहे हैं, ऐसे में यह दोनों लोकेशन क्रॉस कंट्री पैराग्लाइडिंग के लिए लगातार फेमस होती जा रही है। सोलो फ्लाइंग करते हुए रोजाना कई पायलट इन दोनों लोकेशन को आर पार करते हैं।

## बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति: सिद्धार्थन

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी में भाजपा आनी विधानसभा की संगठनात्मक एवं परिचय बैठक उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक आनी लोकेंद्र कुमार, मंडी संसदीय क्षेत्र संगठन महामंत्री सुरेश शर्मा, भाजपा जिला कुल्लू प्रभारी बिहारी लाल शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद, जिला महामंत्री और पूर्व कुल्लू-लाहौल-स्पीति एपीएमसी चेयरमैन अमर ठाकुर, आनी मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर, निरमंड मंडल अध्यक्ष नरोतम ठाकुर तथा दलाश-नीथर मंडल अध्यक्ष विवेक वर्मा उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान हाल ही में गठित आनी, दलाश-नीथर और निरमंड मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। सिद्धार्थन ने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति हैं। संगठन का वास्तविक बल जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले वे समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनकी निष्ठा, परिश्रम और अनुशासन से पार्टी निरंतर प्रगति कर रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सेवा, समर्पण और संगठन के सिद्धांतों पर चलते हुए प्रत्येक बूथ को संगठन का सशक्त केंद्र बनाने का आह्वान किया।विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार 10 गारंटियाँ देकर सत्ता में आई थी, लेकिन आज तक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई। उल्टा इस सरकार ने पिछली भाजपा सरकार की जनहितकारी योजनाओं को बंद करने का कार्य किया है। जनता अब इस धोखे को भलीभांति समझ चुकी है। बैठक में यह भी संकल्प लिया गया कि आगामी समय में भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर केंद्र और पूर्व भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाएंगे तथा प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनता को अवगत करवाएंगे।

## जिला लाहौल-स्पीति को आपदा मुक्त बनाने की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



डीसी लाहौल-स्पीति की अध्यक्षता में ग्येपांग घाट, सिस्सू में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड न्यूनीकरण उपायों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के ऑफिसियल कमांडिंग अधिकारी, सहायक आयुक्त, पुलिस विभाग, बी.डी.ओ. केलांग, तहसीलदार, जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

यह बैठक जिला लाहौल-स्पीति को आपदा मुक्त बनाने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण एवं प्रथम कदम है। इस पहल के अंतर्गत पुणे स्थित सी-डैक टीम द्वारा ग्येपांग झील क्षेत्र में अर्ली वार्निंग सिस्टम (पूर्व चेतावनी प्रणाली) स्थापित की जाएगी, जिससे संभावित आपदाओं की जानकारी समय रहते प्राप्त हो सकेगी। साथ ही जल शक्ति विभाग द्वारा हाई फ्लड लेवल मार्किंग का कार्य किया जाएगा, ताकि जलस्तर में वृद्धि की स्थिति में खतरे के स्तर को स्पष्ट रूप से पहचाना जा सके। इसके अतिरिक्त, सभी संवेदनशील गांवों के लिए निकासी एवं बचाव योजनाएं तैयार की जाएंगी, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि एवं संपत्ति की हानि को न्यूनतम किया जा सके।यह उल्लेखनीय है कि वैज्ञानिक आंकड़ों के अनुसार ग्येपांग झील का आकार पिछले 33 वर्षों में लगभग 178 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जिससे क्षेत्र में ग्लोफ जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। उपायुक्त लाहौल-स्पीति ने अपने समापन उद्गारों में कहा कि लाहौल-स्पीति जैसा संवेदनशील जिला जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियल झीलों के बढ़ते आकार से प्रभावित हो रहा है। हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी सहयोग और जनसहभागिता के माध्यम से ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### चालकों व कामगारों की मदद को आगे आया क्लब



**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब मनाली ने नेशनल हाइवे में काम कर रहे कामगारों, डोजर व मशीन ऑपरेटरों व डंपर चालकों के साथ दीपावली उत्सव की खुशियां मनाई। क्लब के सदस्यों ने उन्हें जैकेट और मिठाइयां वितरित कीं। रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्लब की ऊर्जावान अध्यक्ष व रोटेरियन अमिता ठाकुर, सचिव रोटेरियन मीनाक्षी कैस्टेलिनो, सदस्य रोटेरियन बुद्धि प्रकाश, रोटेरियन अजय अबरोल , पौलोमी देसाई, रोटेरियन अलका चौहान उपस्थित रहे। इस दौरान कामगारों, डोजर व मशीन ऑपरेटरों व डंपर चालकों के चेहरों पर खुशियों की चमक साफ झलक रही थी। सभी ने रोटरी क्लब मनाली का आभार जताया। रोटरी क्लब की सचिव मीनाक्षी कैस्टेलिनो ने बताया कि प्रधान अमिता शमशेर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस नेक कार्य में नीना गांधी का भी सराहनीय सहयोग रहा। उन्होंने इस विचारशील पहल में भाग लेने और समर्थन करने वाले हर सदस्य का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब के सामाजिक कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

### 5 एथलीट्स मास्टर्स एथलेटिक्स में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के 5 मास्टर एथलीट्स का चेन्नई में आयोजित होने जा रही 23वीं मास्टर्स एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में चयन हुआ है। पांचों एथलीट नेशनल लेवल के खिलाड़ी हैं, अब चेन्नई में आयोजित होने वाली एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो जिला कुल्लू के लिए बड़े ही गौरव की बात है। चेन्नई में 5 से 9 नवंबर तक 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होना है। इस प्रतियोगिता में एशिया के 25 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे और इसका संचालन एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन और मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। जिला कुल्लू के 5 मास्टर एथलीट नरेंद्र कुमार, भूपेंद्र सिंह, हेम सिंह, दिनेश कुमार व जगदीश एशियाई मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाएंगे।

### 2 तक मनाया जाएगा सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय केंद्र, मौहल-कुल्लू में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2 नवंबर तक मनाया जा रहा है। इसका शीर्षक 'सतर्कताः हमारी साझा ज़िम्मेदारी' पर पहले दिन समस्त वैज्ञानिकों तथा कर्मचारी वर्ग ने एक सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ग्रहण की। इस कार्यक्रम में 26 पुरुष तथा 05 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में ई. आरके सिंह, वैज्ञानिक-एफ तथा क्षेत्रीय केंद्र प्रमुख ने अपने पद पर कार्य करते समय सतर्कता तथा सत्यनिष्ठा बनाये रखने तथा उसके राष्ट्रनिर्माण में महत्व पर प्रकाश डाला।

### जनसमस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी के पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को शिकायत निवारण समिति की बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान गैर-सरकारी सदस्यों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने संबंधित विभागों को जनसमस्याओं का त्वरित निवारण करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। बैठक में राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, वन और पुलिस विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 61 ग्राम चिट्टे के साथ युवक काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** तलोगी में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बस में सवार एक युवक के कब्जे से 61 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कुल्लू की टीम जब तलोगी में गश्त पर थी, तो एक पंजाब रोडवेज बस (पीबी 65 बीबी 7138) को चेकिंग के लिए रोका गया। चेकिंग के दौरान बस में सवार राहुल कुमार (23 वर्ष) पुत्र फकीर चंद निवासी गांव व डाकघर ऐलनाबाद, बाल्मिकी चौक, वार्ड नं.-2, जिला सिरसा (हरियाणा) के कब्जे से 61 ग्राम हेरोईन/चिट्टा बरामद हुआ है। इस मामले में राहुल कुमार के खिलाफ पुलिस थाना कुल्लू में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई करने के उपरांत बरामद नशे की खरीद-फरोख्त की शृंखला व स्रोत का पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा गहन पूछताछ व अनुसंधान जारी है। उधर, एएसपी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी छानबीन जारी है।

## अब लोगों को ऑनलाइन मिलेगा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र


प्रशिक्षण शिविर के दौरान गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश में अब लोगों को जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण प्रमाण पत्र के लिए अस्पताल या फिर सरकारी कार्यालय के धक्के नहीं खाने होंगे।

भारत सरकार के द्वारा सिविल रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा शुरू कर दी गई है और लोग इस पोर्टल में अब जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र घर बैठकर पा सकेंगे। इसी विषय को लेकर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में निजी तथा सरकारी अस्पतालों में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने पहुंचे प्रशिक्षक आशीष चंदेल ने बताया कि कर्मचारियों को इसका प्रशिक्षण दिया गया। ताकि लोगों को अब बार-बार अस्पताल या फिर पंचायत के चक्कर न काटने पड़े। उन्होंने बताया कि सिविल रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से घर बैठकर व्यक्ति इसमें पंजीकरण कर सकते हैं और जन्म तथा मृत्यु से संबंधित प्रमाण पत्र भी हासिल कर सकते हैं।

## चार माह बाद भी नहीं सुधरे हालात

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने सोमवार को गड़सा घाटी की ग्राम पंचायत भलान-1 के खोडाआगे गांव का दौरा किया और आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस भीषण प्राकृतिक आपदा में लगभग सात मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, कई घर भूस्खलन के खतरे की जद में हैं तथा सैकड़ों बीघा कृषि भूमि को भारी नुकसान पहुंचा है।


बंजार के विधायक आपदा प्रभावितों को कंबल व अन्य सामान वितरित करते हुए।

विधायक शौरी ने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए प्रदेश सरकार से प्रभावित परिवारों की उपयुक्त सहायता हेतु विशेष राहत पैकेज की माँग दोहराई है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद दिलाने के लिए उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। वहीं न्यूल-छवारा क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल भी बजौरा में विधायक शौरी से मिला, जिसने क्षेत्र में बंद बस सेवा को लेकर चिंता प्रकट की।विधायक शौरी ने बजौरा व गड़सा क्षेत्र के आपदा प्रभावित परिवारों को बजौरा में राहत सामग्री वितरित की ये राहत सामग्री बन्दीछोड़ श्री श्री 1008 श्री सतगुरु ब्रह्मसागर जी महाराज भूरीवाले गुरु गद्दी परंपरा के वर्तमान गुरुगद्दी नशीन श्री सतगुरु वेदान्ताचार्य चेतनानंद जी महाराज भूरीवाले की ओर से भेजी गई है इन्हीं के सौजन्य से बंजार विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री बांटी जा रही है। संकट की इस घड़ी में आगे आए समाजसेवियों व संस्थाओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की बेरुख़ी हैरान करने वाली है। बरसात के चार महीने बीत जाने के बावजूद अव्यवस्था की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। सरकार जनता के प्रति अपने दायित्वों को पूरी तरह भूल चुकी है, लेकिन जनता समय आने पर सरकार को आईना दिखाने में देर नहीं करेगी।

## इंजीनियर नवल ठाकुर को जिला वॉलीबाल एसोसिएशन कुल्लू के उपाध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली परिषद आनी मंडल से सेवानिवृत्त अतिरिक्त सहायक अभियंता नवल ठाकुर को 23 अक्तूबर को जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट की कमान सर्व सहमति से सौंपी गई। नवल ठाकुर आनी के समीप स्थित रुना गांव के स्थाई निवासी हैं। एक सामान्य कृषक परिवार से संबंधित नवल ठाकुर का जीवन संघर्षों से अवश्य भरपूर रहा तथापि जहां अपने सेवाक्षेत्र में ये प्रवीण रहे, वहीं समाजसेवा और क्रीड़ाजगत में इनका पूरे प्रदेश में एक बड़ा नाम है।



वॉलीबाल और बैडमिंटन के चैंपियन के रूप में इन्होंने खंड स्तर से लेकर राष्ट्र स्तर तक जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्युत परिषद और प्रदेश का नाम रोशन किया,वहीं एक खिलाड़ी, कोच और सहयोगी के रूप में आज जीवन के 6 दशक पर करने के बाद भी हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल संगठन ने इनके श्रम, सद्भाव और प्रतिभा को सम्मान देते हुए कुल्लू जिला का वाइस प्रेसिडेंट चयनित करके पूरे आनी क्षेत्र को सम्मान दिया है। क्रीड़ाप्रेमी और समाजसेवा से जुड़े हर शख्स इनकी प्रतिभा से आज बहुत प्रेरित है। सभी इस सम्मान को क्षेत्र का सम्मान समझते हुए नवल ठाकुर को बधाई दे रहे हैं। नवल ठाकुर आज भी स्थानीय, पारंपरिक खेलों अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में आयोजित होने वाले खेल आयोजनों तथा प्रदेश के हर कोने में विभिन्न आयोजनों में भी अपनी सहर्ष और निस्वार्थ सेवा प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त गरीबों और अभावग्रस्त लोगों के लिए समय-समय पर एक मसीहा के रूप में भी इनका व्यवहारिक रूप दृष्टिगोचर होता है। समाज और क्रीड़ाजगत के लिए के लिए इनके योगदान को पुष्ट करते हुए आनी क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं और खेलप्रेमियों ने इन्हें अपनी हार्दिक बधाई दी।

## जिया के ग्रामीणों ने पार्वती नदी में गिरी गाय को किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिया के ग्रामीणों ने पार्वती नदी किनारे गिरी गाय का रेसक्यू कर उसे नया जीवन दिया।

इस सराहनीय कार्य की सभी प्रशंसा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को जिया फोरलेन पुल के नीचे एक बेसहारा गाय घास चर रही थी अचानक फिसलने से वह पार्वती नदी किनारे गिर गई। ग्रामीणों ने उसे निकालने की कोशिश की लेकिन अंधेरा होने के कारण सफलता नहीं मिली। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने जेसीबी के सहारे कड़ी मशक्कत से गाय को नदी किनारे से सुरक्षित बाहर निकाला। इस रेस्क्यू अभियान में गांव के युवाओं सहित सभी ने मानवता दिखाई। गाय को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने खुशी व्यक्त की और ग्रामीणों के इस प्रयास की सराहना की। बुद्धिजीवियों ने इस कार्य को मानवता का उदाहरण बताया।

## डीसी किरण भड़ाना ने किया लाहौल स्पीति प्रेस क्लब रूम का उद्घाटन


डीसी लाहौल-स्पीति प्रेस क्लब के रूम का विधिवत उद्घाटन करती हुईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने केलांग में लाहौल-स्पीति प्रेस क्लब के रूम का विधिवत उद्घाटन किया।

इस मौके पर सहायक आयुक्त एवं परियोजना अधिकारी आईटीडीपी कल्याणी तिवाना विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष रतन कटोच, महासचिव शाम आजाद और क्लब के चेयरमैन अशोक राणा के अलावा जन संपर्क विभाग के कर्मचारियों ने उपायुक्त और सहायक आयुक्त का खतग पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। उद्घाटन के दौरान उपायुक्त किरण भड़ाना ने कहा कि लाहौल-स्पीति प्रेस क्लब सकारात्मक पत्रकारिता के माध्यम से न केवल जनता की आवाज़ प्रशासन तक पहुंचा रहा है, बल्कि प्रशासनिक तंत्र को भी समय-समय पर जागरूक करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय प्रेस क्लब ने अत्यंत सराहनीय और सकारात्मक भूमिका निभाई। उपायुक्त ने प्रेस क्लब के लिए फर्नीचर उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर प्रेस क्लब ने उपायुक्त किरण भड़ाना का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रेस रूम उपलब्ध करवाने से पत्रकारों को कार्य करने में सुविधा मिलेगी।

## अर्था गांव में भालू का कहर

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी उपमंडल की तलूणा पंचायत के अर्था गांव में बीती रात एक जंगली भालू ने गोशाला पर हमला कर भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीण मोती राम की गौशाला की छत तोड़कर भालू अंदर घुस गया और वहां बंधी गाय व उसकी बछड़ी पर बुरी तरह हमला कर दिया। इस हमले में दोनों पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह घटना रात करीब ढाई बजे की है। सुबह जब मोती राम की पत्नी दूध निकालने गई तो उसने दोनों पशुओं को मृत पाया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम वन रक्षक रीना चौहान के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि यह हमला एक जंगली भालू द्वारा किया गया है। वहीं, उपमंडल पशुपालन अधिकारी अनुराधा वर्मा ने भी मौके का दौरा कर जांच पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट तैयार कर वन विभाग को सौंप दी जाएगी, ताकि प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा दिलाया जा सके।

## 1 एचपी एयर एनसीसी मैराथन टीम ने पोडियम फिनिश के साथ मैराथन में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू के कैडेटों ने मनाली मैराथन 2025 में अपना दमखम दिखाया। कई पोडियम फिनिश के साथ नेशनल कैडेट कोर और अपने संस्थान का गौरव बढ़ाया।

48 कैडेटों और एएनओ फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल के एक दल ने विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया और असाधारण अनुशासन, सहनशक्ति और खेल भावना का प्रदर्शन किया। सैकड़ों प्रतिभागियों के बीच उनका प्रदर्शन सबसे अलग था, जिसने आयोजकों और दर्शकों से समान रूप से प्रशंसा बटोरी।इस आयोजन में 42 किमी श्रेणी (अंडर 30) में कैडेट कमलेश ने दूसरा स्थान (अंडर 30), तथा तीसरा स्थान ओवरऑल हासिल किया।कैडेट अंशुल ने तीसरा स्थान (अंडर 30)21 किमी श्रेणी (अंडर 30) में हासिल किया। एलएफसी नितिन ने तीसरा स्थान, तथा कैडेट कॉर्पोरल विभूति ठाकुर ने तीसरा स्थान10 किमी श्रेणी (महिला) वर्ग में, कैडेट फविना ने दूसरा स्थान (अंडर 30), तीसरा स्थान ओवरऑल हासिल किया। कैडेट राधिका ने दूसरा स्थान (अंडर 18) हासिल किया। 10 किमी श्रेणी (पुरुष) में कैडेट यतीन्द्र ने पहला स्थान (अंडर 18) हासिल किया।5 किमी श्रेणी में कैडेट करीना - पहला स्थान (अंडर 18) तथा कैडेट सलोनी ने दूसरा स्थान (अंडर 18) हासिल किया।कैडेटों की सफलता एनसीसी गतिविधियों के माध्यम से मिले कठोर प्रशिक्षण, फिटनेस और समर्पण को दर्शाती है। उनके आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता न केवल ट्रैक पर, बल्कि पूरे आयोजन के दौरान उनके आचरण में भी सिद्ध हुई। मैराथन के अतिरिक्त कैडेटों ने हिडिम्बा मंदिर परिसर में एक स्वच्छता अभियान भी चलाया, प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और पर्यावरण संरक्षण और ज़िम्मेदार पर्यटन के बारे में जागरूकता फैलाई। इस पहल का स्थानीय लोगों और आगंतुकों ने स्वागत किया, जिसने एनसीसी के सामाजिक ज़िम्मेदारी और सामुदायिक सेवा के व्यापक मिशन को प्रदर्शित किया। कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर कुणाल शर्मा और एएनओ ने सभी प्रतिभागी कैडेटों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें शिक्षा और शारीरिक फिटनेस दोनों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

**इंपैक्ट** एसडीएम ने सड़क की स्थिति सुधारने के लिए प्रशासनिक प्रयासों का भरोसा दिलाया

# बदहाल कोर्ट रोड की मरम्मत का कार्य हुआ शुरू


बदहाल कोर्ट रोड की मरम्मत का कार्य हुआ शुरू।


कोर्ट रोड की बदहाली पर जनता त्रस्त, वीआईपी सड़क होकर भी नहीं मिली राहत

अनंत ज्ञान में प्रकाशित खबर।

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** आखिर आनी के बदहाल हो चुके 'वीआईपी सड़क मार्ग' कोर्ट रोड की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। 'अनंत ज्ञान' में समाचार प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया है।

इसके बाद एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने ग्राम पंचायत आनी को इसकी तुरंत मरम्मत करने के निर्देश दिए और सोमवार को ग्राम पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह द्वारा सड़क की बदहाली को दुरुस्त करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। हालांकि, प्रधान लाल सिंह ने बताया कि इस सड़क मार्ग की बदहाली को लेकर वे चिंतित थे और उन्होंने गत वर्ष भी जनसमीक्षा के तहत एनएच-305 से बीडीओ कार्यालय तक कंक्रीट डालने का प्रस्ताव भेजा था, जो 3 लाख 50 हजार रुपए के बजट की स्वीकृति के बाद बंद हो चुकी ट्रेजरी में फंस गया।

इसके बाद मनरेगा योजना के तहत भी यह कार्य डाला गया, जबकि करीब डेढ़ माह पहले आपदा के तहत भी बजट की मांग की गई थी, लेकिन कहीं से कोई धनराशि नहीं मिल सकी। प्रधान ने कहा कि हालांकि अभी बजट स्वीकृत नहीं है, बावजूद इसके वे इस सड़क के एसडीएम कार्यालय से मेला मैदान तक के सबसे खराब भाग को सुधार रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बजट नहीं आएगा, तो भी वे अपने मानदेय से इसकी मरम्मत करवा देंगे। वहीं, एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि इस सड़क की बदहाली सभी को अखर रही है और इस सड़क को दुरुस्त करने को लेकर वे प्रयासरत रहेंगे।

### काम पूरा होने तक बंद रहेगा रोड

**आनी।** एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने सोमवार सुबह 10 बजे आदेश जारी करते हुए आनी के कोर्ट रोड में सोमवार से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि कोर्ट रोड में कई जगह मरम्मत कार्य किया जाना है, जिसके चलते सोमवार 27 अक्तूबर से काम पूरा होने तक सड़क मार्ग सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बाधित रहेगा। उन्होंने वाया बराड़ होकर आनी-बश्ता सड़क मार्ग का इस्तेमाल करने की आम जन से अपील की।

## लिटिल फ्लावर स्कूल बशकोला में छात्रा की रचनात्मक प्रतिभा का अनोखा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

लिटिल फ्लावर स्कूल, बस्कोला (कटराई) में उत्साह और उल्लास के वातावरण में प्रदर्शनी एवं फेट का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 11:00 बजे विद्यालय के चेयरमैन किशन दास ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं रिबन काटकर किया।

प्रदर्शनी में कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान, कला, सामाजिक विषयों और पर्यावरण से संबंधित आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए गए। बच्चों के नवाचारी विचारों और मेहनत को देखकर अभिभावक अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर को सुंदर सजावट से सुसज्जित किया गया था। प्रदर्शनी के बाद विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों द्वारा लगाए गए विभिन्न फूड स्टॉलों का आनंद उठाया। इन स्टॉलों पर चना समोसा, चना चाट, मैगी, आलू-पूड़ी, गुलाब जामुन, कोल्ड ड्रिंक, नमकीन



और मीठी चाय जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए, जिनकी सबने जमकर प्रशंसा की। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान सिखाने के साथ-साथ उन्हें टीमवर्क और प्रबंधन का भी अनुभव प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर चेयरमैन किशन दास ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देते हैं, उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करते हैं तथा उनमें सृजनशीलता और नेतृत्व के गुणों का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर अत्यंत व्यवस्थित ढंग से किया। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद किया गया।

## न्यूज ब्रीफ



मुख्यमंत्री सुक्खू को सोलन जिले के ममलीग में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से सेवानिवृत उप रजिस्ट्रार ओपी शर्मा की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए अपनी पेंशन बचत में से 50000 रुपए का चेक भेंट किया गया।

### नाहन केंद्रीय कारागार में कैदी की संदिग्ध मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन में सोमवार सुबह एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कुछ ही दिनों के भीतर जेल में कैदी की मौत का यह दूसरा मामला है, जिसके बाद जेल प्रशासन के भी कान खड़े हो गए हैं और हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान पिरेंद्र (46) निवासी पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड के रूप में हुई है। पिरेंद्र एनडीपीएस के मामले में डेढ़ साल की सजा काट रहा था और उसका कारावास मार्च 2026 में खत्म होने वाला था। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10 बजे पिरेंद्र को अचानक बैचेनी महसूस हुई और वह बेहोश हो गया। संतरी ने तत्काल इसकी सूचना हवलदार को दी, जिसके बाद जेल प्रशासन उसे तुरंत डिस्पेंसरी ले गया। स्थिति गंभीर होने पर कैदी को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। एंबुलेंस में उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, पिरेंद्र पहले जिला मंडी में अंडर ट्रायल था और पिछले महीने ही उसे सजा होने के बाद नाहन जेल भेजा गया था। जेल प्रशासन ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने जेल कर्मियों के बयान दर्ज किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक के परिजनों को इसकी जानकारी दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कैदी की मौत के असल कारणों का पता चल पाएगा। उधर, जेल प्रशासन के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार मजिस्ट्रियल जांच करवाई जा रही है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके और आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### नाहन मेडिकल कॉलेज भवन शिफ्ट करना जनता से धोखा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन के भवन को शिफ्ट करने के मामले पर भाजपा ने आपत्ति जताते हुए सरकार पर लोगों को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर नाहन में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय गुप्ता मीडिया से परिचित हुए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पिछले तीन सालों से मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य रुका पड़ा है और एक ईंट निर्माण कार्य के नाम पर सरकार नहीं लगा पाई है। वहीं, अब सरकार ने 3 साल बाद मेडिकल कॉलेज भवन को शिफ्ट करने का फैसला कैबिनेट में लिया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार नाहन मेडिकल कॉलेज को बंद करना चाहती है और यही कारण है कि कभी जमीन न होने का हवाला तो कभी विवादित भूमि का हवाला सरकार द्वारा दिया जा रहा है, जबकि पर्याप्त मात्रा में भवन निर्माण के लिए जमीन मौजूद है और किसी तरह का यहां कोई विवाद नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यदि नए स्थान पर मेडिकल कॉलेज का भवन बनाया जाता है, तो नियमों के मुताबिक एनओसी लेने के लिए लंबा समय लगेगा साथ ही करोड़ों रुपए के बजट को कब स्वीकृति मिलेगी यह कह पाना भी कठिन है। इससे पहले मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए केंद्र सरकार की तरफ से 261करोड़ रुपए की धनराशि दी गई है। सरकारी यह भी स्पष्ट करें कि हुई है पैसा कहां खर्च किया गया।

### मांगू स्कूल वैदिक गणित में तृतीय स्थान पर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सरस्वती विद्या मंदिर मांगू के विद्यार्थियों ने वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तर क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तर क्षेत्रीय ज्ञान-विज्ञान मेला का आयोजन शारदा सर्वहितकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 40-डी, चंडीगढ़ में किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों तेजस्वी, संचित और वैशाली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय पहुंचने पर विजयी छात्रों का फूल मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रधानाचार्य मदनलाल ठाकुर ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने समस्त भैया-बहनों, आचार्य-दीदियों और अभिभावकों को भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### शोधकर्ताओं ने प्रस्तुत किए 70 शोध-पत्र

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में हिमालयन काउंसिल फॉर साइंटिफिक रिसर्च के सहयोग से 'हिमालयन क्षेत्र में आधुनिकीकरण, विकास और सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन' विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन हुआ। 25-26 अक्टूबर को ऑनलाइन तथा 28 अक्टूबर को ऑफलाइन मोड में आयोजित इस सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने हिमालयी क्षेत्र में हो रहे सामाजिक व पर्यावरणीय परिवर्तनों पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में इजरायल, नेपाल, इटली सहित विभिन्न देशों के शोधकर्ताओं ने सतत विकास, जलवायु न्याय, उत्तरदायी पर्यटन और स्थानीय ज्ञान प्रणाली पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन संयोजक सहायक आचार्य पुनीत ठाकुर ने बताया कि आठ तकनीकी सत्रों में 70 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। आयोजन सचिव डॉ. रेणुका थपलियाल ने कहा कि यह सम्मेलन हिमालयी परिस्थितिकी और समाज के पारस्परिक संबंधों को समझने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा।

### छात्रों ने निबंध, नारा लेखन व प्रश्नोतरी में दिखाया उत्साह

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में आपदा न्यूनीकरण सप्ताह समर्थ के तहत कार्यकारी प्रधानाचार्य महेन्द्र पाल कौंडल की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी अनीता बंसल के मार्गदर्शन में निबंध लेखन, नारा लेखन, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध लेखन में पायल ठाकुर, नारा लेखन में अंजलि सहगल, चित्रकला में मुस्कान सांख्यान तथा प्रश्नोतरी में टीम 'सी' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य कौंडल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए जागरूकता और आपदा प्रतिरोधी निर्माण आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### आज सिरमौर में रहेगा 'नो फ्लाइंग जोन'

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आदेश जारी किए हैं कि सिरमौर जिले के साथ लगते क्षेत्र में अति विशिष्ट अतिथि के आगमन के मद्देनजर 29 अक्टूबर को जिला सिरमौर में 'नो फ्लाइंग जोन' रहेगा। इस दौरान जिला भर में ड्रोन के उड़ाने, मानव रहित वाहनों (यूएवी) किसी भी प्रकार के एयर क्राफ्ट, गर्म हवा के गुब्बारे (हॉट एयर बैलून) तथा अन्य हवाई क्षेत्र से संबंधित खेल गतिविधियां, पैराग्लाइडिंग, पैरासेलिंग पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। किसी भी व्यक्ति, प्राधिकरण एवं संस्था द्वारा इन आदेशों की अवहेलना करने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### टीम भावना और सक्रियता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भाजपा किसान मोर्चा दाड़लाघाट मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर प्रेम शर्मा, अजीत सेन, बंटू शुक्ला और कमल ठाकुर, महामंत्री हेत राम शर्मा और महेश शर्मा, सचिव भगत राम गौतम, राकेश ठाकुर, हरीश ठाकुर और प्रेम राज ठाकुर, कार्यालय सचिव मनसा राम शर्मा, कोषाध्यक्ष मनसा राम ठाकुर और प्रवक्ता नागेंद्र बंसल, मनी राम शर्मा, नरेश ठाकुर नियुक्त किए गए हैं। सोशल मीडिया प्रभारी संत राम और कई सदस्य शामिल हैं। मंडल अध्यक्ष जगदीश्वर शुक्ला ने सभी को बधाई दी और टीम भावना के साथ संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

### केंद्रीय छात्र परिषद के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में मंगलवार को केंद्रीय छात्र परिषद की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र परिषद में संजना कुमारी बीएससी तृतीय वर्ष का चयन अध्यक्ष पद के रूप में हुआ। पायल सरोल्टा बीए तृतीय वर्ष का चयन उपाध्यक्ष के रूप में हुआ। अनिरुद्ध शर्मा बीकॉम द्वितीय वर्ष का चयन सचिव पद के लिए किया गया तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा त्रिशिला का चयन सह सचिव पद के लिए किया गया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों का चयन परीक्षा परिणाम के मेरिट आधार पर किया गया। अन्य मनोनीत सदस्यों में एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स, निर्वाचन साक्षरता क्लब, सांस्कृतिक, रोवर्स और रेंजर्स, रेड रिबन क्लब आदि सदस्यों का चयन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेंद्र वर्मा द्वारा नवनियुक्त महाविद्यालय केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने का आह्वान किया। इस शपथ समारोह का मंच संचालन प्रोफेसर रमेश कुमार चौहान द्वारा किया गया।

# बद्दी पुलिस की एसआईटी ने दबोचा अंतरराज्यीय चोर गिरोह, 2 चोर और 1 ज्वेलर किए गिरफ्तार

**मानपुरा में हुई थी चोरी की वारदात, शादी के 1 दिन पहले दिया गया था चोरी को अंजाम**

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने हिमाचल, पंजाब और हरियाणा में सक्रिय एक अंतरराज्यीय चोरी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो चोरों और एक ज्वेलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की यह कार्रवाई थाना मानपुरा के तहत गांव ढेला में हुई हालिया चोरी की वारदात की जांच के दौरान सामने आई।

जानकारी के अनुसार, ढेला निवासी कृष्ण कुमार पुत्र मेघ चंद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पुत्री के विवाह से एक रात पहले घर से लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी बद्दी आईपीएस अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष एसआईटी गठित की गई। टीम ने मौके पर एफएसएल विशेषज्ञों को बुलाकर साक्ष्य जुटाए और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपियों की गतिविधियों का



बद्दी पुलिस की एसआईटी ने दबोचा अंतरराज्यीय चोर गिरोह।

पता लगाया। लगातार जांच और तकनीकी निगरानी के बाद एसआईटी ने हिमाचल, पंजाब और हरियाणा में छापेमारी की।

पुलिस ने सुरज (32) पुत्र शाम, निवासी सलोई, तहसील अम्ब, जिला ऊना (हि.प्र.), और विजय कुमार (22) उर्फ जाफी पुत्र शंकर दास, निवासी भरतगढ़, जिला रोपड़ (पंजाब) को गिरफ्तार किया। दोनों वर्तमान में चेक पोस्ट घनौली, पंजाब की झुग्गी बस्तियों में रह रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि चोरी किए गए गहने रोपड़ स्थित सुशील ज्वैलर्स की दुकान पर बेचे गए थे। पुलिस ने वहां दबिश देकर लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के सभी आभूषण बरामद किए और दुकान मालिक दीपक कुमार पुत्र सुशील कुमार, निवासी गुगा माड़ी मोहल्ला, वार्ड नंबर 1, रूपनगर (पंजाब) को भी गिरफ्तार किया। एसपी बद्दी विनोद धीमान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दोनों गिरफ्तार आरोपी एक सक्रिय अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य हैं, जो तीन राज्यों में कई चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। गिरोह चोरी और भागने के दौरान नदी-नालों वाले रास्तों का उपयोग करता था ताकि सीसीटीवी की निगरानी से बचा जा सके। एसपी धीमान ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की भी पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही इस गिरोह के सभी सदस्य सलाखों के पीछे होंगे।

# हिमाचल में तालाबंदी के तीन साल, जनता बेहाल : डॉ. बिंदल

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**



**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि नाहन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की सरकार व कांग्रेस के विधायक आने के बाद से ताला बंदी के तीन साल पूरे हो चुके हैं।

काला-आम का क्षेत्र भारी भरकम कामकाज का क्षेत्र है। इलाके के विकास के लिए काला-आम में उप-तहसील खोली गई, 5 पटवार सर्कल खोले गए, पालियों, जोहड़ों, नागल सुकेती, विक्रमबाग-देवनी और आमवाला-सैनवाला सारे पटवार सर्कल व उप-तहसील इसलिए बन्द कर दिए गए क्योंकि ये भाजपा द्वारा खोले गए हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि आज हर रोज सैकड़ों ग्रामीणों को अपने काम करवाने के लिए धक्के खाने पड़ते हैं। उप-तहसील व पटवार सर्कल बन्द करके कांग्रेस की सरकार ने काला-आम इलाके को क्या दिखा है ? खनन माफिया, खोद डाली नदियां, पहाड, तोड़ डाली सड़कें व पुल, विध्वंस कर दी सीवरेज व पेयजल योजनाएं, गंद के ढेर में तबदील कर दिया काला-आम क्षेत्र को। मोगीनंद, काला-आम, ओगली, नागल सुकेती, जोहड़ो, जाटांवाला त्रिलोकपुर की सभी सड़कों का बुरा हाल कर दिया। डॉ. बिंदल ने कहा कि सरकार आती है, अस्पताल व स्कूल खुलते हैं, नई चहल-पहल होती है, लेकिन कांग्रेस की सरकार व माननीय विधायक ने पीएचसी व स्कूल खुलवाना तो दूर, बंद करने का दौर चला रखा है। पंजाहल में शानदार पीएचसी बनाई थी, डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहा था, त्रिलोकपुर में पीएचसी खोली थी।

डॉक्टर रोगियों की सेवा कर रहा था, सैनवाला-मुबारिकपुर में पीएचसी खोली थी, डॉक्टर इलाज कर रहा था, तीनो पीएचसी पर ताले लगा दिए, आज मरीज दर-दर की ठोकरें खा रहे हें। कोई पूछने वाला नहीं है, कोई बोलने वाला नहीं है, कोई जवाब नहीं है। जनता पूछना चाहती है कि ये तीन पीएचसी व एक भारापुर की सीएचसी बन्द क्यों की गई ? जनता से क्या दुश्मनी थी। किसी भी सरकार में एक नई पीएचसी खुलवाना बहुत बड़ा काम होता है।

## लॉरेंस स्कूल सनावर में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** लॉरेंस स्कूल सनावर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह बड़े उत्साह और निष्ठा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की एक टीम ने विद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए सतर्कता जागरूकता सत्र आयोजित किया। टीम का नेतृत्व सुबोध शर्मा (उप महाप्रबंधक) ने किया, जिनके साथ अशोक नेगी (क्षेत्रीय प्रबंधक), देवांग वोरा (सतर्कता अधिकारी), डॉ. संदीप आर्य (प्रबंधक) और जयंत शर्मा उपस्थित रहे। सत्र के दौरान सतर्कता अधिकारी देवांग वोरा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत हो तो उसे तत्काल सतर्कता पोर्टल पर दर्ज किया जाना चाहिए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

## पूर्व विधायक स्वर्गीय धर्मपाल ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान,अर्की**



अर्की विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय धर्मपाल ठाकुर के जन्मदिवस के मौके पर शालाघाट स्थित अर्जुन खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की गई।

इसमें मुख्यतिथि के रूप में पूर्व में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष रहे डॉ. अमरचंद पाल शामिल हुए व विशेष अतिथि के तौर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्की के पूर्व अध्यक्ष सतीश कश्यप मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में खेल मैदान के अंदर स्वर्गीय धर्मपाल ठाकुर जी की स्मृति चिन्ह को पुष्पांजलि भेंट की गई। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। पहला मैच महादेव चमियावल 11 बनाम दाउटी 11 के बीच खेला गया। इसमें दाउटी 11 विजय रही। अमरचंद पाल ने आए सभी खिलाड़ियों को पूरी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं व उन्हें संदेश दिया कि इस तरह की प्रतियोगिता से आपसी भाईचारा व संवाद बढ़ता है एवं युवा भी नशे जैसी गतिविधियों से दूर रहते हैं। प्रतियोगिता का सफल आयोजन ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशेषातिथि सतीश कश्यप ने भी पूरी ऑर्गेनाइजिंग कमेटी को कार्यक्रम की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं व आयोजन में पूरा सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से आयोजित समिति के अध्यक्ष संजय ठाकुर, समिति सचिव भीम सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष रमन कंवर, मंच संचालक ओमप्रकाश भारद्वाज, पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष ऋषि देव शर्मा, नगर पंचायत अर्की की पूर्व अध्यक्ष सीमा शर्मा, पार्षद रुचिका गुप्ता, कामेश्वर शर्मा, ताराचंद, आदि लोग शामिल रहे।



सोलन में छठ पूजा करती बिहारी महिलाएं।

## सोलन में बिहारी परिवारों ने श्रद्धा विधि-विधान से मनाया छठ पर्व

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बिहार के लोगों ने अपने राज्य से सैकड़ों किलोमीटर दूर रहते हुए भी छठ पर्व पूरे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मनाया।

सोलन में भी चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व का समापन आज उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हुआ, जिसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत पूर्ण हुआ। सुबह तीन बजे से ही व्रती परिवार पूजा स्थलों पर पहुंचने लगे थे। सूर्य देव के दर्शन होते ही सभी ने अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना की। नदी न होने के बावजूद बिहार समुदाय के लोगों ने कृत्रिम घाटों का निर्माण किया और परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखा। सूर्य की पहली किरण फूटी, तो यह साबित हो गया कि सच्ची आस्था किसी सीमा या भौगोलिक दूरी की मोहताज नहीं होती।

राम प्रकाश और प्रियंका वालिया ने बताया कि छठ पूजा अत्यंत कठिन और अनुशासित व्रत है, जिसमें व्रती 36 घंटे तक बिना जल और अन्न ग्रहण किए उपवास रखते हैं। पूजा के बाद ठेकुआ, हलवा और फलों का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर स्थानीय लोग भी शामिल हुए और इस पर्व को एकता का प्रतीक बताया।

## श्रीकांत शर्मा के सोलन प्रवास को लेकर बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा जिला सोलन की परिचय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रतन पाल ने की। इस बैठक में सह जिला प्रभारी वंदना योगी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल तथा शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी अक्षय भरमौरी भी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रतन पाल ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा का सोलन जिला प्रवास 2 नवंबर से प्रारंभ होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आगामी कार्यक्रमों को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। सह जिला प्रभारी वंदना योगी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे संगठन की रीढ़ हमारे कर्मठ कार्यकर्ता हैं।

## अदेष विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया ऑनिक्स बायोटेक लिमिटेड भ्रमण



अदेष विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण के दौरान।

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

ऑनिक्स बायोटेक लिमिटेड में अदेष विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी उद्योग की वास्तविक प्रक्रियाओं, नवीनतम तकनीकी प्रयोगों तथा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में हो रहे कार्यों से अवगत कराना था।

भ्रमण के दौरान छात्रों ने उत्पादन इकाई, गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला व अनुसंधान विभाग का दौरा किया। कंपनी के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बायोटेक उद्योग में उपयोग की जाने वाली अत्याधुनिक तकनीकों, गुणवत्ता मानकों तथा रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ऑनिक्स बायोटेक लिमिटेड के प्रबंधक विक्रमजीत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हमारा उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को उद्योग की व्यावहारिक समझ प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकें, ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान व आत्मविश्वास दोनों को बढ़ाते हैं। अदेष विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने इस उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक अनुभव के लिए ऑनिक्स बायोटेक लिमिटेड के प्रबंधन का हार्दिक धन्यवाद किया।

## गुरुद्वारा साहिब के प्रवेश द्वार का जीर्णोद्धार शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा दशमेश अस्थान नाहन के मुख्य प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ विधायक अजय सोलंकी ने किया। इस मौके पर विधायक ने प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा साहिब के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए दरबार साहिब में माथा भी टेका। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान अमृत सिंह शाह और अन्य सदस्यों ने विधायक अजय सोलंकी को सिरोपा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विधायक के साथ आए अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि गुरुद्वारा श्री दशमेश अस्थान नाहन साहिब एक महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बरसात के कारण गुरुद्वारा साहिब का मुख्य गेट टूट गया था।

## सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में धुंदन स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**





राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में प्रात:कालीन सभा के दौरान एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मंच संचालन प्रवक्ता अमर सिंह वर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि हाल ही में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुनिहार में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं प्रवक्ताओं नरेंद्र कुमार, चेतना और हेमंत कुमार का विद्यालय परिसर में फूल-मालाओं और हार पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय ने शास्त्रीय संगीत, समूह गान और लोक नृत्य तीन विधाओं में भाग लिया, जिसमें समूह गान में प्रथम स्थान, शास्त्रीय संगीत एवं लोक नृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अब विद्यालय की समूह गान टीम आगामी राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता, जो चंबा में आयोजित होगी, उसमें जिला सोलन का प्रतिनिधित्व करेगी।

इसके अतिरिक्त, खंड शिक्षा कार्यालय धुंदन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत भारती एयरटेल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित खंड स्तरीय इंग्लिश विजार्ड और मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में भी विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 18 विद्यालयों ने भाग लिया। मैथ्स विजार्ड में कक्षा आठवीं के कृषव और सोनाक्षी ने खंड स्तर पर प्रथम स्थान, जबकि इंग्लिश विजार्ड में कक्षा आठवीं के मयंक वर्मा व परिधि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अब ये विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता में धुंदन खंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने समस्त प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि संगीत प्रवक्ता नरेंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने राज्य स्तर की आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सभी को अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**दिक्कतें** तहबाजारी से लोगों का पैदल चलना हुआ मुश्किल, अब कार्रवाई की तैयारी

# निगम प्रशासन की चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण से अटा बाजार

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** दिवाली और धनतेरस का पर्व बीत जाने का बावजूद सोलन बाजार से अतिक्रमण और तहबाजारी नहीं हटाई जा रही है। इससे लोगों को बाजार में पैदल चलने में दिक्कतें पेश आ रहे है।

निगम प्रशासन ने बाजार में टीम भेज कर दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की अपील की पर हालात जस के तस है। निगम प्रशासन ने अब कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। दुकानदारों की मनमानी के चलते सोलन मॉल रोड और मुख्य बाजार में अतिक्रमण की होड़ लगी है। लोगों को दुकानों के सामने हो रहे अतिक्रण से पैदल चलने में खासी दिक्क़ते पेश आ रही है। स्थानीय प्रशासन तहबजारिओ पर तो कार्रवाही करती है लेकिन दुकानदारों को मात्र चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है। बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने बाजार से न केवल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की बल्कि नियमित रूप से फायरब्रिगेड की मॉग ड्रिल सुनिश्चित की थी। इससे बाजार खुले-खुले नजर आने लगे थे। माल रोड सहित मुख्य बाजार, अप्पर बाजार और लक्कड़ बाजार में अतिक्रमण के कारण सड़कों में लोगों का चलना फिरना भी मुश्किल हो गया है। अप्पर बाजार व लक्कड़ बाजार में अतिक्रमण के कारण रोगी को अस्पताल तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण रहता है। लक्कड़ बाजार से आगे कोटलानाला तक तो अतिक्रमण चरम सीमा पर है। दुकानदारों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें प्रशासन का कोई डर नहीं है। दुकानदार रोज सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण कर दुकानों के सामने सामान लगा रहे हैं। इतना ही नहीं नगर निगम की तरफ से की जाने वाली कार्रवाई के दौरान भी सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की जाती है। ऐसी स्थिति में यदि फायरब्रिगेड व एंबुलेंस से बाजार से गुजारना पड़े तो मुश्किल हो जाता है। अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए लिए प्रशासन ने पुराने बस स्टैंड से चौक बाजार तक प्रत्येक 15 दिन बाद फायरब्रिगेड की माकड्रिल की व्यवस्था की थी पर दुकानदारों के विरोध के बाद इसे बंद कर दिया। इस व्यवस्था से आपात स्थिति से निपटना आसान नहीं होगा। इतना ही नहीं हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद बाजार में अतिक्रमण कर किया अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई नहीं हो पाई है। सोलन के राम बाजार (लोअर बाजार), मालरोड, गंज बाजार, लक्कड़ बाजार व सर्कुलर रोड पर अतिक्रमण का इतना बुरा हाल है कि लोगों का चलना-फिरना तक मुश्किल है।

### प्रशासन की कार्रवाई का डर

**जिला** प्रशासन ने अतिक्रमण को हटाने के लिए अनेक प्रयास किए लेकिन कारोबारियों की मनमानी के चलते इसकी स्थाई व्यवस्था नहीं बनी। व्यापारियों की राजनीतिक पहुंच इस मुहिम पर भारी रही है। यही कारण है कि इस वर्ग के हौंसले हमेशा बुलंद रहते हैं। कुछ वर्ष पहले नगर निगम ने नालियों पर से अतिक्रमण हटाने और इसे स्वच्छ बनाने के लिए नालियों को अंडर ग्राउंड तो किया पर बाद में व्यापारियों ने फिर से वहां सामान रखना शुरू कर दिया।



**नगर** निगम की आयुक्त एकता कापटा ने बताया कि त्योहारों के सीजन में व्यापार मंडलों की मांग पर दुकानदारों को दुकान के बाहर सामान प्रदर्शित करने की अनुमति दी गई थी ताकि उनका व्यवसाय प्रभावित न हो। इस अवधि में निगम ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। आयुक्त कापटा ने सभी दुकानदारों से आग्रह किया है कि वे स्वेच्छा से अपना सामान वापस दुकान की सीमा के भीतर रखें। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण राहगीरों को चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसलिए सभी से सहयोग की अपेक्षा है। आयुक्त ने बताया कि अगले सप्ताह निगम की टीमें क्षेत्र का निरीक्षण करेंगी। यदि किसी स्थान पर अतिक्रमण पाया गया तो उसे तुरंत हटाया जाएगा।

## कैप्टन ऐजे सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों सफलता के वास्तविक अर्थ से कराया अवगत

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पाइनग्रोव स्कूल में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए एक प्रेरणादायक ओरिएंटेशन सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा XI में प्रवेश की प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जीवन की इस अत्यंत महत्वपूर्ण शैक्षणिक निर्णायक यात्रा में विद्यार्थियों का संवेदनशीलता से मार्गदर्शन करते हुए कार्यकारी निदेशक कैप्टन ऐजे सिंह ने अपने व्यापक अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों को यह समझाया कि वे अपने भविष्य से जुड़ा निर्णय सोच-समझकर लें, चाहे वह पाइनग्रोव में अध्ययन जारी रखना हो या किसी अन्य संस्थान में जाना हो।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसमें मूल्य प्रणाली, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व कौशल और उद्देश्य की स्पष्टता जैसी अमूल्य विशेषताएं भी शामिल होती हैं। सफलता के वास्तविक अर्थ पर विचार करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को भौतिक उपलब्धियों से आगे बढ़कर अनुशासन, खुशहाली और ईमानदारी को जीवन का लक्ष्य बनाने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को 'विटामिन एन' अर्थात् 'ना' कहने का महत्व समझाएं, जिससे अति लाड़-प्यार से बचा जा सके। पाइनग्रोव स्कूल के विशिष्ट गुणों, स्नेहपूर्ण वातावरण और उत्कृष्ट देखभाल की परिभाषा देते हुए, कैप्टन सिंह ने कक्षा XI में प्रवेश की प्रक्रिया का भी विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य संजय चौहान ने भी वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली दो सीबीएसई कक्षा ङ्ग बोर्ड परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी। सत्र के दौरान अभिभावकों ने खुलकरअपने प्रश्न पूछे, जिससे यह सेमिनार विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का एक व्यावहारिक मार्गदर्शन सिद्ध हुआ।

## हरियाणा की लोक-संस्कृति के महाकुंभ 'रत्नावली महोत्सव' का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया शुभारंभ

# रत्नावली महोत्सव लोक-संस्कृति को सहेजने का प्रेरक मंच

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की समृद्ध लोक-संस्कृति और कला परंपरा को सहेजने वाले राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव का आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में भव्य शुभारंभ हुआ।

महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव हरियाणा की गौरवशाली विरासत, हमारी माटी की महक और लोक जीवन की झलक प्रस्तुत करता है। यह विद्यार्थियों को न केवल अपने व्यक्तित्व को निखारने का अवसर देता है, बल्कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करने की भावना से भी ओतप्रोत करता है। रत्नावली महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी जड़ों और पहचान को पुनर्जीवित करने का एक प्रेरक मंच है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा पद्मश्री से अलंकृत संतराम देशवाल तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में



उल्लेखनीय योगदान देने वाले श्री अनूप लाठर को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने हरियाणवी बोली में प्रकाशित रत्नावली टाईम्स पत्रिका का भी विमोचन किया।

अपने संबोधन में सैनी ने कहा कि वे ऊर्जावान युवाओं के बीच आकर अत्यंत उत्साहित हैं। यह देखकर गर्व होता है कि नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि यह महोत्सव एक ऐसा मंच है, जो युवा पीढ़ी को हमारी जड़ों से जोड़ता है। रत्नावली महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने, संरक्षित करने और उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का एक अनुपम प्रयास है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा की संस्कृति में सादगी, स्वाभिमान और देशभक्ति का भाव रचा-बसा है। रत्नावली महोत्सव इन्हीं मूल्यों का उत्सव है और इस मंच से निकलने वाले कलाकार न केवल प्रदेश बल्कि देश का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी हमारे प्रदेश का भविष्य है और संस्कृति के संवाहक भी। यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी विरासत को लेकर कितनी सजग और उत्साहित है। शिक्षा हमें ज्ञान और कौशल देती है, लेकिन संस्कृति हमें संस्कार और पहचान देती है। उन्होंने कहा कि वेशभूषा, नृत्य, लोकगीत, हरियाणवी सांग और रागनी, यहां बनाई गई झोपड़ियां ये सब केवल प्रदर्शन मात्र नहीं हैं, ये हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि युवा शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति व विरासत से भी जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है। यह प्रदेश 1966 में बना लेकिन इस विश्वविद्यालय की नींव 1956 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ने रखी थी। हरियाणा प्रदेश के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास में इस विश्वविद्यालय का अमूल्य योगदान है। हरियाणा ने शिक्षा, खेल, संस्कृति, शोध, औद्योगिक क्षेत्र में प्रगति कर अग्रणी राज्य के रूप में भारत में अलग पहचान बनाई है। इस पहचान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का भी महत्वपूर्ण योगदान है। यह विश्वविद्यालय, ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान, कौशल विकास, खेल, कला, संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है।

## ज्योतिसर अनुभव केंद्र का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिली है। इसी विरासत को सहेजने के लिए सरकार की तरफ से ज्योतिसर में महाभारत थीम पर आधारित प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। इसके तहत गीता स्थली ज्योतिसर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करते हुए विश्व का सबसे दर्शनीय ऐतिहासिक स्थल बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को जिला कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर तीर्थ स्थित अनुभव केंद्र का निरीक्षण कर रहे थे। इस मौके पर विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज और मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अनुभव केंद्र में स्वागत कक्ष, महाकाव्य का सृजन कक्ष, प्राचीन महाभारत, कुरु वंशावली, गीता श्लोक, कृष्ण भूमिका, दशव अवतार सहित अन्य कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ज्योतिसर अनुभव केंद्र में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को कुरुक्षेत्र के इतिहास के जीवंत दर्शन होंगे। इस दौरान विरासत एवं पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती कला रामचंद्रन ने मुख्यमंत्री को पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अनुभव केंद्र की बारीकियों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि तमाम विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाए ताकि ज्योतिसर अनुभव केन्द्र में पर्यटक महाभारत और कुरुक्षेत्र के इतिहास के दर्शन कर सकें। सैनी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा से गीता के उपदेश दिए। इस पावन धरा के इतिहास को जहन में रखते हुए सरकार की तरफ से ज्योतिसर में विकास कार्यों को तेज गति के साथ किया जा रहा है।

## सीआईएसएफ ने भाखड़ा बांध परियोजना की सुरक्षा की आधिकारिक जिम्मेदारी संभाली

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारत की सबसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक भाखड़ा बांध परियोजना की सुरक्षा की सुरक्षा अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) करेगी। सीआईएसएफ यूनिट बीडीपी नंगल का भाखड़ा बांध परियोजना (बीडीपी), नंगल में एक आधिकारिक अधिष्ठापन समारोह हुआ।

इस अवसर पर नवज्योति गोगोई, महानिरीक्षक, सीआईएसएफ (उत्तरी खंड), श्री एमके यादव, उप महानिरीक्षक, सीआईएसएफ (उत्तरी क्षेत्र-द्वद्व) तथा श्री मनोज त्रिपाठी, अध्यक्ष, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) सहित सीआईएसएफ यूनिट बीडीपी नंगल के कमांडेंट प्रतीक रघुवंशी उपस्थित रहे। यह समारोह बांध की सुरक्षा को राज्य पुलिस से औपचारिक रूप से सीआईएसएफ को हस्तांतरित करने का प्रतीक बना। भाखड़ा बांध, हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में सतलुज नदी पर स्थित एक विशाल कंक्रीट गुरुत्वाकर्षण बांध है, जिसकी ऊंचाई 226 मीटर और लंबाई 518 मीटर है। यह बांध गोबिंद सागर जलाशय का निर्माण करता है, जो 168 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और 9.34 बिलियन क्यूबिक मीटर जल संग्रहण क्षमता रखता है। सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि अब तक भाखड़ा बांध की सुरक्षा संबंधित राज्य पुलिस बलों द्वारा बीबीएमबी की देखरेख में की जा रही थी। किंतु तोड़फोड़ और आतंकवादी गतिविधियों के बढ़ते खतरों को ध्यान में रखते हुए गृह मंत्रालय ने मई 2025 में 296 सशस्त्र कर्मियों वाली सीआईएसएफ की एक समर्पित इकाई की तैनाती को स्वीकृति प्रदान की थी।

उन्होंने बताया कि सीआईएसएफ अब भाखड़ा बांध के मुख्य दीवारों, जलद्वारों, बिजलीघरों, नियंत्रण कक्षों तथा प्रवेश द्वारों की निगरानी एवं सुरक्षा का दायित्व संभालेगी। राज्य पुलिस बलों को बीबीएमबी की समग्र सुरक्षा व्यवस्था में सहायक भूमिका में रखा गया है, ताकि समन्वित सुरक्षा तंत्र सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि सीआईएसएफ की तैनाती से भाखड़ा बांध परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिली है और यह कदम भारत की जल, ऊर्जा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने मांगी खुशहाली

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आस्था का प्रतीक छठ महापर्व मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शहर के बीएसटी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के साथ छठ पूजा स्थल पर श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे और भगवान सूर्य की आराधना की। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर जय छठी मैया के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की और छठ व्रतियों के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और क्षेत्र की खुशहाली व तरक्की की कामना की। कादियान ने कहा कि छठ व्रतियों का संयम, श्रद्धा और अनुशासन समाज के लिए मिसाल है। जिस निष्ठा और पवित्रता से माताएं और बहनें यह व्रत रखती हैं, वह हर व्यक्ति को प्रेरित करता है। छठ महापर्व हमें प्रकृति, जल और सूर्य के प्रति कृतज्ञ होने का संदेश देता है।

### ऊंटलोधा गांव में जमीनी विवाद पर हिंसक झड़प

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले के गांव ऊंटलोधा में मंगलवार को भूखंड विवाद के चलते दो पक्षों के बीच लाठी, डंडे और तेजधार हथियारों से हिंसक झड़प हुई। इस झगड़े में करीब डेढ़ दर्जन लोग घायल हुए, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया। झगड़ा उस समय हुआ जब एक पक्ष विवादित प्लॉट की नींव भर रहा था और दूसरे ने विरोध जताया। आरोप है कि सीसीटीवी कैमरे काटे गए और सरपंच की मिलीभगत से घटना की योजना बनाई गई। पुलिस जांच कर रही है, गांव में तनाव जारी है।

## लोगों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना सरकार का लक्ष्य : आरती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**दुल्हेड़ी गांव में पीएचसी खिल्लूका में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने को दी मंजूरी**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। शहर और क़स्बा के अलावा ग्रामीण स्तर पर भी नए स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे हैं और जनसँख्या वृद्धि को देखते हुए कई संस्थानों को अपग्रेड किया जा रहा है।

आरती सिंह राव ने आज चंडीगढ़ में कार्यालय में उनसे मिलने आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की डिमांड पर भिवानी जिला के गांव दुल्हेड़ी में बने उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने की मंजूरी दे दी गई है, जल्द ही वहां चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्टॉफ की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने आगे बताया कि पलवल जिला के गांव खिल्लूका में भी उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मंजूरी दे दी गई है, इसमें भी स्टॉफ की भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सेवाएं देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वास्थ्य विभाग में आवश्यक दवाओं और उपकरणों की खरीद की जा रही है ताकि लोगों को सस्ता ईलाज मिल सके।

## डीएपी की किल्लत से किसान परेशान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने प्रदेश में डीएपी की भारी किल्लत के कारण परेशानी झेल रहे किसानों की आवाज को बुलंद करते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदार पूरी तरह से भाजपा सरकार है। अन्नदाता की कैसे बेकद्री की जा रही है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुबह चार बजे से ही न केवल नौजवान किसान, बल्कि उसके परिवार के बुजुर्ग और महिलाएं भी डीएपी लेने के लिए लाइन में लगे हैं। उसके बाद भी सभी को जरूरत के हिसाब से डीएपी नहीं मिल रहा है। कई किसान तो बिना डीएपी के खाली हाथ ही घर वापस घर आते हैं। भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है यह इस बात से साफ हो जाती है कि सरकार के आदेशों पर पुलिस किसानों के साथ अत्याचार कर रही है।

## सड़क सुरक्षा व बुनियादी ढांचा कार्यों की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

डिप्टी कमिशनर, चंडीगढ़ निशांत कुमार यादव, आईएएस की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

इसमें शहर में चल रहे सड़क सुरक्षा और बुनियादी ढांचा कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में एसएसपी (ट्रैफिक एवं सुरक्षा), इंजीनियरिंग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, और नगर निगम, चंडीगढ़ तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डिप्टी कमिशनर ने इंजीनियरिंग विभाग को निर्देश दिया कि साइकिल ट्रैक के निर्माण में कंक्रीट की बजाय बिटुमिनस (डामर) सामग्री का उपयोग किया जाए, ताकि साइकिल चालकों को बेहतर सुविधा और सड़क की गुणवत्ता मिल सके। उन्होंने हल्लोमाजरा लाइट प्वाइंट से बेहलाना लाइट प्वाइंट तक साइकिल ट्रैक के



धीमी गति से चल रहे कार्य पर चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को इसे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डिप्टी कमिशनर ने यह भी निर्देश दिया कि सभी सड़क संकेतक बोर्ड, जैसे गति सीमा और ट्रैफिक सलाह संबंधी बोर्ड, भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा जारी नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार लगाए जाएं, ताकि एकरूपता और राष्ट्रीय मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके।

डिप्टी कमिशनर ने शहर में हाल ही में की गई सड़क सुरक्षा पहलों की सराहना की, जिनमें वाहनों की गति नियंत्रित करने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'रंबल स्ट्रिप्स' की स्थापना, प्रमुख चौराहों पर जेब्रा क्रॉसिंग और स्टॉप लाइन चिन्हित करना, तथा सेक्टर 52/53–42/43 और 41/42–54/55 जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर एडेप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिग्नल लगाना शामिल है, जिससे ट्रैफिक प्रबंधन में सुधार हो रहा है। उन्होंने सभी विभागों को समय पर चल रहे सभी कार्य पूरे करने पर बल दिया ताकि सड़क सुरक्षा में सुधार हो, यातायात व्यवस्था बेहतर बने और चंडीगढ़ के सभी नागरिकों के लिए आवागमन अधिक सुरक्षित हो सके।

## देश-विदेश

## न्यायालय गलत तरीके से गिरफ्तारी और कैद के लिए मुआवजे संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने एक ऐसे शख्स की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है, जिसने बलात्कार और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बरी किए जाने से पहले 12 वर्ष तक जेल में काटे।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस व्यक्ति को निचली अदालत की तरफ से मौत की सजा सुनाई गई थी और बॉम्बे हाईकोर्ट ने उसकी सजा बरकरार रखी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उसे बरी कर दिया। इसी मामले में याचिकाकर्ता ने गलत गिरफ्तारी, मुकदमे और सजा के लिए मुआवजे की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सोमवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि नोटिस जारी किया जाए, इसे 24 नवंबर तक उत्तरदायी बनाया जाए। हम इस मामले में अटॉर्नी जनरल या सॉलिसिटर जनरल से न्यायालय की सहायता का अनुरोध करते हैं।

**क्या है मामला, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए भरी हामी? :** महाराष्ट्र के ठाणे में 2013 में गिरफ्तार किए गए शख्स को मार्च 2019 में सत्र न्यायालय ने मौत की सजा सुनाई थी। नवंबर 2021 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने फैसले में मौत की सजा को बरकरार रखा था। हालांकि, मई 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उसे सभी आरोपों से बरी कर दिया। कोर्ट ने जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए उसे त्रुटिपूर्ण करार दिया था। (अनंत ज्ञान)

## झूठा निकला दिल्ली एसिड अटैक का मामला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में 20 वर्षीय छात्रा पर हुए कथित एसिड अटैक केस ने शहर को दहला दिया था। सोशल मीडिया से लेकर न्यूज़ चैनलों तक हर जगह इस वारदात की चर्चा थी, लेकिन पुलिस जांच ने जब इस 'हमले' का सच सामने लाया, तो पूरी कहानी ही पलट गई. अब वही पिता अकील खान, जो अपनी बेटी के लिए इंसाफ की गुहार लगा रहा था, खुद सलाखों के पीछे है. भलस्वा डेयरी थाना पुलिस ने उसे संगम विहार से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उसने कबूल किया कि एसिड अटैक की पूरी कहानी उसने खुद रची थी। (अनंत ज्ञान)

## खुशखबरी : सोना 3,034 और चांदी 3,135 रुपए हुई सस्ती

### 8 दिन में गोल्ड 11,541 और चांदी की 27,334 रुपए घटी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोने**-चांदी के दाम में 28 अक्तूबर को भारी गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोने की कीमत 3,034 रुपए घटकर 1,18,043 पर आ गई है। इससे पहले इसके दाम 1,21,077 रुपए प्रति 10 ग्राम थे। वहीं, चांदी 3,135 रुपए गिरकर 1,41,896 प्रति किलोग्राम हो गई। कल इसकी कीमत 1,45,031 प्रति किलोग्राम थी।सोने की कीमतों में 3 जीएसटी मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। सोने की कीमत पिछले 8 दिनों में 11,541 रुपए घटकर आज 1,18,043 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। 19 अक्टूबर को इसकी कीमत 1,29,584 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं चांदी 1,69,230 रुपए प्रति किलो से गिरकर 1,41,896 रुपए पर आ गई है। ये 27,334 रुपए सस्ती हुई है।

## असम : जुबिन गर्ग की मौत के मामले में पांच आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**एजेंसी, गुवाहाटी।** गुवाहाटी की एक स्थानीय अदालत ने मशहूर गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में पांच आरोपियों की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 14 दिन के लिए बढ़ा दी। पांच आरोपियों में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनईआईएफ) के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, गायक के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा, उनके चचेरे भाई और पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग और उनके निजी सुरक्षा अधिकारी नंदेश्वर बोरा और प्रबीन बैश्य शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि बक्सा जेल में बंद इन लोगों को कामरूप मेट्रोपोलिटन के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष वर्चुअल माध्यम से पेश किया गया। उन्होंने कहा कि पांचों आरोपियों की वर्तमान न्यायिक हिरासत कल समाप्त हो जाएगी। उन्हें वर्चुअल माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय मौत हो गई थी। वे चौथे एनईआईएफ में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे। पुलिस रिमांड की समाप्ति पर 16 अक्टूबर को पांचों आरोपियों को बक्सा जेल ले जाया गया। उन्हें जेल ले जाते समय हिंसा भड़क उठी थी। इसमें पुलिस और मीडियाकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गए। इस मामले में अब तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दो अन्य आरोपी न्यायिक हिरासत में हाफलोंग जेल में बंद हैं। (अनंत ज्ञान)

## राहुल गांधी के खिलाफ मामले में संभल की अदालत सात नवंबर को सुनाएगी फैसला

**एजेंसी, संभल (उत्तर प्रदेश)।** संभल की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की एक टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दायर मामले में मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अधिकारियों ने बताया कि फैसला सात नवंबर को सुनाया जाएगा।अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) द्वितीय आरती फौजदार के समक्ष चंदौसी जिला न्यायालय में सुनवाई हुई, जहां दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें पेश कीं।

## मेहली मिस्त्री होंगे टाटा ट्रस्ट्स से बाहर, तीन ट्रस्टी ने दोबारा नियुक्ति के खिलाफ डाला वोट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**टाटा** ट्रस्ट्स में बड़ा बदलाव तय माना जा रहा है। 65 वर्षीय मेहली मिस्त्री अब सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड से बाहर हो सकते हैं, क्योंकि छह में से तीन ट्रस्टी ने उनकी दोबारा नियुक्ति के खिलाफ वोट दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, चेयरमैन नोएल टाटा, टीवीएस ग्रुप के चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह ने मिस्त्री के पुनर्नियुक्ति प्रस्ताव का विरोध किया। यह वोटिंग पिछले हफ्ते सर्कुलर रेजॉल्यूशन के जरिए कराई गई थी। मेहली मिस्त्री 2022 में टाटा ट्रस्ट्स से जुड़े थे और वे स्व. रतन टाटा के करीबी माने जाते थे। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स में इन दोनों कोर ट्रस्ट्स की 51% हिस्सेदारी है।

साथ ही इन्हें वीटो पावर और टाटा सन्स बोर्ड में एक-तिहाई डायरेक्टर नॉमिनेट करने का अधिकार है। सूत्रों का कहना है कि ट्रस्टियों के बीच मतभेद उस समय और गहरा गया जब मिस्त्री गुट ने विजय सिंह को टाटा सन्स के नामित निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त करने के प्रस्ताव का विरोध किया। इस कदम से ट्रस्ट बोर्ड दो खेमों में बंट गया। (अनंत ज्ञान)

# मोन्था तूफान का कई जिलों में असर

### विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा और तिरुपति से कई फ्लाइट कैंसिल, हवा की रफ्तार 110 किलोमीटर प्रति घंटा

**एजेंसी, नई दिल्ली/अमरावती**

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवात मोन्था मंगलवार सुबह तूफान में बदल गया है। फिलहाल यह आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम से लगभग 190 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है।

इसका असर आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल और ओडिशा के जिलों में देखा जा रहा है। इन राज्यों में 90 किलोमीटर प्रति घंटा से 110 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही हैं। चारों राज्यों के तटीय इलाकों से 50 हजार से ज्यादा



लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। सोमवार और मंगलवार को दक्षिण मध्य रेलवे जोन की कुल 120 ट्रेनें कैंसिल करनी पड़ीं।ब इसके अलावा विशाखापट्टनम एयरपोर्ट से सभी 32 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। विजयवाड़ा एयरपोर्ट से भी 16 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। तिरुपति एयरपोर्ट से भी 4 फ्लाइट्स कैंसिल की गई हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, जैसे-जैसे यह काकीनाड़ा-मछलीपट्टनम तट के करीब पहुंचेगा, इसकी रफ्तार और तेज होती जाएगी। चक्रवात मोन्था के आगे बढ़ने से काकीनाड़ा में समुद्र उफान पर है। फिलहाल यह मछलीपट्टनम से लगभग 190 किमी दक्षिण-पूर्व में केंद्रित हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका में शटडाउन से 118 हवाई उड़ानें रद्द और 8700 से ज्यादा लेट

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका में चल रहे 27वें दिन के सरकारी शटडाउन ने देशभर में हवाई सेवाओं को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सोमवार को 4,000 से अधिक उड़ानें विलंबित हुईं और करीब 118 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। रिपोर्टों के मुताबिक, रविवार को ही 8,700 से ज्यादा उड़ानें देर से रवाना हुई थीं। हवाई अड्डों और एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावरों में कर्मचारियों की भारी कमी देखी जा रही है। लगभग 13,000 एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और 50,000 ट्रांसपोर्टेशन सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन अधिकारी बिना वेतन काम कर रहे हैं, जिससे पूरे सिस्टम पर दबाव बढ़ गया है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि स्टाफ की कमी के कारण दक्षिणपूर्वी राज्यों और न्यूर्क लिबर्टी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (न्यू जर्सी) में उड़ानों पर खासा असर पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

## फैसला : 15 लाख कर्मचारियों वाली अमेजन करेगी 30,000 की छंटनी

**एजेंसी, मुंबई**

**खर्च घटाने की बड़ी मुहिम शुरू**

**ई-कॉमर्स** कंपनी अमेजन ने मंगलवार से करीब 30,000 ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का फैसला किया है। कंपनी ऐसा इसलिए कर रही है क्योंकि कोविड-19 के समय उसने जरूरत से ज्यादा लोगों को रखा था, और अब वह खर्च कम करके काम को आसान बनाना चाहती है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह अमेजन की अब तक की सबसे बड़ी छंटनी होगी। माना जा रहा है कि यह फैसला कंपनी के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है।

अमेजन में कुल लगभग 15.5 लाख (1.55 मिलियन) लोग काम करते हैं। इनमें से करीब 3.5 लाख कर्मचारी ऑफिस या कॉरपोरेट काम में लगे हैं। अब कंपनी इन्हीं में से करीब 10 प्रतिशत यानी लगभग 30,000 लोगों की नौकरी खत्म करने जा रही है। यह छंटनी अमेजन के लिए बहुत बड़ी मानी जा रही है, क्योंकि इससे पहले 2022 के अंत और 2023 की शुरुआत में कंपनी ने 27,000 लोगों को नौकरी से निकाला था। उसके बाद यह अब तक की सबसे बड़ी छंटनी है। (अनंत ज्ञान)

## दीवानी न्यायाधीशों के करियर में धीमी प्रगति के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवेश स्तर के न्यायिक अधिकारियों के करियर में धीमी गति से प्रगति होने से चिंतित उच्चतम न्यायालय ने उच्च जिला न्यायिक सेवाओं के संवर्ग में वरिष्ठता निर्धारित करने के लिए राष्ट्रव्यापी मानदंड तैयार करने के काफी समय से लंबित मुद्दे पर मंगलवार को सुनवाई हुई। भारत के प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने इस स्थिति पर गौर किया कि अधिकतर राज्यों में दीवानी न्यायाधीश (सीजे) के रूप में भर्ती होने वाले न्यायिक अधिकारी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद तक पहुंचना तो दूर, प्रधान जिला न्यायाधीश (पीडीजे) के स्तर तक भी अक्सर नहीं पहुंच पाते। इसके परिणामस्वरूप कई प्रतिभाशाली युवा वकील सीजे के स्तर की सेवा में शामिल नहीं होते। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दे पर सुनवाई करते समय वह 'अन्य सहायक या संबंधित मुद्दों' पर भी विचार कर सकती है। देशभर के न्यायिक अधिकारियों की वरिष्ठता और करियर में प्रगति का मुद्दा 1989 में अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ (एआईजेए) द्वारा दायर एक याचिका में उठाया गया था। (अनंत ज्ञान)

# तमिलनाडु में 1000 साल पुरानी कलाकृतियां मिलीं

**एजेंसी, विल्लुपुरम**

**तमिलनाडु** में विल्लुपुरम जिले के कूटेरीपट्टू के पास पुरातात्विक खोज में लगभग 1,000 साल पुरानी चोल काल की पत्थर की कलाकृतियां मिली हैं।

विल्लुपुरम के इतिहासकार सेनगुट्टुवन द्वारा हाल ही में किए गए एक क्षेत्रीय सर्वेक्षण के दौरान पहचानी गई ये प्राचीन कलाकृतियां, अलाग्रामम गांव और उसके आसपास मिलीं, जो अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए पहले से ही जाना जाता है।

इनमें वैष्णवी देवी, कौमारी और एक बौद्ध आकृति की जटिल नक्काशीदार मूर्तियां शामिल हैं,



जिनमें से प्रत्येक को लगभग 10वीं शताब्दी ईस्वी का माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह खोज इस क्षेत्र की धार्मिक विविधता और चोलों के शासनकाल में फली-फूली कलात्मक उत्कृष्टता पर नई रोशनी डालती है। चिकोडी स्ट्रीट जंक्शन पर वैष्णवी देवी की आधी दबी हुई मूर्ति मिली है। देवी को सुंदर ढंग से विराजमान दिखाया गया है, उनकी चार भुजाएं विशिष्ट विशेषताओं से युक्त हैं। इस मूर्ति की विस्तृत नक्काशी और शांत भाव प्रारंभिक मध्ययुगीन तमिल कला की शैलीगत सटीकता को दर्शाती है। चेल्लियाम्मन मंदिर के परिसर में कौमारी की एक और दुर्लभ मूर्ति मिली। इस खोज में जैन मंदिर मार्ग पर अवलोकितेश्वर (करुणा के बोधिसत्व) को दर्शाती एक बौद्ध प्रतिमा मिली। पांच सिरों वाले सर्प के नीचे स्थापित यह मूर्ति विल्लुपुरम में बौद्ध और जैन परंपराओं के ऐतिहासिक सह-अस्तित्व की ओर इशारा करती है। वरिष्ठ पुरालेखविद् विजय वेणुगोपाल ने कहा कि यह खोज इस क्षेत्र में बौद्ध धर्म के एक समय के जीवंत प्रसार की पुष्टि करती है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### रणजी ट्रॉफी: शमी की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने गुजरात को 141 रन से हराया



**एजेंसी, कोलकाता।** ईडन गार्डन्स में खेले गए रणजी ट्रॉफी मुकाबले में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी शानदार गेंदबाजी के दम पर बंगाल को लगातार दूसरी जीत दिलाई। शमी ने मंगलवार को 5 विकेट लेकर 38 रन दिए, जिससे बंगाल ने गुजरात को 141 रन से पराजित किया। 35 वर्षीय शमी ने पहली पारी में भी 3 विकेट लेकर 44 रन दिए थे। उनकी इस शानदार गेंदबाजी ने एक बार फिर साबित किया कि वह अब भी भारत के सबसे प्रभावशाली तेज गेंदबाजों में से एक हैं। हालांकि, बेहतरीन फॉर्म के बावजूद शमी को हाल के महीनों में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की प्राथमिकता सूची से बाहर रखा गया है। उन्हें न तो ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ बहु-दिवसीय मैचों के लिए चुना गया था और न ही आगामी दक्षिण अफ्रीका ए सीरीज के लिए। चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद शमी ने पूरा आईपीएल सीज़न खेला था और फिर दलीप ट्रॉफी में ईस्ट ज़ोन का प्रतिनिधित्व किया। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय अंडर-20 महिला टीम को कजाकिस्तान ने बराबरी पर रोका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला टीम ने मंगलवार को कजाकिस्तान के शिमकेंट में बीआईआईके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दूसरे और अंतिम मैत्री मैच में कजाकिस्तान अंडर-19 के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। दोनों गोल दूसरे हाफ में किए गए। एडेलिया बेक्कोझिना ने 47वें मिनट में मेज़बान टीम को बढ़त दिलाई, जबकि पूजा ने 55वें मिनट में इस दौरे का अपना दूसरा गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने अगले साल होने वाले अंडर-20 महिला एशिया कप की तैयारी के सिलसिले में यह दौरा किया था जिसमें उसने दो मैत्री मैच खेले। भारत ने शनिवार को पहला मैत्री मैच 3-2 से जीता था।

### कोहली और रोहित के खेल का जश्न मनाए प्रशंसक: डिविलियर्स

**एजेंसी, मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के आलोचकों को 'कॉकरोच' करार देते हुए कहा कि यह दोनों सुपरस्टार विशिष्ट प्रतिभा की एक पीढ़ीगत जोड़ी हैं और क्रिकेट प्रशंसकों को उनके शानदार करियर के बाकी बचे पलों का जश्न मनाना चाहिए। पिछले कुछ महीनों से कड़ी आलोचना का सामना कर रहे कोहली और रोहित दोनों ने टेस्ट क्रिकेट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था, लेकिन हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में हुई एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी की, जिसमें भारत 1-2 से हार गया। कोहली और रोहित का यह ऑस्ट्रेलिया का संभवतः आखिरी दौरा था जिसके अंतिम मैच में कोहली ने नाबाद 74 और रोहित ने नाबाद 121 रन बनाए। रोहित ने दूसरे मैच में 73 रन बनाए थे और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। डिविलियर्स ने फेसबुक पेज पर लिखा कि रोहित ने एक और शतक लगाया, जबकि कोहली ने भी रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में होली फर्लिंग

**होली** फर्लिंग एक महिला क्रिकेटर हैं, जिन्होंने 2013 में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के लिए खेलना शुरू किया था। 2013 में डेब्यू के बाद उन्होंने 2016 में अपना अंतिम मैच खेला था। फर्लिंग अब मेलबर्न स्टार्स और क्वींसलैंड फायर के लिए घरेलू क्रिकेट खेलती हैं।



# भारत-ऑस्ट्रेलिया पहला टी-20 आज सूर्यकुमार की फॉर्म पर रहेगी निगाह

**एजेंसी, कैनबरा**

**वनडे** सीरीज हार के बाद टीम इंडिया 29 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। जहां टीम के पास हिसाब बराबर करने का मौका तो रहेगा ही, टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम परखने का चांस भी रहेगा।

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को होने वाले पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में फॉर्म में लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम ने अपने पिछले 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से आठ जीते हैं और एक-एक मैच हारे हैं, इसलिए मुकाबला बराबरी का होने की उम्मीद है। भारत का एक मैच टाई रहा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सूर्यकुमार का रन नहीं बना पाना टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है, लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी बेहतर खेल दिखाने के लिए वह प्रतिबद्ध होंगे। सूर्य कुमार के कप्तान बनने के बाद भारतीय टीम ने निर्भीक क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि उनकी कप्तानी में भारत ने अब तक जो 29 मैच खेले हैं, उनमें से 23 में उसे जीत मिली है। किसी भी कीमत पर आक्रामकता बनाए रखना और सूर्या के नेतृत्व कौशल के दम पर भारत ने सभी द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में जीत हासिल की है और वह हाल में एशिया कप जीतने में भी सफल रहा था। (अनंत ज्ञान)

### पावरप्ले अहम, बुमराह होंगे उपयोगी साबित: सूर्यकुमार

**भारतीय** कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पावरप्ले के ओवर काफी महत्वपूर्ण होंगे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी से मैच के इस समय में उनकी टीम की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली के सामने बुमराह का होना हमेशा से उनकी टीम के लिए फायदेमंद रहा है। सूर्यकुमार ने श्रृंखला से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पावर प्ले में गेंदबाजी करना हमेशा चुनौती होती है। हमने देखा है कि वे (ऑस्ट्रेलिया) वनडे श्रृंखला और टी20 विश्व कप में किस तरह से खेले। पावर प्ले हमेशा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि आपने एशिया कप में देखा होगा कि उन्होंने (बुमराह ने) पावर प्ले में कम से कम दो ओवर गेंदबाजी करने की जिम्मेदारी ली थी, इसलिए हमारे लिए यह अच्छी बात है कि वह जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ निश्चित रूप से पावर प्ले में गेंदबाजी करना अच्छी चुनौती होगी।

### संभावित टीमें

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ग्लेन मैक्सवेल, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस।

**मैच: दोपहर 1:45 बजे**

## श्रेयस अय्यर आईसीयू से आए बाहर, हालत में लगातार सुधार

**एजेंसी, सिडनी**



श्रेयस अय्यर सिडनी के अस्पताल के आईसीयू से बाहर आ गए हैं। उनकी हालत में सुधार हो रहा है। टीम का एक डॉक्टर उनकी निगरानी के लिए साथ है। अय्यर को अगले कुछ दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है।

बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने बताया कि श्रेयस को आईसीयू से नॉर्मल वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। हालांकि, अस्पताल से डिस्चार्ज होने में कुछ दिन और लग सकते हैं। श्रेयस के परिवार के सदस्य जल्द ही सिडनी पहुंचेंगे, ताकि उनके साथ रह सकें और रिकवरी के दौरान उनकी देखभाल कर सकें। श्रेयस को सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे (25 अक्तूबर) के दौरान चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलिया की पारी के दौरान 34वें ओवर में हर्षित राणा की एक गेंद पर एलेक्स कैरी ने हवाई शॉट खेला। श्रेयस ने प्वॉइंट से थर्डमैन एरिया की ओर दौड़ लगाकर डाइव लगाते हुए कैच पकड़ा। इस दौरान उनका बैलेंस बिगड़ गया और उनकी बाईं पसली में चोट लग गई।

**श्रेयस को पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा:** चोट के बाद अंदरूनी ब्लीडिंग हुई, इसलिए उन्हें पूरी तरह फिट होने में ज्यादा समय लगेगा। लिहाजा उनकी वापसी के लिए कोई निश्चित टाइमलाइन बता पाना मुश्किल है। श्रेयस (31) को कम से कम एक हफ्ते तक अस्पताल में रहना होगा। वे फिलहाल भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

## मेसी की नजर 2026 फीफा वर्ल्ड कप पर

### दिग्गज फुटबॉलर उम्र और फिटनेस के बावजूद खेलने की जताई उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**अर्जेंटीना** के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों में उम्मीद जताई है कि वे फीफा वर्ल्ड कप 2026 में खेलते नजर आ सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी उम्र और फिटनेस ही यह तय करेगी कि वह अर्जेंटीना के लिए 2022 का खिताब बचाने उतरेंगे या नहीं। मेसी अगले साल जून में 39 वर्ष के हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने हाल ही में इंटर मियामी के साथ अपना अनुबंध 2028 तक बढ़ाया है। यह इस बात का संकेत है कि वह अभी संन्यास के बारे में नहीं सोच रहे।

मीडिया से बातचीत में आठ बार के बैलों डी' ओर विजेता मेसी ने कहा कि वर्ल्ड कप में खेलना कुछ असाधारण होता है और मैं उसमें शामिल होना पसंद करूंगा। मैं चाहता हूं कि मैं वहां रहूं, फिट रहूं और टीम के लिए उपयोगी साबित हो सकूं। लेकिन मैं अगले साल प्री-सीजन शुरू होने पर अपनी स्थिति का आकलन करूंगा और तभी अंतिम फैसला लूंगा। मेसी ने कहा कि हम पिछला वर्ल्ड कप जीत चुके हैं और अब उसे मैदान पर बचाने का मौका मिलना शानदार होगा। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने देश के लिए वर्ल्ड कप खेले और मेरे लिए भी यह हमेशा एक सपना रहा है। मेसी ने अपने 20 से अधिक वर्षों के पेशेवर करियर में बार्सिलोना, पेरिस सेंट-जर्मेन और अब इंटर मियामी के लिए खेला है। 2023 में एमएलएस में शामिल होकर उन्होंने अमेरिकी फुटबाल लीग में नई जान फूंक दी- खासतौर पर तब, जब उत्तर अमेरिका अगले साल वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय तक खिताब से वंचित रहने के बाद मेसी ने 2021 कोपा अमेरिका और फिर 2022 कतर विश्व कप जीतकर अपने करियर को नई ऊंचाई दी। उन्होंने फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट (4-2) से हराकर अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाया। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया अपना आक्रामक रवैया जारी रखेगा: मिशेल मार्श

**एजेंसी, कैनबरा**



**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान मिशेल मार्श जानते हैं कि अति आक्रामक बल्लेबाजी करने की रणनीति हमेशा कारगर साबित नहीं होती, लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों के तहत आक्रामक रवैया अपनाना जारी रखेगी।

ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्व कप की तैयारी के तहत बुधवार से यहां भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2021 में टी-20 विश्व कप जीता था, जबकि भारत 2024 में चैंपियन बना था। मार्श ने मंगलवार को श्रृंखला से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पिछले दो विश्व कप में हम अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए और मुझे लगता है कि हमने एक टीम के रूप में खुद को चुनौती देने की बात की थी, ताकि हम विश्व कप जीत सकें। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमने काफी आक्रामक खेल दिखाया है। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में कई टीमों ने टी-20 क्रिकेट में इसी तरह का रवैया अख्तियार किया है। अगर हम भारत में होने वाले विश्व कप की बात करें तो हम निश्चित तौर पर इसी तरह से खेलेंगे भले ही कुछ अवसरों पर हमें सफलता हासिल न हो।

मार्श ने इसके साथ ही कहा कि भारत के खिलाफ होने वाली श्रृंखला काफी रोमांचक होगी। उन्होंने कहा कि भारत की टीम बहुत अच्छी है और हम उसका बहुत सम्मान करते हैं। मुझे लगता है कि यह श्रृंखला काफी रोमांचक होगी। यह दो अच्छी टीमों के बीच मुकाबला है और इसलिए मैं इस चुनौती का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं। (अनंत ज्ञान)

## हाइलो ओपन सुपर 500 में भारतीय शटलरों ने खेला ड्रॉ



**एजेंसी, सारब्रुकेन (जर्मनी)।** 4,75,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय शटलरों को मुश्किल ड्रॉ का सामना करना पड़ेगा। पुरुष एकल वर्ग में 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन, जिन्होंने हाल ही में हांगकांग ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी, का मुकाबला फ्रांस के पांचवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव से होगा। वहीं, यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का सामना डेनमार्क के विक्टर लाई से होगा। पूर्व विश्व नंबर-1 किदांबी श्रीकांत, जिन्होंने इस साल मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई थी, को पहले ही दौर में हमवतन किरण जॉर्ज से भिड़ना होगा। इसके अलावा एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम का सामना मलेशिया के लियोंग जुन हाओ से होगा। (अनंत ज्ञान)

## रणजी के तीसरे राउंड में मुंबई के लिए खेलेंगे यशस्वी जायसवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारतीय** ओपनर यशस्वी जायसवाल 1 नवंबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 के तीसरे राउंड में खेलने के लिए तैयार हैं। मुंबई की टीम इस राउंड में जयपुर में राजस्थान के खिलाफ खेलेगी। जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 14 नवंबर से कोलकाता में शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले खुद को फिट रखने लिए यह फैसला लिया है।

जायसवाल ने मुंबई के लिए आखिरी मुकाबला 23 से 25 जनवरी तक रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेला था। उस मुकाबले में जायसवाल ने 4 और 26 रन बनाए थे। मुंबई सेलेक्शन कमेटी को जानकारी दी रिपोर्ट के अनुसार, जायसवाल ने अपनी उपलब्धता मुंबई सेलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष संजय पाटिल को बता दी है। पाटिल और उनकी सेलेक्शन दूसरे राउंड के बाद राजस्थान के खिलाफ मैच के लिए टीम का चयन करेंगे। गोवा से खेलने की इच्छा जताई थी इससे पहले, यशस्वी ने डोमेस्टिक क्रिकेट में अपने गोवा से खेलने की इच्छा जताई थी। हालांकि, कुछ ही दिनों में फैसले से यू-टर्न ले लिया था। उन्होंने जायसवाल ने एमसीए को एक मेल किया था और इसमें लिखा कि मैं आपसे निवेदन करता हूं कि मेरे द्वारा ली गई एनओसी को वापस लेने पर विचार करें। मेरे गोवा शिफ्ट होने के फैमिली प्लांस थे, लेकिन वे अब कैंसिल हो गई हैं। इसीलिए मैं एमसीए से निवेदन करता हूं कि मुझे इस सीजन में मुंबई से खेलने की परमीशन दी जाए। मैंने अपना एनओसी न तो बीसीसीआई में समिट किया है व न ही गोवा क्रिकेट एसोसिएशन को। (अनंत ज्ञान)

## इंग्लैंड के खिलाफ द. अफ्रीका के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

### महिला वनडे विश्व कप: इंग्लैंड एक बार फिर कमजोरी का फायदा उठाने की करेगा कोशिश

**एजेंसी, गुवाहाटी**



**लीग** चरण में कुछ करीबी जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को महिला वनडे विश्व कप के अंतिम चार के मुकाबले में अगर चार बार के चैंपियन इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

दक्षिण अफ्रीका को लीग चरण में जिन दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था, उन दोनों में उसके बल्लेबाज नाकाम रहे। इन दोनों अवसरों पर उसकी बल्लेबाजी स्पिन के सामने बिखर गई। अपने पहले मैच में 69 रन पर आउट होने के बाद निराश दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अच्छी वापसी की तथा न्यूजीलैंड, भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान पर करीबी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। स्पिन के खिलाफ उसके बल्लेबाजों का संघर्ष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम लीग खेल में फिर से सामने आया, जिसने उन्हें 24 ओवरों में सिर्फ 97 रन पर ढेर कर दिया। इंग्लैंड एक बार फिर उसकी इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को रोकने के लिए न केवल अपनी ऑलराउंड ताकत पर बल्कि अपनी स्पिन तिकड़ी सोफी एक्लेस्टोन, लिंसे स्मिथ और चार्ली डीन पर भी निर्भर करेगा।

तेज गेंदबाज लॉरेन बेल को शुरू में दबाव बनाना होगा, जबकि एलिस कैप्सी अच्छी लय में हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक पांच विकेट लिए हैं। इंग्लैंड इस मुकाबले में आत्मविश्वास के साथ उतरेगा, क्योंकि उसने इसी मैदान पर अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया था। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने अब तक सात मैचों में 50.16 की औसत से 301 रन बनाए हैं, लेकिन उनको छोड़कर टीम के अन्य बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इंदौर में भारत के खिलाफ 101 रन की पारी खेलने वाली ताजमिन ब्रिट्स उसके बाद से तीन बार शून्य पर आउट हुई हैं। उन्होंने विश्व कप से पहले लगातार तीन शतक लगाए थे और दक्षिण अफ्रीका को उनसे इस महत्वपूर्ण मुकाबले में ठोस शुरुआत देने की उम्मीद होगी। सुने लुस (157 रन) और मारिज़ान काप (162 रन) भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं, जिससे टीम की बल्लेबाजी की समस्या और बढ़ गई है। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो भारत से घरेलू श्रृंखला गंवाने के बाद उसकी टीम ने अच्छी वापसी की है। उसे लीग चरण में केवल ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा तथा वह 11 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा |कुछ ऐसे अवसर भी आए जब इंग्लैंड की टीम लड़खड़ाती हुई नजर आई और दबाव की परिस्थितियों में उसकी बल्लेबाजी की कमजोरी उजागर हुई। (अनंत ज्ञान)

**प्रो-कबड्डी लीग** पीकेएल-12 (क्वालीफायर-1): मुकाबला 34-34 से बराबर रहने के बाद फैसला टाईब्रेकर से हुआ

## फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी दिल्ली

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दबंग** दिल्ली प्रो-कबड्डी लीग के 12वें सीजन की पहली फाइनलिस्ट टीम बन गई है। त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के क्वालीफायर-1 मुकाबले में दिल्ली ने टाईब्रेकर में पुनेरी पल्टन को 6-4 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया।

निर्धारित समय तक मुकाबला 34-34 से बराबर रहने के बाद फैसला टाईब्रेकर से हुआ। इस सीजन में इन दो टीमों के बीच यह तीसरा टाईब्रेकर था, जिसमें दिल्ली ने दो बार बाजी मारी। निर्धारित समय के खेल की बात की जाए तो दिल्ली ने रेड और डिफेंस से दो-दो अंक लेकर पांच मिनट में ही 4-1 की लीड ले ली।

इस बीच डू ओर डाई रेड पर डिफेंस ने पंकज को लपक लिया, लेकिन पल्टन के डिफेंस ने आशु को लपक लिया, लेकिन इस दौरान पल्टन के दो डिफेंडर भी सेल्फ आउट हुए। इस रेड पर दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले और पल्टन के लिए सुपर टैकल आन हो गया। पल्टन ने दूसरे सुपर टैकल के जरिए पहले क्वार्टर की समाप्ति तक स्कोर 6-7 कर दिया। ब्रेक के बाद दिल्ली के डिफेंस ने आदित्य को लपक पल्टन के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। आशू की रेड पर विशाल सेल्फ आउट हुए और पल्टन दो खिलाड़ियों तक सीमित हुए। फिर आशू ने एक ही रेड में ऑलआउट लेकर दिल्ली को 13-6 से आगे कर दिया। आलइन के बाद आदित्य ने आशु को बाहर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। फिर पंकज ने सौरव और फजल को बाहर कर स्कोर 11-15 कर दिल्ली को बैकफुट पर ला दिया। पल्टन ने यहां ऑलआउट लेकर शानदार वापसी की। हाफटाइम तक दिल्ली 18-17 से आगे थे, लेकिन पल्टन ने जल्द बराबरी कर ली। आशु ने हालांकि डू ओर डाई रेड में अबिनेश कर दिल्ली को फिर आगे कर दिया।

आशु ने अगली रेड पर एक अंक लिया लेकिन वह चोटिल हो गए। पल्टन ने फिर स्कोर 20-20 कर दिया, लेकिन आदित्य ने सुपर रेड के साथ दिल्ली को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया और फिर ऑलआउट लेते हुए तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक 28-23 की लीड ले ली। चौथे क्वार्टर की शुरुआत आदित्य ने मल्टीप्वांटर के साथ किया लेकिन नीरज ने सुपर रेड के साथ दिल्ली को पल्टन के करीब ला दिया। फिर गौरव के सेल्फ आउट होने के बाद पल्टन के लिए सुपर टैकल आन हो गया। इस बीच आदित्य और असलम ने बोनस ले फासला 5 का कर दिया लेकिन नीरज ने विशाल को आउट कर पल्टन को दो खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया। इस बीच असलम की रेड पर दोनों टीमों को अंक मिला लेकिन फिर दिल्ली ने आलआउट लेकर स्कोर 33-34 कर दिया। अब 1.37 मिनट बचे थे। अगली रेड पर आदित्य को लपक दिल्ली ने स्कोर बराबर कर मुकाबले को टाईब्रेकर में पहुंचा दिया। यह इस सीजन में दोनों टीमों के बीच तीसरा टाईब्रेकर था और दिल्ली ने दूसरी बार जीत के साथ 31 अक्तूबर को होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए स्थान सुरक्षित कर लिया है, जबकि पल्टन को अब तेलुगू टाइटंस और पटना पाइरेट्स के बीच होने वाले एलिमिनेटर-3 मुकाबले के विजेता से क्वालीफायर-2 में भिड़ना होगा। इस लिहाज से पल्टन के पास फाइनल में जाने का अब भी मौका है। (अनंत ज्ञान)

## अंडर-23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में सुजीत ने भारत को दिलाया पहला गोल्ड

**एजेंसी, नोवी साद**



**सर्बिया** के नोवी साद में चल रही अंडर-23 सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के सुजीत ने 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। वहीं, पिछली बार उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से संतुष्ट होना पड़ा था। सुजीत दो बार अंडर-23 खिताब एशियाई खिताब (2022, 2025) अपने नाम कर चुके हैं। यह इस टूर्नामेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है।

हालांकि, महिलाओं ने 5 ब्रॉन्ज और 2 सिल्वर मेडल जीते। फाइनल में तकनीकी श्रेष्ठता से जीते सुजीत ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने उज्बेकिस्तान के पहलवान को 10-0 के अंतर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

इससे पहले, पहले दौर में उन्होंने मोल्दोवा के पहलवान फियोडोर चेवदारी को 12-2 से मात दी। दूसरे दौर में पोलैंड के पहलवान डोमीनिक जैकब पर 11-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से आसान जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में सुजीत को बशीर मागोमेदोव से कड़ी चुनौती का सामना किया, लेकिन 4-2 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचे। सेमीफाइनल में उन्होंने जापान के पहलवान युतो निशियुची को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। महिला टीम बनी ओवर ऑल चैंपियन इससे पहले भारतीय महिला टीम ने इसी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 ब्रॉन्ज और 2 सिल्वर मेडल जीते थे। टीम ओवर ऑल चैंपियनशिप खिताब अपने नाम किया। मेंस में केवल सुजीत को ही मेडल मिला मेंस में भारत को केवल एक मेडल से संतुष्ट करना पड़ा। सुजीत ही गोल्ड जीतने में सफल हुए। वहीं, उनके अलावा दो भारतीय पहलवान ब्रॉन्ज मेडल बाउट तक पहुंचे, पर वे जीत हासिल नहीं कर सके। (अनंत ज्ञान)